वर्ष : 17 अंक : 234 लखनऊ बुधवार, 3 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00° |
| न्यूनतम | : | 26:00° |



मृणाल का अनुष्का पर तंज! 10

भारत रूस और चीन का मेल... 6 | कजाकिस्तान को हराकर अब भारत की... 10 | डेडलाइन वाले ट्रेड डील पर हम वार्ता... 12

## एक्ट्रेस रान्या राव पर 102 करोड़ रुपये का जुर्माना



**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म एक्ट्रेस रान्या राव पर सोने की तस्करी मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस 102 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, सह-आरोपी तरुण कोंदराजु पर 63 करोड़ रुपए और ज्वैलर्स साहिल सकरिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को डीआरआई अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और प्रत्येक आरोपी को 250 पेज का नोटिस और 2,500 पेज का एनेक्सचर दिया। डीआरआई सूत्र ने बताया, "11,000 पेज की डॉक्यूमेंटेशन तैयार करना बहुत मेहनत वाला काम था।" रान्या राव को 3 मार्च को दुबई से लौटते समय सोने के साथ पकड़ा गया था। उनको जुलाई में एक साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम के तहत सुनाई गई थी।

मंगलवार को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई 11 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। बता दें कि जब जुलाई के महीने रान्या को सजा सुनाई गई थी, उन्हें सजा की पूरी अवधि के दौरान जमानत का अधिकार नहीं दिया था।

# उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का होगा गठन

## आउटसोर्सिंग होगी अधिक पारदर्शी, कर्मचारियों को मिलेगा पूरा मानदेय, पीएफ और ईएसआई खातों में सीधे जाएगा पैसा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में आउटसोर्सिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है। इस निर्णय के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक कर्मचारी को उसका पूरा हक मिले और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा।



लोकभवन, लखनऊ में कैबिनेट की बैठक करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन, लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था।

### निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को दी मंजूरी

उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर निर्यात हब बनाने की दिशा में योगी कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दे दी है। नई नीति में 2020-25 की निर्यात नीति में सुधार करते हुए डिजिटल तकनीकी, अवसंरचना विकास, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण और बीमा, बाजार विस्तार, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पंजीकृत निर्यातकों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि करना और सभी जनपदों को निर्यात गतिविधियों से जोड़कर क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश का निर्यात न केवल गुणात्मक रूप से बढ़ेगा बल्कि उत्तर प्रदेश को एक सशक्त ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय

योगी कैबिनेट ने शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट की शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत किया जाएगा। वर्तमान में ट्रस्ट के अंतर्गत 5 संस्थान संचालित हैं—स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय, श्री दैवी सम्पद ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय, श्री धर्मानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज और श्री शंकर मुमुक्ष विद्यापीठ। विश्वविद्यालय बनने के बाद इनका संचालन विश्वविद्यालय करेगा। जिलाधिकारी शाहजहांपुर की रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के पास कुल 21.01 एकड़ भूमि है, जिसमें से लगभग 20 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय को मिलेगी। पहले चरण में उच्च शिक्षा विभाग और मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के बीच एमओयू होगा।

### कानपुर और लखनऊ में नेट कॉस्ट कॉन्ट्रेक्ट पर ई-बसें

**लखनऊ।** नगरीय परिवहन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। योगी कैबिनेट ने जनपद लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि अभी तक प्रदेश के 15 नगर निगमों में 743 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, जिनमें से 700 बसें ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर हैं। इस योजना के अंतर्गत लखनऊ और कानपुर नगर समेत आस-पास के कस्बों में 10-10 रूटों पर 9 मीटर लंबी एसी ई-बसें चलाई जाएंगी। प्रत्येक रूट पर कम से कम 10 बसें अनिवार्य होंगी।

## राइफल से अपने सीने में कौन मार सकता है गोली

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान पुलिस से कड़ा सवाल पूछा। कोर्ट ने पूछा कि क्या कोई व्यक्ति राइफल से अपने सीने में गोली मार सकता है? शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश से पुलिस से यह सवाल पूछा है। यह मामला मौत के मामले को सुसाइड की तरह पेश करने से जुड़ा हुआ है। अदालत ने यह भी पूछा कि क्या क्या सभी एंगल पर जांच हो चुकी है? क्या यह एंगल भी देखा जा चुका है कहीं यह मामला मर्डर का तो नहीं है?

जस्टिस मनोज मिश्रा और उज्जल भुयान की बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारी समझ से यह जांच का विषय है कि क्या कोई व्यक्ति अपने सीने में राइफल से गोली मारने में सक्षम है? अभियोजन पक्ष के अनुसार, ऐसा प्रतीत हुआ कि मृतक ने राइफल से अपनी छाती में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस पर, हाई कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आरोपी-प्रतिवादी नंबर 2 को अग्रिम जमानत दे दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट को इस बात पर संदेह था कि क्या कोई व्यक्ति राइफल से अपनी छाती में खुद को गोली मार सकता है। इसलिए उसने राज्य के हलफनामे, मृतक की ऑटोप्सी रिपोर्ट और जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को तलब किया। अदालत ने कहा कि हलफनामे में राइफल की जब्ती और उसकी लंबाई के बारे में जानकारी का खुलासा होना चाहिए।

## ट्रंप के टैरिफ दबाव के बीच रूस ने तेल किया और सस्ता

**मास्को। एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार भारत को टैरिफ की धमकियां दे रहे हैं, लेकिन भारत ट्रंप की इन धमकियों को अनदेखा कर रूस से तेल खरीद जारी रखे हुए है। खबरों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों के लिए रूसी कच्चा तेल अब और सस्ता हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने भारत को दिए जाने वाले तेल पर छूट को बढ़ाकर 3-4 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है। पिछले सप्ताह यह छूट 2.50 डॉलर थी, जबकि जुलाई में 1 डॉलर प्रति बैरल थी। सितंबर और अक्टूबर में भारत को भेजे जाने वाले तेल पर ये नई दरें लागू होंगी।



» 'भारी छूट' से अमेरिका को लगेगी मिर्ची

ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह भारत पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया, ताकि रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए भारत को सजा दी जा सके। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से नई दिल्ली रूसी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है। वाशिंगटन की बार-बार आलोचना के बावजूद, भारत मॉस्को और बीजिंग के करीब आ रहा है। शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत और रूस के बीच 'विशेष' संबंध हैं।

# यह गाली सिर्फ मेरी मां को नहीं, देश की हर मां का अपमान

## पीएम बोले- कांग्रेस-राजद ने मेरी मां को गाली दी, ये लोग जहां मिलें विरोध करें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना।** बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी को मां को गाली दी गई थी। 7वें दिन पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा- बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। पीएम ने कहा-इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं।



प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे। 36 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा, 'मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था।' पीएम ने कहा कि मुझे आज इस बात की पीड़ा है। मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया था। हर मां चाहती है कि बेटा बड़ा हो। मेरे लिए कुछ करे। मेरी मां ने ऐसा नहीं सोचा। उन्होंने मुझे आपके लिए भेजा। उन्होंने कहा कि मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है। बिहार के ही संस्कार हैं। माई के स्थान देवता से भी ऊपर होवेला। काही के आपन बाल बच्चा खातिर ऊ कोनो देवी नियर पोल पास के बड़ा करेली...माई के बिना कोनो जिंदगी ना बनप सकेला।' पीएम मोदी ने कहा कि ये गालियां करोड़ों माताओं-बहनों को दी गईं। ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज इस पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं। ये नामदार लोग सोने-चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। गंदी नाली का कीड़ा, जहर वाला सांप, बिहार चुनाव में मुझे तू, तड़ाक कर के गाली देकर बोलते हैं। इनकी नामदार वाली सोच बार-बार उजागर होती है। इसी सोच से अब मेरी मां जिसका शरीर नहीं रहा। जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। अपने मंच से गालियां दिलवा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज से 20 दिन बाद नवरात्रि शुरू होगी, इसके बाद छठ मइया की पूजा होगी। छठ का पर्व मनाया जाएगा। भारत की धरती ने मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया है।

## अब एक और अमेरिकी जज ने ट्रम्प के फैसले को बताया गलत

**वाशिंगटन। एजेंसी** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले उनके ऊपर भारी पड़ते जा रहे हैं। इस बार अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों के इस्तेमाल को अवैध ठहराया है। जज चार्ल्स ब्रेयर ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में आव्रजन प्रवर्तन के विरोध में प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड सैनिकों के इस्तेमाल पर यह फैसला सुनाया। जज ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने आव्रजन कार्रवाई के दौरान संघीय एजेंटों के साथ सैनिकों को भेजकर संघीय कानून का उल्लंघन किया। हालांकि, वॉशिंगटन की अदालत में तैनात जज ने वहां से सैनिकों को वापस बुलाने का निर्देश नहीं दिया।



» नेशनल गार्ड सैनिकों का इस्तेमाल गलत

इस संबंध में दायर मुकदमे में कहा गया है कि गर्मियों के मौसम में लॉस एंजिल्स भेजे गए सैनिक उस कानून का उल्लंघन कर रहे हैं जो सेना द्वारा घरेलू कानूनों को लागू किए जाने पर रोक लगाता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के वकीलों ने दलील दी कि इस सिलसिले में पॉसे कॉमिटेटस अधिनियम लागू नहीं होता क्योंकि सैनिक संघीय अधिकारियों की रक्षा कर रहे थे।

# अब चमोली का नंदानगर जमीन में समाने लगा

## 34 परिवारों ने घर छोड़ा, बाजार खाली, जोशीमठ में दो साल पहले हुआ था भू-धंसाव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद अब चमोली जिले का नंदानगर घाट पूरी तरह जमींदोज होने की कगार पर है। पिछले हफ्ते हुई लगातार बारिश और भूस्खलन ने पूरे कस्बे की नींव हिला दी है। शुक्रवार देर रात हालात अचानक तेजी से बिगड़ने लगे हैं। देखते ही देखते 8 मकान ढह गए।

प्रशासन ने खतरा देखते हुए 34 परिवारों से घर खाली करवा दिए हैं। बाजार की 40 से दुकानों के भी ढहने का सीधा खतरा है। इसलिए इन व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें खाली कर दी हैं। कुछ ऐसा ही हाल जोशीमठ के घरों का भी था। जोशीमठ जनवरी 2023 में सुर्खियों में आया, जब अचानक लैंड स्लाइड की खबरें आने लगीं और 800 से ज्यादा घरों में मोटी-मोटी दरारें आ गईं। जोशीमठ से भी प्रशासन ने करीब



181 इमारतों को खाली करा दिया था। दरारों वाले 678 घरों को लाल निशान लगाकर रहने के लिए खतरनाक बताया था। नंदानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष नंदन सिंह बिष्ट कहते हैं- सबसे बड़ा डर उस विशाल चट्टान का है, जो बाजार के ठीक ऊपर से खिसक रही है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि अगर यह अगले कुछ दिनों में टूटी तो करीब 150 दुकानें मलबे में तब्दील हो जाएंगी। अगले 5 दिन रेड अलर्ट के हैं और चट्टान खिसकती दिख रही है।

1976 में उत्तराखंड के गढ़वाल कमिश्नर एमसी मिश्रा की कमेटी ने जोशीमठ को लेकर बड़ी चेतावनी दी थी। कमेटी ने जोशीमठ पर की गई स्टडी के बाद खुलासा किया कि ये इलाका हाई रिस्क जोन-5 में आता है।

## जरांगे ने की भूख हड़ताल खत्म, कहा- हम जीत गये

मुम्बई मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिवसीय भूख हड़ताल मंगलवार को खत्म कर दी। इसके बाद उन्होंने कहा, "हम जीत गए हैं। सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। यह भी कहा कि अगर सरकार आरक्षण की मांगों पर आदेश जारी कर देती है तो वह आज रात 9 बजे तक मुंबई छोड़ देंगे

उधर, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे को अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई।

कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जाएगी।

# एससी बोला- सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में संविधान की व्याख्या करेंगे

## किसी व्यक्तिगत मामले में नहीं, राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संविधान की व्याख्या सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में करेगा, किसी राज्य या व्यक्ति से जुड़े अलग-अलग मामलों में नहीं। कोर्ट ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाले मामले में की।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना या कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देंगे, तो केंद्र को भी जवाब दाखिल करना होगा। इस पर सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा- हम अलग-अलग राज्यों के मामलों पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि केवल संविधान की धाराओं को



देखेंगे। सुनवाई में सिंघवी ने कहा कि अगर विधानसभा किसी बिल को वापस नहीं भेजना चाहती तो वह अपने आप अस्वीकृत हो सकता है। अगर राज्यपाल बिल को विधानसभा को लौटाते ही नहीं हैं, तो अनुच्छेद 200 की प्रक्रिया ही रुक जाएगी।

दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

सीजेआई ने सिंघवी से पूछा कि अगर राज्यपाल बिल को रोक कर रखें और वापस विधानसभा को न भेजें तो क्या होगा? इस पर सिंघवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में बिल आगे नहीं बढ़ पाता और पहले के फैसलों के अनुसार वह 'फॉल थ्रू' मान लिया जाता है, जब तक कि अनुच्छेद 200 की पहली शर्त पूरी न हो।

अनुच्छेद 200 राज्यपाल को यह अधिकार देता है कि विधानसभा से पास बिल पर वह या तो मंजूरी दें, मंजूरी रोक लें, पुनर्विचार के लिए वापस भेजें या राष्ट्रपति के पास आरक्षित करें। पहली शर्त यह है कि अगर विधानसभा दोबारा विचार के बाद विधेयक वापस भेज दे, तो राज्यपाल को उसे मंजूरी देनी ही होगी।

सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका है कि अगर राज्यपाल अनिश्चित समय तक बिल रोक कर रखते हैं, तो 'जल्दी' शब्द का महत्व खत्म हो जाएगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने तर्क दिया था कि राज्य सरकारें इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकतीं, क्योंकि राष्ट्रपति और राज्यपाल के फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते।

## घुसपैठियों की खैर नहीं किये जायेंगे डिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों पर अब और सख्ती बरती जाएगी। गृह मंत्रालय ने 1 सितंबर से इमीग्रेशन एंड फॉरेनर एक्ट 2025 के नियम लागू कर दिया है। मंत्रालय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह बिल इसी साल अप्रैल 2025 में संसद से पारित हुआ था.

इस कानून के तहत ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन को व्यापक और संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। अब वह विदेशी नागरिकों की जांच-परख कर सकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों को सीधे डिपोर्ट करने का आदेश जारी कर सकेगा। इसके लिए वह संबंधित राज्यों के साथ समन्वय करेगा। कानून का एक अहम पहलू यह है कि जिन संस्थानों, चाहे वह होटल हो, शिक्षण संस्थान हो या अन्य प्रतिष्ठान में अवैध विदेशी नागरिकों की मौजूदगी पाई जाती है, उनका रजिस्ट्रेशन तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

# पुत्र मोह या कुछ और, भाई-बहन की लड़ाई में बेटी की 'सियासी बलि'

## केसीआर ने कहा-कविता का हालिया व्यवहार और पार्टी विरोधी गतिविधियां बीआरएस को पहुंचा रही हैं नुकसान

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह अब सार्वजनिक हो चुकी है। केसीआर ने अपनी बेटी के कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। कविता ने एक दिन पहले अपने चचेरे भाई और पूर्व मंत्री टी हरीश राव और पार्टी सांसद संतोष कुमार के खिलाफ बयान दिए थे। मई में कविता ने अपने भाई केटी रामाराव पर भी आरोप लगाए थे। बीआरएस ने एक्स पर पोस्ट किया कि पार्टी नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि कविता का हालिया व्यवहार और पार्टी विरोधी गतिविधियां बीआरएस को नुकसान पहुंचा रही हैं। अब सवाल उठता है कि क्या केसीआर ने पुत्र मोह में अपनी बेटी की सियासी बलि ले ली?

तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य के कविता पर पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में यह कार्रवाई हुई। बीआरएस के महासचिव टी अरविंद राव और सोमू भारत कुमार ने मंगलवार को कहा कि केसीआर ने कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने कविता के हालिया कार्यों और पार्टी विरोधी गतिविधियों से होने वाले नुकसान को गंभीरता से लिया है।

निलंबन का तात्कालिक कारण कविता द्वारा अपने चचेरे भाइयों टी हरीश राव और संतोष कुमार के खिलाफ हालिया बयान हैं। कविता ने सोमवार को हरीश राव, संतोष कुमार और पूर्व राज्यसभा सदस्य मेघा कृष्ण रेड्डी पर केसीआर की छवि खराब करने का आरोप लगाया। कविता ने कहा कि उनके



पिता को बदनाम करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ इनकी मौन सहमति है। रेवंत रेड्डी सरकार ने बीआरएस शासनकाल की कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया है।

कविता ने कहा कि बीआरएस कार्यकर्ताओं को सोचना चाहिए कि केसीआर पर भ्रष्टाचार का दाग क्यों लगा। केसीआर के कुछ करीबियों ने उनके नाम का दुरुपयोग कर लाभ उठाया, जिससे उनकी छवि खराब हुई। कविता ने कहा कि अगर ऐसे लोगों को प्रोत्साहन मिलता रहेगा, तो पार्टी कैसे आगे बढ़ेगी। उन्होंने हरीश राव, जो पांच साल तक सिंचाई मंत्री रहे, और संतोष कुमार को कालेश्वरम प्रकरण में केसीआर की बदनामी के लिए जिम्मेदार ठहराया। अगस्त में कविता को तेलंगाना बोग्गू गनी कार्मिक संघम के मानद अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कविता ने इसे राजनीतिक साजिश बताया। वह पार्टी के खिलाफ खुलकर बोलती रही हैं और आंतरिक मामलों पर सवाल उठाती रही हैं। खबरों के मुताबिक, इस साल कविता रक्षाबंधन समारोह में शामिल नहीं हुईं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपने भाई केटीआर को राखी बांधेंगी, तो उन्होंने हां कहा, लेकिन बाद में बताया कि केटीआर बेंगलुरु या हैदराबाद में नहीं थे। पिछले साल जमानत मिलने के बाद कविता ने अपनी राजनीतिक पारी दोबारा शुरू की और पार्टी के खिलाफ मुखर हो गईं। मई में उन्होंने केसीआर को छह पन्नों का पत्र लिखा, जो लीक हो गया।

### कौन हैं कविता?

केसीआर की बेटी और केटीआर की बहन के कविता का जन्म करीमनगर में हुआ। उन्होंने हैदराबाद में शिक्षा प्राप्त की और वीएनआरवीजेआईईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक, यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न मिसिसिपी से एमएस की डिग्री हासिल की। भारत लौटने के बाद वह तेलंगाना आंदोलन में सक्रिय रहीं। 2014 में वह निजामाबाद से टीआरएस (अब बीआरएस) की पहली महिला सांसद बनीं। 2019 में वह चुनाव हार गईं, लेकिन निजामाबाद से एमएलसी चुनी गईं।

## उत्तर भारत में बारिश से मची त्राहिमाम

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत के पूरे हिस्से में बारिश का कहर जारी है। दिल्ली, पंजाब से लेकर कश्मीर तक जल प्रलय देखने को मिल रहा है। जून से हो रही इस जानलेवा बारिश ने पूरे देश में हजारों लोगों की जिंदगी छीन ली है। कई इलाकों में बाढ़ का तांडव देखा जा रहा है। जिससे लाखों लोगों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से बादल फटने से आई सिलसिलेवार बाढ़ में कई लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य लापता हैं।

इस बीच, पंजाब में 29 लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं। दिल्ली और उससे सटे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है और अधिकारी और भी खतरों की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि आस-पास के बैराज लगातार पानी छोड़ रहे हैं।

## एक नजर

### धूमधाम के साथ मनाया गया बुढ़वा मंगल



**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बुढ़वा मंगल के अवसर पर हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान श्रद्धालुओं ने बालाजी के मंदिर में पहुंचकर माता टेक कर आशीर्वाद दिया है। नगर के तिर्वा रोड जीटी रोड चकोर रोड संतोषी माता मंदिर राम जानकी मंडपम तिर्वा रोड बजरंगबली मंदिर पर नगर के समाजसेवियों समितियां ने बुढ़वा मंगल के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें समिति के पदाधिकारी ने मंदिरों पर सजावट की और प्रसाद वितरण किया नगर के सर्विस रोड स्थित सती देवी मंदिर पर प्रमुख समाजसेवी अशोक गुप्ता पालिका अध्यक्ष मुन्नी गुप्ता में उनके प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी ने मंदिर को दुल्हन की बात सजा कर तिर्वा रोड पर भंडारे का आयोजन किया प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी राम जानकी मंडपम सहित नगर के सभी मंदिरों में समाजसेवियों द्वारा सजावट की गई इसी प्रकार जलालाबाद इंदिरा नगर ब्रह्मदेव मंदिर पर भी बुढ़वा मंगल के शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण पूजन हवन कन्या भोज का आयोजन किया गया है।

### 15 सितंबर तक भरे जाएंगे छात्र वृत्ति आवेदन



**गुरसहायगंज कन्नौज।** बीड़ी श्रमिकों के बच्चों के लिए केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय बीड़ी स्कॉलरशिप के आवेदन पत्र भरने की तिथि 15 सितंबर कर दी है अब विद्यालय में अध्यनरत छात्र एवं छात्राएं को इसका लाभ मिलेगा विद्यालयों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। यह जानकारी नगर के बीड़ी श्रमिक अस्पताल के डॉक्टर अजय कुमार ने दी उन्होंने बताया कि अभी तक नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों से 400 आवेदन पत्र ऑनलाइन कराया जा चुका है जिसमें से 150 आवेदन पत्र सत्यापित भी किए गए हैं 31 अगस्त तक आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि सरकार द्वारा निर्धारित की गई थी जिसको बढ़ाकर 15 सितंबर कर दिया गया है उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 65000 बीड़ी श्रमिकों के कार्ड बने हुए हैं जबकि वर्तमान समय में मात्र 10000 कार्ड एक्टिव दिखाई पड़ रहे हैं उन्होंने बताया कि उन छात्राओं को ही बीड़ी का वजीफा दिया जाएगा जिनके मां–बाप के नाम बीड़ी श्रमिक का कार्ड बना हुआ है उन्होंने बताया कि 1 से लेकर 12 तक छात्र एवं छात्राओं को बीड़ी वजीफा स्कॉलरशिप देने का सरकार का प्रावधान है मंगलवार को गांधीनगर स्थित एम एम एस इंटर कॉलेज में डॉ मुकेश गोला अमित कुमार नोडल अधिकारी डॉ अमीर हम्जा विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता शिक्षक दुर्ग विजय कंप्यूटर ऑपरेटर धनंजय यादव ने विद्यालय के छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर फारवर्ड कराए कक्षा 6 से लेकर 8 तक ₹1600, कक्षा 9 ,10 छात्र एवं छात्राओं को 2000 कक्षा 11 व 12 के छात्र एवं छात्राओं को ₹25 00 बीड़ी वजीफा देने का प्रावधान केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है उन्होंने बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाचार्य से लगातार संपर्क करके छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र ऑनलाइन भरवा जा रहे हैं।

### विजन 2047 को समर्पित होगा 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला




**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग में 11 दिवसीय 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला चार सितंबर सेप्रारम्भ होगा। विजन 2047 : विकसित भारत, विकसित प्रदेश' थीम को समर्पित इस पुस्तक मेले के चार सितंबरको शाम पांच बजे उद्घाटन के लिये राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सहमति दी है। पुस्तक मेले के निदेशक आकर्ष चंदेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि विजन 2047 की थीम युवाओं के लिए एकप्रेरणादायक आह्वान है। लगभग 75 हजार वर्ग फीट में फैले पुस्तक मेले का यह भव्य आयोजन 50 से अधिकप्रतिष्ठित प्रकाशकों के 120 से अधिक स्टॉलों के साथ एक विशाल विक्रय प्रदर्शनी के रूप में आकार लेगा।मेले मेंहजारों पुस्तकों की विविध श्रृंखला में हिंदी, अंग्रेज़ी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य, शैक्षणिक पुस्तरकं, बालसाहित्य प्रस्तकों का संग्रह उपलब्ध रहेगा। इस साल के पुस्तक मेले की खास झलक है Book2Screen Club, एकअनोखी पहल जो लेखकों, उनकी कल्पनाओं और उनकी किताबों से बनी क्लासिक फ़िल्मों को celebrate करतीहै। निशुल्क प्रवेश के साथ, यह मेला हर वर्ष पुस्तक प्रेमियों के लिए आकरषण का केंद्र होता है, जो साहित्य की दुनियामें खो जाने के लिए हर साल लौटते हैं। यह पुस्तक मेला सभी आयु वर्ग के लिए साहिृक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र होगा। मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने कहा, यह केवल पुस्तक मेला नहीं, यह ज्ञान और संस्कृति का उत्सव है। हमहर प्रकार के पाठकों की रुचियों को ध्यान में रखते हुए विविध प्रकाशनों को एकत्र कर रहे हं। हम सभी से अनुरोधकरते हैं कि इस समृद्ध आनुभव का हिस्सा बनें। मेले के लेखक सत्र और पैनल चर्चा में प्रख्यात और नवोदितलेखकों के साथ विचार–विमर्श होगा। साहित्यिक कार्यक्रमों में पारंपरिक कवि सम्मेलन, मुशायरा और पुस्तकों केविमोचन के साथ बच्चों का कोना बाल पाठकों के लिये कहानी सत्र और प्रतियोगिताएँ होंगी। रोज सुबह 11 बजे सेरात नौ बजे तक जारी इस मेले में खरीदी गई हर पुस्तक पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। एक विशेषकोना युवाओं के लिए भी होगा। इस अवसर पर उपस्थित टीपी हवेलिया ने पिछले मेलों की उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेलाएक वार्षिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य पठन संस्कृति को बढ़ावा देना और प्रकाशकों व लेखकों को अपने कार्योंको प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। वर्षों से यह उत्तर भारत के सबसे प्रतीक्षित साहित्किआयोजनों में से एक है। पुस्तक मेले के सहयोगी संस्थान यूपी मेट्रो, रेडियोसिटी, ओरिजिंस, किरण फाउंडेशन, ज्वाइन हैंडस फाउंडेशनलोकआंगन और विश्वम फाउंडेशन हैं।

# पर्यटन मंत्री ने की दीपोत्सव व देव दीपावली के भव्य आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति श्री जयवीर सिंह ने आगामी दीपोत्सव एवं देव दीपावली को आकर्षक एवं भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए आज पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव एवं देव दीपावली के आयोजन में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की भूमिका खास होनी चाहिए।

जयवीर सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा पर्व की महत्ता को देखते हुए किसी प्रकार की कमी न रहे, यह अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य श्री मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव संस्कृति श्री संजय कुमार सिंह, विशेष सचिव पर्यटन श्री ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार श्री जेपी सिंह के अलावा प्रीती श्रीवास्तव, अंजू चौधरी आदि उपस्थित थे।

# गोरखा सैनिकों की वीरगाथा को संजोएगी योगी सरकार

» 4 सितंबर को सीएम योगी व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ करेंगे म्यूज़ियम का शिलान्यास

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गोरखपुर।** मां भारती की आन, बान व शान में सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा रखने वाले गोरखा सैनिकों की वीरगाथा को संजोने के लिए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। इसके तहत प्रदेश का संस्कृति विभाग गोरखा रेजिमेंट के गोरखा भर्ती डिपो (जीआरडी) गोरखपुर में स्थित गोरखा युद्ध स्मारक का सौंदर्यीकरण कराने के साथ यहां एक भव्य संग्रहालय (म्यूजियम) बनवाने जा रहा है। इसका शिलान्यास 4 सितंबर (गुरुवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के हाथों होने जा रहा है।

जनता पहली बार देख और जान सकेगी गोरखा रणबाकुरों की कहानी

उल्लेखनीय है कि आम जनता के अवलोकनार्थ बनने वाला यह गोरखा रेजिमेंट का पहला संग्रहालय होगा। इस तरह देश विदेश में अपने शौर्य से खास पहचान बनाने वाले गोरखा रणबाकुरों की कहानी से आम लोग पहली बार रूबरू हो सकेंगे। उस तरह का यह देश का पहला संग्रहालय होगा।

गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण और संग्रहालय निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश जलनिगम नगरीय की सीएंडडीएस यूनिट 42 का चयन किया गया है। स्मारक के सौंदर्यीकरण और संग्रहालय के निर्माण पर 44 करोड़ 73 लाख 37 हजार रुपये की लागत आएगी। इसके तहत संग्रहालय, टॉयलेट ब्लॉक, टिकट काउंटर, वर्तमान भवन का जीर्णोद्धार, वाटर बॉडी, चहारदीवारी, लिफ्ट आदि का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा लाइट एंड साउंड शो, सेवन डी थिएटर, म्यूरल पेंटिंग आदि की व्यवस्थाएं भी रहेंगी।

गोरखा सैनिक भारतीय सेना में अपने विशेष युद्ध कौशल के लिए विख्यात हैं। ब्रिटिश काल से लेकर अब तक भारतीय सेना में गोरखा जवानों ने 2700 से अधिक वीरता पुरस्कार प्राप्त किए हैं। गोरखा जवानों ने प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। देश के आजाद होने के बाद गोरखा सैनिकों ने युद्ध के साथ ही शांति अभियानों में अतुलनीय भूमिका का निर्वहन किया है। वर्तमान समय में करीब 40000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगमों में चला 12 घंटे का स्पेशल ऑपरेशन

» नागरिक सुविधाओं और लोगों को जानकारी देने के लिए चलाया गया अभियान

» स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई पहल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और जन-जागरूकता के लिए 12 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई। यह अभियान न केवल लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सफल रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है। विभिन्न शहरों की मुख्य उपलब्धियां इस प्रकार हैं :

लखनऊ नगर निगम ने सभी आठ जोनों में 32 कर वसूली और शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में तत्काल कर संग्रह की व्यवस्था की गई और वॉर रूम से निगरानी की गई। अपर नगर आयुक्त और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में 1,365 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया और एक दिन में 2.30 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ।

गोरखपुर नगर निगम ने वेंडिंग जोन और बाजार क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया।

वाराणसी में नगर निगम की टीम ने भरत मिलाप कॉलोनी और महेश नगर कॉलोनी के 86 घरों में कचरा पृथक्करण को बढ़ावा दिया। घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने के परिणामस्वरूप अब अधिकांश घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डाला जा रहा है, जिसे नगर निगम की गाड़ियों से ले जाया जाता है।

मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने मछली फाटक के 15 साल पुराने कूड़ा ढलाव घर को पूरी तरह हटाकर उसका सौंदर्यीकरण किया गया, जिससे यह पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक बन गया। राधा अष्टमी के अवसर पर अहिल्या बाई पार्क और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों को कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

गाजियाबाद नगर निगम ने भारी बारिश के दौरान मोहन नगर, शालीमार गार्डन और मोहन नगर बस स्टैंड में जलभराव की समस्या को हल करने के लिए जलकल, स्वास्थ्य और निर्माण विभागों की संयुक्त कार्रवाई की। 20 साल पुराने नालों और पाइपलाइनों की सफाई कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों ने संतुष्टि जताई।

अयोध्या को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से 20 इलेक्ट्रॉनिक हॉपर टिपर प्राप्त हुए, जिससे स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को गति मिलेगी। प्रत्येक वार्ड में एक टिपर उपलब्ध होगा, जिसे जीपीएस और रूट मैप के साथ संचालित किया जाएगा।

शाहजहांपुर नगर निगम ने निगोही रोड पर वर्षों पुराने 150 टन गीले कचरे के ढेर को ट्रीटमेंट प्लांट भेजकर निस्तारित किया। इससे लंबे समय से चल रही एक पुरानी समस्या का समाधान हुआ।

# रबी-उल-अव्वल सपा मुखिया की ओर से सूफी संतों को माजिद सिद्दीकी भेंट करेंगे चादर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से रबी-उल-अव्वल के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध पिरान कलियर शरीफ दरगाह, उत्तराखण्ड, रुड़की संत अलाउद्दीन अली अहमद साबरी के दरगाह पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री माजिद सिद्दिकी मुजफ्फरनगर, सूफी कमाल उद्दीन खुशहाल साहब, हाजी अकील साबरी सम्भल आदि सूफी संतों के साथ चादर भेंट करेंगे।

इस अवसर पर सर्वश्री कादिर राणा पूर्व सांसद, अब्दुल्ला राणा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अरशद राही समाज सेवी, साजिद हसन मीडिया प्रभारी, अंसार आणती पूर्व महानगर अध्यक्ष, ज़फर इकबाल समाजसेवी, उमैर सिद्दीकी उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, समीर सिद्दीकी एवं फैसल सिद्दीकी, अरशद सिकंदर एवं रफी खैरी मीर, दानिश सिद्दीकी आदि उपस्थित रहेंगें।

# दलहन-तिलहन के नि :शुल्क बीज मिनीकिट के लिए किसान 25 सितंबर तक करें आवेदन

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अन्नदाता किसानों के हित में इस वर्ष भी बड़ा निर्णय लिया है। योगी सरकार रबी 2025-26 के लिए निःशुल्क दलहनी-तिलहनी बीज मिनीकिट वितरित करेगी। इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसान 25 सितंबर तक बुकिंग व आवेदन कर सकेंगे। लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से होगा। योगी सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण व प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को रबी 2025-26 में दलहनी फसलें चना (16 किग्रा), मटर (20 किग्रा). व मसूर (8 किग्रा) के बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं तिलहन फसल के अंतर्गत सरसों (2 किग्रा) का बीज मिनीकिट भी दिया जाएगा।

# श्री जंगलेश्वर जूनियर हाई स्कूल मरोदा की प्रबंध समिति का चुनाव हुआ संपन्न





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में आज रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंदिरा नगर में एक विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ. इस चुनाव में चुनाव अधिकारी अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई. जिसमें संरक्षक के पद पर उमेश कुमार सिंह .अध्यक्ष पद के लिए अनूप कुमार सिंह. उपाध्यक्ष पद पर यशराज सिंह. प्रबंधक सुमन सिंह .मंत्री पद पर रमेश सिंह .अतुल सिंह कोषाध्यक्ष के लिए चुने गए ।

यह चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई. चुनाव अधिकारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया हमारी मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांति तरीके से संपन्न हुई है, जिसमें सभी सदस्य और पदाधिकारी चुने गए हैं सभी को शुभकामनाएं दिया।

# पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ व कानपुर नगर में होगा शुभारंभ

## प्रदेश में ई-बस संचालन को नई दिशा

» आम नागरिकों को आधुनिक, आरामदायक और प्रदूषण रहित यात्रा सुविधा का मिलेगा लाभ : एके शर्मा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार जनहित को केंद्र में रखकर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक नगरीय परिवहन व्यवस्था की दिशा में बड़े और ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज कैबिनेट बैठक के उपरांत जानकारी दी कि प्रदेश में नेट कास्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) मॉडल पर आधारित इलेक्ट्रिक बसों का शीघ्र संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना का पायलट प्रोजेक्ट जनपद कानपुर नगर, लखनऊ एवं उनके समीपवर्ती प्रमुख कस्बों में लागू किया जाएगा।

मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत निजी ऑपरेटरों द्वारा लखनऊ एवं कानपुर नगर में 10-10 मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। प्रत्येक चयनित निजी ऑपरेटर को अपने निर्धारित मार्गों पर ही बस संचालन की अनुमति होगी और उस रूट पर किसी अन्य निजी ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की जाएगी। यह व्यवस्था व्यवस्थित संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।उन्होंने बताया कि इस अनुबंध की अवधि वाणिज्यिक संचालन तिथि से 12 वर्ष की होगी। इस अवधि में चयनित निजी बस ऑपरेटर ही बसों की खरीद, निर्माण, आपूर्ति, अनुरक्षण (मेंटेनेंस) एवं अन्य अवसंरचना की स्थापना करेंगे। इसके अतिरिक्त किराया संग्रहण की संपूर्ण जिम्मेदारी भी निजी ऑपरेटर की होगी।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस मॉडल में किराया एवं टैरिफ शुल्क निर्धारण की जिम्मेदारी सरकार की होगी। यह दरें समझौते की शर्तों के अनुरूप तय की जाएंगी ताकि यात्रियों को सुविधाजनक एवं किफायती परिवहन उपलब्ध हो सके। साथ ही परिवहन विभाग एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीओ/आरटीए) से आवश्यक रूट लाइसेंस प्राप्त कर निजी ऑपरेटरों को विशिष्ट मार्गों पर बसें संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कदम केवल एक परिवहन व्यवस्था का विस्तार नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं जनहित से जुड़ी एक क्रांतिकारी पहल है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से जहां आम नागरिकों को आधुनिक, आरामदायक और प्रदूषण रहित यात्रा सुविधा मिलेगी।

# कांग्रेस-आरजेडी के मंच से पीएम की माताजी को गाली देना घोर निंदनीय : बेबी रानी मौर्य

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश की बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री श्रीमती बेबीरानी मौर्य ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की तथाकथित वोट अधिकार यात्रा में बिहार के दरभंगा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दिवंगत पूज्य माताजी को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है। वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुँची है। यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती से बिहार की संस्कृति का अनादर भी है।

श्रीमती बेबी रानी मौर्या ने प्रश्न किया कि क्या राहुल गाँधी तू-तड़ाक की भाषा का प्रयोग करके और अपने मंच से ऐसी गालियों को प्रोत्साहित करके, देश की मातृशक्ति को अपमानित करके अपना राजनैतिक स्वार्थ साधना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि यह केवल देश के प्रधानमंत्री की पूज्य माताजी को गाली नहीं दी गई है, बल्कि यह गरीबी में मेहनत की पराकाष्ठा कर, अथक परिश्रम कर अपने बच्चों को पालने वाली, उन्हें अच्छा संस्कार देने वाली हर माँ का अपमान है। बिहार और भारत की महान संस्कृति क्या इसकी इजाजत देती है? क्या ऐसे बयानों का कहीं से भी समर्थन किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि आज हर माँ का हृदय व्यथित है, द्रवित है, आक्रोशित है। राहुल गाँधी का अहंकार देखिये कि 28 अगस्त 2025 को राहुल गाँधी के मंच से देश के हर माँ को गाली दी गई लेकिन न तो राहुल गाँधी ने, न तेजस्वी यादव ने और न ही इंडी ठगबंधन के किसी भी नेता ने इसके लिए माफी माँगी। इतना ही नहीं, आयोजकों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

श्रीमती मौर्य ने कहा कि ये दिखाता है कि राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव की मानसिकता कितनी ओछी हो गई है। क्या देश की हर माता-बहनों को इसके लिए भी सड़क पर उतरना पड़ेगा। ये देश को किस तरफ ले जाना चाहते हैं? कांग्रेस-आरजेडी ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को बदनाम किया है। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव को इस कुकृत्य के लिए अविलंब माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव सहित इंडी ठगबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि एक गरीब माँ का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बिठाया हुआ है। जिन पूज्य माताजी ने संघर्ष कर और परिश्रम की पराकाष्ठा कर गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत किया, उन पुण्यात्मा के शतायु होकर देवलोकगमन के बाद उनका इस तरह से कांग्रेस-आरजेडी द्वारा सार्वजानिक मंच से अपमान किया जाना देश की महान संस्कृति और भारत की महान परंपरा में कहीं से भी स्वीकार्य नहीं किया जा सकता।

**बैठक** भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए व्यापार संगठन के अध्यक्षों, स्वय सेवी संगठनों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक

# छह माह से चलाये जा रहे अभियान में काफी सफलता : जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के द्वितीय चरण में लखनऊ शहर के बाजारों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने हेतु व्यापार संगठनों के अध्यक्षों, स्वय सेवी संगठनों और भिक्षावृत्ति अभियान की टीमों के अधिकारियों/नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त समस्त व्यापार मंडलों के अध्यक्षों को अवगत कराया गया कि जिला प्रशासन द्वारा बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए 6 माह से अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें काफी सफलता भी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए शहर के 19 मुख्य चौराहों हजरतगंज, सिकंदरबाग, बर्लिंगटन चौराहा, हुसैनगंज, चारबाग, अवध चौराहा, आलमबाग, फीनिक्स माल, इन्दिरागांधी प्रातिष्ठान/पॉलीटेक्निक, अलीगंज/ कपूरथला, इन्जीनियरिंग कॉलेज/ टेढ़ीपुलिया चौराहा, अर्जुनगंज, तेलीबाग, भूतनाथ, लालबत्ती, बंदरियाबाग पर AHQ, नगर निगम, प्रोबेशन कार्यालय की संयुक्त टीम लगाकर सिग्नल्स पर भिक्षावृत्ति करने वालों की सतत निगरानी करते हुए बच्चों को रेस्क्यू कर के उनको बाल सेवा योजना का लाभ दिलाते हुए उनके विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराए जा रहे है। साथ ही भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों की काउंसलिंग करके उनको सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करते हुए उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है।




बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त अभियान के द्वितीय चरण में यह अभियान शहर के 10 प्रमुख बाजारों में चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया द्वितीय चरण में शहर के चौराहों के साथ साथ चिन्हित 10 मुख्य बाजारों में भी प्रभावी रूप से निगरानी करते हुए, बच्चों को रेस्क्यू करने की कार्यवाही की जाएगी। जिसके दृष्टिगत सभी टीमों के द्वारा अलग अलग मार्केटों में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से समन्वय करते हुए निगरानी की जाएगी और भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित करने वाले पर विधिक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों से प्रत्येक बाजार में एक निगरानी समिति की स्थापना करने हेतु अनुरोध किया गया, ताकि बाजार की निगरानी समिति के द्वारा टीमों से समन्वय करते हुए भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाना सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में आमजन को भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित न करने के लिए जागरूकता अभियान भी शुरू किया जा रहा है। जिसमें उन्हें भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने द्वितीय चरण के अभियान की रूप रेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत अगले सप्ताह से की जाएगी, जिसके लिए 10 मुख्य बाजारों को चिन्हित किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एडीसीपी ट्रैफिक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, सिविल डिफेंस, विभिन्न व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं स्वय सेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# लखनऊ में अपनी सरकार के खिलाफ ABVP का प्रदर्शन

## गाड़ियों पर चढ़े, नारे लगाए- होश में आओ, रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के बाद छात्रों में आक्रोश






**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के बाद छात्रों में आक्रोश है। लखनऊ विश्वविद्यालय और विधानसभा के बाहर एबीवीपी छात्रों ने योगी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान 'संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद' के नारे लगाए।

छात्रों का आरोप है कि रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में पुलिस के बीच गुंडे घुसे थे। पहले उन्होंने मारा। उनका जब छात्रों ने विरोध किया तो पुलिस ने जानलेवा हमला कर दिया। छात्रों ने कहा कि लंबे समय से विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। वहां पर लॉ की डिग्री की मानता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट के साथ धोखा किया गया है।

2022 में विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में जानकारी जब ली गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। अगर इन सब मामलों पर शाम तक रिपोर्ट नहीं आती है तो प्रदर्शन और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन करते हुए कई छात्र पुलिस की गाड़ियों पर चढ़ गए। इसके बाद पुलिस उन्हें वहां से खींचकर इको गार्डन ले गई।

श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (SRMU) में लॉ डिग्री की मान्यता और छात्रों के सस्पेंशन को लेकर ABVP कार्यकर्ता कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे। सोमवार को छात्रों ने संबद्धता और अनियमितताओं पर सवाल उठाए तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें दर्जनभर से ज्यादा छात्र घायल हो गए। कुछ छात्रों को गंभीर चोटें आई। इसके

### 'पुलिस ने छात्रों पर जानलेवा हमला किया'

ABVP के एक कार्यकर्ता ने बताया कि पुलिस ने बेहद निर्ममता के साथ लाठीचार्ज किया था। आप वीडियो देखेंगे तो पता चलेगा कि सुप्रीम कोर्ट के रूल्स का खुलेआम उल्लंघन किया गया। पहले छात्रों को गिराया गया। उसके बाद कमर से ऊपर लाठी चार्ज किया गया। पुलिस ने एक तरह से जानलेवा हमला किया। अगर हमें इंसाफ नहीं मिला तो कार्यकर्ता फिर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### ABVP के साथ आने का NSUI का ऐलान- ईंट से ईंट बजा देंगे



केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में एबीवीपी के छात्रों से मुलाकात करने के बाद एनएसयूआई अध्यक्ष अनस रहमान ने कहा कि हम इस लाठीचार्ज की निंदा करते हैं। ABVP के बच्चों ने बताया कि उनके ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी बरसाई गई। इस लाठी चार्ज में महिलाओं और छात्राओं को भी नहीं छोड़ा गया। एबीवीपी के जिन छात्रों ने पुलिस प्रशासन के दमन के खिलाफ आवाज उठाई हम उनके साथ खड़े हैं। हम एबीवीपी के कहने पर सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे और महाआंदोलन करेंगे।

### आरोप- पुलिस के बीच गुंडों ने घुसकर छात्रों को मारा

रविवार की घटना में घायल प्रत्यूष पांडेय ने बताया कि ABVP के लखनऊ महानगर इकाई की तरफ से श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में डिग्री की मान्यता और छात्रों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर ABVP ने कल प्रदर्शन किया था। शांतिपूर्वक प्रदर्शन चल रहा था, इस बीच बाराबंकी के स्थानीय CO मौके पर पहुंचे। तो हालत बेकाबू हो गए उनके साथ कुछ स्थानीय गुंडे और अराजक तत्व भीड़ में घुसकर गाली गलौच शुरू कर देते हैं। यहां तक कि पुलिस वालों से लाठियां छीनकर उन गुंडों ने ABVP के कार्यकर्ताओं को मारना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। जैसे ही कार्यकर्ता उन गुंडों को घेरकर पकड़ते वैसे ही पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पदाधिकारियों पर पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी। इसके बाद रात में कुछ स्थानीय विधायक और ब्लॉक प्रमुख पहुंचे। सरकार के मंत्री भी पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले इस प्रकरण की जानकारी मुख्यमंत्री तक पहुंच जाएंगे और ठोस कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आज लखनऊ विश्वविद्यालय से लेकर विधानसभा तक ABVP का मार्च होना था। इसके दबाव में आकर सरकार ने दोषी पुलिस वालों पर कार्रवाई की है। पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। शाम तक जांच कर रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। आगे की रणनीति इसके बाद तय होगी।



बाराबंकी में रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में छात्रों को पुलिस ने सोमवार को लाठियों से पीटा था।

### शिक्षा मंत्री ने सीएम को जानकारी दी

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, माती में एलएलवी पाठ्यक्रम की मान्यता का समय से नवीनीकरण न कराए जाने के कारण छात्रों के भविष्य में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके साथ ही प्रवेश के समय अवैध वसूली और छात्रों की न्यायोचित मांगों को दबाने के लिए बाहरी तत्वों को सहयोग देने जैसी घटनाएँ अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडलायुक्त से जांच कराए जाने और विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह मान्यता और पाठ्यक्रम संचालन संबंधी सभी मानकों का पालन करे और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करे।

### मंडलायुक्त आईजी से शाम तक जांच रिपोर्ट मांगी

लखनऊ। एलएलबी छात्रों, एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार को जांच सौंपी है। सरकार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।नगर कोतवाल को लाइन हाजिर किया गया है। सीओ हटाए गए, अब आईजी करेंगे घटना की जांच। एलएलबी कोर्स की मान्यता को लेकर छात्र कर रहे थे प्रदर्शन। नोकझोंक के दौरान पुलिस ने छात्रों पर लाठियां भांजी। मंडलायुक्त अयोध्या को संबंधित कॉलेज की डिग्री के वैधता के जांच के आदेश दिये गये हैं। सीएम ने शाम तक रिपोर्ट मांगी है। इस घटना की जांच मंडलायुक्त और आईजी दोनों करेंगे।

### रामस्वरूप यूनिवर्सिटी ने दी सफाई

एबीवीपी छात्रों पर लाठीचार्ज और छात्रों को निलंबन को लेकर रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के प्रशासन ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है।बिना मान्यता पढ़ाई कराने के आरोपों से घिरी रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के प्रशासन ने सोमवार को मीडिया के सामने सफाई दी। यूनिवर्सिटी की महिला अधिकारी ने बताया कि पूरा विवाद दो छात्रों के निलंबन से शुरू हुआ। शनिवार को इन छात्रों को अनुशासनहीनता के चलते निलंबित किया गया था। इसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व कुछ छात्र बिना पूर्व सूचना दिए कैंपस में आ पहुंचे और हंगामा करने लगे। अधिकारी ने कहा कि हर शिक्षण संस्थान का अपना अनुशासन होता है और छात्रों से जुड़े किसी भी मुद्दे को गंभीरता से लिया जाता है। छात्रों को निलंबन करने के बाद पूरा मामला कमेटी में जाता है जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद छात्रों की बहाली भी हो जाती है। यह एक प्रक्रिया है। मान्यता को लेकर छात्रों में फैल रही अफवाहों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय को पहले मान्यता मिल चुकी है, जिसका नवीनीकरण कराने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया में आवेदन किया गया है। यह एक प्रक्रिया है और जल्द पूरी होगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन का दावा है कि छात्रों का भविष्य सुरक्षित है और किसी भी छात्र का करियर अंधकारमय नहीं होगा।

# स्मार्ट मीटर की वजह से बिजली विभाग को लग गई करोड़ों की चपत?

## स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनियां मनमानी कर रही हैं



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनियां मनमानी कर रही हैं। नया मामला जो सामने आया है, उसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही एक कंपनी द्वारा बिजली विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने की बातें बताई जा रही हैं। इस मामले में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने स्मार्ट मीटर लगा रही कंपनी पोलारिस के खिलाफ के खिलाफ सीतापुर जिले में एफआइआर दर्ज कराया है। गोंडा में भी एफआइआर दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

पूरे प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेट मीडर लगाने का टेंडर चार कंपनियों को मिला है। इन कंपनियों ने अब तक करीब 35 लाख उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाए हैं। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में मनमानी करने के मामलों के साथ ही इन स्मार्ट मीटरों में भार जंपिंग और तेज चलने की शिकायतें आ रही हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पोलारिस कंपनी के साथ ही कंपनी के स्टेट हेड व अन्य कार्मिकों के खिलाफ सीतापुर जिले में एफआइआर दर्ज कराया है। इस कंपनी ने बिजली विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का काम किया है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के दौरान कंपनी ने पुराने मीटर उतारे लेकिन इन मीटरों का पूरा हिसाब जीरो कर दिया। बड़ी संख्या में पुराने मीटर विभाग को वापस नहीं मिले हैं। सीतापुर में 443 पुराने मीटर विद्युत परीक्षण खंड को उपलब्ध नहीं कराए गए। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं के मासिक बिल जारी नहीं किए जा सके हैं।

इस कंपनी ने गोंडा में पुराने मीटर उतारने के बाद सीलिंग सर्टिफिकेट में इन मीटरों की रीडिंग जीरो कर दी। गोंडा में दो मामलों में 4270 नग पुराने मीटर कंपनी ने विभाग को वापस नहीं किए। गोंडा के मुख्य अभियंता ने भी एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई लेखा जोखा विभाग को नहीं मिल रहा है जिससे परिसर में नया स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली नहीं दिया जा रहा है।

# 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

## कृष्णानगर पुलिस ने किया राजफाश, ई-रिक्शा चालक के सामने कबूला जुर्म



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के कृष्णानगर में एमसीसी हॉस्पिटल के मालिक डॉ. देवेश रजानी से रंगदारी मांगने के आरोप में दो रेलवे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने डॉक्टर से इलाज के विवाद का बदला लेने के लिए यह योजना बनाई। उन्होंने ई-रिक्शा चालक के माध्यम से रंगदारी का पत्र भेजा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ई-रिक्शा चालक की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कृष्णानगर के एमसीसी हास्पिटल के मालिक डा. देवेश रजानी से रेलवे के दो कर्मचारियों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने इस घटना राजफाश कर दिया है। आरोपित कर्मचारियों को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक पकड़े गये आरोपितों में हरदोई का बरहा रेलवे कालोनी निवासी उमेश कुमार मौर्य और बड़ा बरहा निवासी सुजीत कुमार लोधी है। दोनों रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर तैनात है। दोनों की पहचान ई-रिक्शा चालक ने भी की है। जिससे रंगदारी का पत्र भेजा था। आरोपित उमेश ने पूछताछ में बताया कि उसने अपनी मां और पत्नी का इलाज एमसीसी अस्पताल में कराया था। इलाज और भुगतान को लेकर मार्च 2025 में उसका डाक्टर देवेश रजानी से विवाद हो गया था। इसका बदला लेने के लिए साथी सुजीत के साथ मिलकर रंगदारी मांगने की योजना बनाई।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपितों ने रंगदारी का पत्र भेजने के लिए ई-रिक्शा चालक को पकड़ा। उसे 20 रुपये दिए। साथ में एक लिफाफा और कहा कि इसे एमसीसी अस्पताल तक पहुंचा दे। ई-रिक्शा चालक ने लिफाफा अस्पताल के गार्ड को पकड़ा दिया। वहां से चला गया। आरोपितों ने चिट्ठी में नक्शा बनाकर रुपये लेने का तरीका भी बताया था। उम्मीद थी कि डर के कारण डाक्टर रुपये दे देगा। तय जगह पर डाक्टर नहीं पहुंचा। वह लगातार कुछ दूरी पर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। इसके बाद मामला इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया।

डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर डा. देवेश रजानी को छह सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराये गए। करीब 350 सीसी कैमरों की फुटेज खंगाले गये। पुलिस ने 27 अगस्त को रेलवे में तैनात दोनों टेक्नीशियन को हिरासत में ले लिया।

काफी पूछताछ के बाद भी कुबूल नहीं कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को जब सामने पेश किया तो आरोपितों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। एसीपी ने बताया कि आरोपी उमेश के खिलाफ हरदोई के बघौली थाने में 2015 में हत्या की रिपोर्ट दर्ज है। इस मामले में वह जमानत पर है।

# 7 करोड़ के गबन के आरोपी ठेकेदार को ईओडब्ल्यू ने लखनऊ से दबोचा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** गाजीपुर में विकास कार्य कराने के लिए दिए गए धन में गबन के आरोपी को ईओडब्ल्यू की टीम ने लखनऊ के आशियाना से गिरफ्तार कर लिया। मामले में कुल 26 आरोपी वांछित थे। यूपी के गाजीपुर में पांच स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए दी गई धनराशि में सात करोड़ रुपये के गबन के आरोपी को ईओडब्ल्यू की टीम ने लखनऊ से आरोपी को दबोच लिया है। मामले में कुल 26 लोगों की संलिप्तता पाई गई थी। लखनऊ से दबोचा गया आरोपी आजाद सिंह भी मामले में वांछित था। ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे सोमवार शाम को बंगला पुल चौराहा, आशियाना से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट वाराणसी में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।वर्ष 2012-13 में गाजीपुर के भदौरा ब्लाक अन्तर्गत स्थित पांच स्थलों परेमन शाह का तालाब, सेवराई चीरा का पोखरा, मां कामाख्याधाम गहमर, देवकली स्थल एवं कीनाराम स्थल, देवल, शामिल है। इन जगहों का पर्यटन विकास और सौन्दर्याकरण के लिए चयन किया गया था।

# पहले तो 3 साल भर्ती परीक्षा ही नहीं हुई, अब हो गई तो 4 महीने से रिजल्ट का इंतजार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग ने 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। तीन साल बाद इस साल अप्रैल में परीक्षा हुई। चार महीने से ऊपर बीत गए हैं, लेकिन कैंडेडेट्स के रिजल्ट का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी पाना आसान बात नहीं है। प्रदेश के 331 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 910 पदों पर चयन के लिए पहले तो लिखित परीक्षा के इंतजार में आवेदकों की आंखें पथरा गई और जब तीन साल की देरी से परीक्षा हो गई गई तो अब परिणाम घोषित होने का नाम नहीं ले रहा है। इस भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग ने तीन साल पहले 2022 में आवेदन लिए थे। बाद में उस आयोग का अस्तित्व ही खत्म हो गया और नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग ने तीन साल बाद परीक्षा कराई।



विशेषज्ञों की मानें तो ओएमआर शीट पर आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित होने में मुश्किल से दो सप्ताह का समय लगना चाहिए, लेकिन नवगठित आयोग चार महीने बाद भी परिणाम नहीं जारी कर सका है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के परीक्षार्थी सोशल मीडिया पर एक ही सवाल पूछते नजर आ रहे हैं कि परीक्षा का परिणाम कब तक घोषित होगा। फेसबुक पर असिस्टेंट प्रोफेसर वैकेंसी को लेकर एक पेज भी बनाया गया है।

**असिस्टेंट प्रोफेसर बीएड भर्ती का 107 पदों का विज्ञापन निरस्त**

वहां शौर्य त्रिपाठी नाम के एक यूजर ने सवाल पूछा है कि परीक्षा परिणाम कब तक आएगा। इस पर कई यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने तो यहां तक लिख दिया है कि इस प्रश्न का जवाब देने के लिए स्वयं युधिष्ठिर को आना पड़ेगा। एक यूजर ने कमेंट किया है कि विधानसभा चुनाव से पहले परिणाम घोषित होने की उम्मीद है। बहरहाल, परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। आयोग के जिम्मेदार अधिकारियों में से कोई भी इस सवाल का जवाब देने को तैयार नहीं है।

# दिवाली-छठ के लिए लखनऊ से स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल जारी, बुक कर लें टिकट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ। दशहरा, दीवाली एवं छठ पर्व पर नियमित ट्रेनों को वेटिंग रिग्रेट होने से परेशान यात्रियों को रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाकर राहत देगा। रेलवे गोमतीनगर से महबूबनगर और एलटीटी मुंबई के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा।

ट्रेन 05314/05313 गोमती नगर-महबूबनगर पूजा स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर से दो नवंबर तक प्रत्येक रविवार को गोमतीनगर से और 29 सितंबर से तीन नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को महबूबनगर से रवाना होगी।

गोमती नगर-महबूबनगर स्पेशल 28 सितंबर से दो नवंबर तक प्रत्येक रविवार को गोमती नगर से रात 12:15 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी, बुढ़वल , गोंडा , बस्ती , गोरखपुर , देवरिया सदर , भटनी , मऊ , औंड़िहार , वाराणसी, मीरजापुर, प्रयागराज छिवकी , मानिकपुर, सतना , कटनी, जबलपुर , बालाघाट , गोंदिया, बल्हारशाह, सिरपूर कागज़नगर , बेल्लमपल्ली , रामगुंडम , काजीपेट , मलकाजगिरी , काचीगुडा , उमदानगर, शादनगर और जडचर्ला से होते हुए दूसरे दिन महबूबनगर शाम 7: 10 बजे पहुंचेगी।वापसी यात्रा में 05313 महबूबनगर-गोमती नगर स्पेशल 29 सितंबर से तीन नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को महबूबनगर से रात 10:10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन दोपहर तीन बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर की सात, जनरल की चार, एसी सेकेंड की एक और , एसी थर्ड इकोनॉमी की आठ बोगियां होंगी।



**मुंबई की राह होगी आसान**

ट्रेन 05325/05326 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा स्पेशल 27 सितंबर से एक नवंबर तक गोमतीनगर से प्रत्येक शनिवार को और 28 सितंबर से दो नवंबर तक एलटीटी से प्रत्येक रविवार को प्रस्थान करेगी।

गोमती नगर से यह ट्रेन रात 12:15 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल , उरई , वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी , बीना , रानी कमलापति , खंडवा , भुसावल , नासिक रोड , इगतपुरी और कल्याण होते हुए दूसरे दिन सुबह 5:50 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

# लकड़ी के गोदाम में मजदूर की हत्या

## पैसे मांगने से मना करने पर युवक ने पटरे से किए कई वार, CCTV में कैद हुई वारदात

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। निराश होकर परिजनों ने 1076 पर शिकायत की। वहीं, मंगलवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीसीपी साउथ ने मामले को संज्ञान में लिया और तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सीतापुर जनपद के कुशमा गांव निवासी अमित कुमार शर्मा (31) पत्नी मनोरमा, आठ वर्षीय बेटी रिया और छोटे बेटे शशांक के साथ सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एएस टिंबर स्टोर में बीते छह साल से मजदूरी करता था। रविवार को इसी स्टोर में काम करने वाले युवक विकेश कुमार ने अमित से पैसा मांगा।



अमित के मना करने पर विकेश ने जान से मारने की नीयत से स्टोर में रखे पटरे से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल अमित को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। मारपीट के दौरान स्टोर में मौजूद दो अन्य युवक भी घटना के गवाह बने। पूरी वारदात स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज वायरल हो चुका है।

**पुलिस ने शिकायत नहीं लिखा, डांटकर भगाया&--** अमित की पत्नी मनोरमा ने आरोप लगाया कि पति पर हमले की शिकायत लेकर जब वह थाने पहुंची तो पुलिस ने न केवल अनसुना कर दिया बल्कि डांट-फटकार कर भगा दिया। कई बार चक्कर लगाने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। थक-हारकर उसने 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी। हालत बिगड़ने पर जब अमित की मौत हो गई, तब जाकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि अगर पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो शायद अमित की जान बचाई जा सकती थी। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कानून के रखवालों की चौखट पर न्याय की आस क्यों दम तोड़ रही है।

# अगले 24 घंटे में लखनऊ समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** इन दिनों मूसलाधार बारिश की चपेट में है। सोमवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला मंगलवार तक जारी रहा। लगातार हो रही बारिश ने जहां लोगों को तपिश और उमस से राहत दी है, वहीं कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर जैसे जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।



मौसम विभाग ने मंगलवार को पश्चिमी तराई के सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। वहीं, बिजनौर, रामपुर, बरेली और पीलीभीत में सोमवार को जमकर बारिश हुई। कई जगहों पर जलभराव की समस्या भी सामने आई।

केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि दक्षिणी और मध्य यूपी के कई जिलों में भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट घोषित किया है। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, हरदोई, कानपुर देहात, मथुरा, अलीगढ़, एटा, इटावा, औरैया, अमरोहा, संभल और बदायूं जैसे जिलों में भी आज भारी बारिश की आशंका जताई गई है। इन जिलों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

भारी बारिश और जलभराव को देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में मंगलवार को अवकाश घोषित कर दिया। मेरठ, बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, रायबरेली और अलीगढ़ के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। प्रशासन ने साफ किया कि यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि जलभराव और ट्रैफिक की समस्या के बीच छात्र-छात्राओं को परेशानी न उठानी पड़े।राजधानी लखनऊ में भी पिछले तीन दिनों से बादलों का डेरा है। रविवार रात से शुरू हुई बारिश ने सोमवार को शहर को जमकर भिगोया। लगातार बारिश से तापमान में भी भारी गिरावट आई। सोमवार की शाम तक बीते 24 घंटों में औसत बारिश 28.2 मिमी दर्ज की गई।

बारिश के बाद मौसम बेहद सुहावना हो गया। ठंडी हवाओं के बीच फुहारों ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 4.6 डिग्री गिरकर 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 4.4 डिग्री कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान भी करीब 3 डिग्री की कमी के साथ 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते दो दिनों से सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और पश्चिमी विक्षोभ के असर से मानसूनी रेखा उत्तर की ओर खिसक गई है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में भारी से अत्यधिक भारी बारिश देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि 2 सितंबर को भी बारिश का यही सिलसिला जारी रहेगा, लेकिन 3 सितंबर से बारिश की तीव्रता में कमी आनी शुरू हो जाएगी।

## एक नजर

### प्रयाग ने किया हरी मटर उत्पाद श्रृंखला का शुभारंभ

**बरेली।** प्रयाग मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स ने ग्राहकों को ताजगी, गुणवत्ता और पोषण का भरोसा दिलाते हुए अपने नए उत्पाद "फ्रोजन हरी मटर" को लॉन्च किया है। कंपनी देशभर में अपने शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पादों के लिए जानी जाती है और अब उपभोक्ताओं को सालभर ताज़ी, पोषक व स्वच्छ हरी मटर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक जगमोहन गुप्ता ने बताया कि प्रयाग की नींव हमेशा शुद्धता और गुणवत्ता पर आधारित रही है। उनके अनुसार, "हमारे डेयरी उत्पाद उपभोक्ताओं के बीच भरोसे का प्रतीक बने हैं। आधुनिक तकनीक से तैयार हमारी फ्रोजन हरी मटर उपभोक्ताओं को बिना किसी मिलावट के सालभर ताजगी और पोषण प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि हर पैक उपभोक्ता तक खेत जैसी ताजगी और भरोसा पहुँचाए। इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सुविधाजनक उत्पादों की आवश्यकता है। फ्रोजन हरी मटर का यह नया विकल्प रसोई तक आसानी से पहुँच सकेगा और लोगों को प्राकृतिक स्वाद और पोषण का अनुभव देगा। प्रयाग का यह उत्पाद जल्द ही स्थानीय बाजारों के साथ देशभर में उपलब्ध होगा।

### दो दोस्त करंट लगने से मौत

**बरेली।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के थाना बिशारतगंज क्षेत्र के ग्राम मुशर्रफपुर गांव में सोमवार रात ट्रांसफार्मर पर हाईटेंशन लाइन का तार ठीक कर रहे दो दोस्तों की करंट लगने से मौत हो गई। बिशारतगंज थाना प्रभारी सतीश कुमार ने जानकारी दी कि घटना की सुचना मिलते ही गांव मुशर्रफपुर पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और जांच की। ट्रांसफार्मर करंट से झुलसे दोनों को जिला अस्पताल भी भेजा गया। जहां उनकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने आगे जानकारी दी कि गांव मुशर्रफ पुरनिवासी 42 वर्षीय विजय कश्यप ग्राम सिरौली की हरदासपुर गांव निवासी 35 वर्षीय चंद्रसेन से दोस्ती थी। दोनों यहां साथ में ही मधुमक्खी पालन का व्यवसाय करते थे। सोमवार शाम विजय कश्यप के घर की बिजली आपूर्ति खराब हो गई। घर से कुछ दूरी पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। विजय ने चंद्रसेन को साथ लिया और बलदेव के घर की छत पर खड़े होकर ट्रांसफार्मर का तार ठीक करने लगे। छत पर बारिश के कारण नमी थी।विद्युत तार ट्रांसफार्मर की खूंटी पर रखने के बजाय हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे दोनों करंट की चपेट में आ गए। दोनों के शरीर से लपटे उठती देखी गई। हादसे के बाद परिजन दोनों को जिला अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों को मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अफवाहों पर ध्यान न दें कार्डधारक : मनीष



**बरेली।** जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण को लेकर फैलाई जा रही अफवाहें निराधार हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण नियमानुसार कराया जा चुका है। पूर्ति अधिकारी के अनुसार जून माह का वितरण 30 मई से 10 जून तक, जुलाई माह का वितरण 20 जून से 10 जुलाई तक तथा अगस्त माह का वितरण 20 जुलाई से 10 अगस्त तक सम्पन्न हुआ। इसके बावजूद विभिन्न माध्यमों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि अगस्त माह का खाद्यान्न अभी तक कार्डधारकों को उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि समस्त कार्डधारकों को समयबद्ध तरीके से निर्धारित तिथियों पर खाद्यान्न दिया गया है और इस विषय में किसी प्रकार की भ्रांति न फैलाएँ। आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और यदि किसी स्तर पर वास्तविक समस्या हो तो सम्बन्धित पूर्ति विभाग से संपर्क करें। पूर्ति अधिकारी ने यह भी बताया कि आगामी सितम्बर माह के लिए खाद्यान्न वितरण की तिथियाँ शासन द्वारा शीघ्र घोषित की जाएँगी। तिथियाँ निर्धारित होते ही राशनकार्डधारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से संयम एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की।

### जुलूस की शानो-शौकत में कमी न हो, डीजे जैसी ग़ैरशरई चीजों से परहेज़ करें : मौलाना हस्सान

**बरेली।** ख़ानक़ाह–ए–तहसीनिया के सज्जादानशीं हज़रत हस्सान रज़ा ख़ाँ नूरी ने जुलूस–ए–मुहम्मदी को लेकर अहम अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि जुलूस में डी.जे. जैसी ग़ैरशरई चीज़ों से परहेज़ किया जाए। डी.जे. का इस्तेमाल न केवल शरीअत के ख़िलाफ़ है बल्कि बच्चों, बुज़ुर्गों और बीमारों के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे डी.जे. और म्यूज़िक से दूरी बनाएं और जुलूस में माइक पर नात शरीफ़ पढ़ते हुए शरीक हों। हज़रत हस्सान मियाँ ने कहा कि जुलूस का मक़सद इश्क़–ए–रसूल और नबी–ए–पाक से वफ़ादारी का इज़हार है, लिहाज़ा इसमें नाचना, कूदना, उछलना, म्यूज़िक के साथ नातख़्वानी या मज़ामीर के साथ क़व्वाली करना ग़ैरशरई अमल है, जिससे बचना ज़रूरी है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जुलूस में पूरी तरह एहतराम और शरीअत की रोशनी में शामिल होकर मिसाल क़ायम करनी चाहिए। सज्जादानशीं ने ताकीद की कि जुलूस के दौरान अगर कोई एम्बुलेंस या फ़ायर ब्रिगेड गुज़रे तो उसे पहले रास्ता दिया जाए ताकि इंसानी हमदर्दी का सबक़ भी दुनिया के सामने आए।

# विश्वविद्यालय स्थापना प्रस्ताव को मंजूरी, कॉलेज में खुशी का माहौल

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट बैठक में शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। प्रस्ताव के अंतर्गत मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट में आने वाली शिक्षण संस्थाओं को उच्चीकृत करते हुए राज्य विश्वविद्यालय में परिणत करने का निर्णय कैबिनेट के द्वारा लिया गया। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रसन्नता एवं उल्लास से सराबोर हो उठे।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव डॉ अवनीश मिश्रा ने कहा कि शासन का यह कदम शाहजहांपुर के युवाओं के लिए शिक्षा एवं विकास के नए द्वार खोलेगा। प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद ने कहा कि शाहजहांपुर जनपद के हित में शासन के द्वारा लिया गया यह निर्णय मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी के अथक प्रयासों एवं समर्पण का ही परिणाम है। कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि जनपद शाहजहांपुर की उच्च शिक्षा को लेकर शासन के द्वारा उठाया गया यह कदम अपने आप मे एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक कदम है। इस मौके पर कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाइयां देते हुए हर्ष एवं उल्लास व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो मीना शर्मा, प्रो अजीत सिंह चारग, प्रो आलोक मिश्रा, प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ आलोक सिंह, डॉ शालीन कुमार सिंह, डॉ नीलू कुमार, डॉ कमलेश गौतम, डॉ जयशंकर ओझा, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ आदर्श पांडेय, डॉ अरुण कुमार यादव, डॉ प्रमोद यादव, डॉ संदीप अवस्थी, चंद्रभान त्रिपाठी, डॉ मनोज अग्रवाल, अवनीश चौहान, राहुल तिवारी सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## शाहजहांपुर को मिला अपना विश्वविद्यालय

### मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट से जुड़े कॉलेजों को मिलेगा लाभ



» स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की रही अहम भूमिका

» युवाओं को यहीं मिलेंगे उच्च शिक्षा के नए अवसर

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद को वर्षों से जिस बड़े शैक्षिक संस्थान की दरकार थी। आखिरकार वह सपना साकार हो गया। सरकार ने शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय को मंजूरी दे दी है। इस उपलब्धि की राह आसान बनाने में पूर्व गृह राज्यमंत्री व मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की भूमिका बेहद अहम रही।

स्वामी चिन्मयानंद ने शाहजहांपुर में पी.जी. कॉलेज, लॉ कॉलेज और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों की नींव रखी। लंबे समय से उनकी इच्छा थी कि इन संस्थानों को विश्वविद्यालय का दर्जा मिले, ताकि जिले के युवाओं को बाहर भटकना न पड़े। सरकार ने अब यह सपना पूरा कर दिया है। स्थानीय लोगों ने इसे शाहजहांपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उनका कहना है कि अब जिले के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के नए अवसर यहीं उपलब्ध होंगे।

## महंगे शौक व पैसा युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थ के कारोबार को अपना रहे हैं

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीबीगंज।** महंगे शौक व जल्दी पैसा कमाने की चाहत में युवा पीढ़ी नशीले पदार्थ के कारोबार के दलदल में फसती जा रही है। वहीं नाबालिक व युवा पीढ़ी नशे के आदी होते जा रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्रवासियों में चिंता का विषय बन गया है। जिम्मेदार आंखें मूंद कर बैठे हैं। अब वे प्रशासन और पुलिस की ओर टकटकी बांधकर देख रहे हैं। कि शायद प्रशासन व पुलिस कोई अभियान चलाएगी और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास करेगी।

सूत्रों के अनुसार सीबीगंज के गांव-देहात व मोहल्लों खासकर शहर से जुड़े गांवो में महंगे शौक व जल्दी पैसा कमाने का क्रेज युवाओं में बढ़ता जा रहा है। जिस कारण युवा पीढ़ी नशीला पदार्थ के कारोबार के दलदल में तेजी से फसती जा रही है तो वहीं किशोर सहित युवा बड़ी संख्या में नशे के आदी हो रहे हैं। जो नशा कर रहे युवाओं के परिजनों के लिए चिंता का बिषय बन गई है। जिम्मेदार कोई आवाज उठाने को तैयार नहीं। अब ग्रामीण पुलिस की ओर टिकटिकी बांधकर देख रहे हैं। कि शायद इस नशा कारोबार पर लगाम लगाने को पुलिस कोई अभियान चलाए और नशे की कारोबार पर अंकुश लग सके और आगे से उनके परिवार का कोई पुत्र नशे के दलदल से बच जाए। अगर इसी तरह से नशे के दलदल में युवा पीढ़ी फसती गई तो आने वाले समय में ग्रामीणों के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। बताया जा रहा है कि नशे के कारोबारी से जुड़े लोग युवाओं को माल पहुंचाने के लिए मोटा रकम देने का लालच देते हैं।

## उर्स–ए–शराफ़ती पर शहर में उमड़ी ज़ायरीन की भीड़

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** चार दिवसीय ख़ानक़ाह-ए-शाह शराफ़त पर 58वें वार्षिक उर्स के दूसरे दिन का आगाज़ सुबह कुरआन ख़्वानी के साथ हुआ। प्रोग्राम की सदारत दरगाह के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद ग़ाज़ी मियां की सरपरस्ती में उर्स के कार्यक्रम हुए। जिसमें भारी संख्या में ज़ायरीन के शामिल हुए।

ख़ानक़ाह-ए-शाह शराफ़त के मीडिया प्रभारी हमज़ा सकलैनी नें बताया के नातो मनक़बत का सिलसिला जारी रहा। उलमाये किराम ने हुज़ूर शाह शराफत मियां की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा हुज़ूर शाह शराफत मियां ने अपनी ज़िंदगी दीनी खिदमात में गुज़ार दी अल्लाह के बताए नेक रास्ते पर चलने की सभी को हिदायत की हुज़ूर के दर से कभी भी कोई भूखे पेट नहीं जाता है। सज्जादानशीन शाह मोहम्मद ग़ाज़ी मियां ने अपील की है अपने बच्चों को नेक रास्ते पर चलने की तालीम दें, दीन व दुनियावी तालीम हासिल करायें। सुबह से ही दरगाह पर गुल पेशी चादर पेशी का सिलसिला जारी रहा। बड़ी संख्या में ज़ायरीन चादर के जुलूस लेकर दरगाह पहुंचे।

हमज़ा सकलैनी ने बताया कि उर्स में चादर शरीफ के जुलूस लाने वाले ज़ायरीन से अपील की है कि वो जुलूस में हैवी साउंड सिस्टम ना लायें डी.जे का इस्तेमाल न करें, साथ ही जुलूसे मोहम्मदी में भी डीजे का हरगिज़ इस्तेमाल न करें, ज़्यादा शोर शराबा या हमारे किसी भी ऐसे अमल से जिससे लोगों को तकलीफ़ हो इस्लाम व शरीयत हमें इसकी इजाज़त नहीं देते, हमें अपना जुलूस इस्लामी तालीमात के मुताबिक़ अदब व एहतराम के साथ निकालना चाहिए। उर्स में देश के विभिन्न हिस्सों महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, राजिस्थान, बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली आदि राज्यों से ज़ायरीन की पहुंचे रहे है। उर्स की व्यवस्था में मोहम्मद हमज़ा, गुलाम मुर्तुजा, गौसी सकलैनी, इंतिखाब सकलैनी, महफूज सकलैनी, मुनीफ़ सकलैनी, मुकीत सकलैनी, सरताज सकलैनी, जियाउद्दीन सकलैनी, इमरान सकलैनी, हाजी लतीफ़ सकलैनी, आफताब आलम, अबरार हुसैन, मन्ना सकलैनी, जाने आलम सकलैनी, रिज़वान सकलैनी, सय्यद राशिद, फैसल सकलैनी, ज़ाहिद सकलैनी, सय्यद आमिर, जमील सकलैनी, खुर्रम सकलैनी, निज़ाम सकलैनी, यावर सकलैनी आदि अपनी ज़िम्मेदारी अदा कर रहे हैं।

## जुलूस को लेकर अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन की बैठक आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जुलूस-ए-मोहम्मदी,की तैयारी को लेकर 4 व 5 तारीख को निकालने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी, अंजुमन खुद्दामे रसूल, अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने कार्यालय पर बैठक आयोजित की। नए शहर शुक्रवार, 5 सितंबर को पारंपरिक अंदाज़ के साथ इस साल का ऐतिहासिक जुलूस-ए-मोहम्मदी और पूरी शान-ओ-शौकत के साथ निकाला जाएगा। अंजुमन खुद्दामे रसूल के सदर ने बताया कि जुलूस की शुरुआत हमेशा की तरह कुलहाड़ापीर से होगी। जिसकी अगुवाई दरगाह प्रमुख हुजूर सुब्हानी मियां करेंगे, सज्जादानशीन हजरत अहसन मियां इसकी सदारत करेंगे। कार्यक्रम दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे के बीच शुरू होने की संभावना है। दरगाह आला हजरत की ओर से यह एलान किया गया है कि इस दिन जुमा की नमाज का वक्त बदला जाएगा। अपील की गई है कि शहर और आसपास की मस्जिदों में जुमा की नमाज दोपहर 1 बजे अदा की जाए, ताकि नमाजी आसानी से नमाज पूरी करने के बाद जुलूस में शामिल हो सकें।

पुराने शहर 4 सितंबर के निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी के अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुजाहिद हसन खां , एवं प्रोफेसर जाहिद खां ने जुलूस का का कार्यक्रम जारी करते हुए कमेटी के महासचिव अंजुम शमीम ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर 4 सितंबर 1 बजे दिन के अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन (जुलूस कमेटी) के तत्वाधान में 6 मीनारा मस्जिद निकट मुन्ना खा के नीम से जुलूस ए मोहम्मदी दरगाह तहसीनिया के सज्जादानशीन मौलाना हस्सान रजा खां की कयादत में निकला जाएगा जुलूस ए मोहम्मदी का परचम कमर चिश्ती सोपा जाएगा जो जुलूस के आगे आगे चलेगा जुलूस अपने परंपरागत मार्गो मीरा की पेठ, बुखार पूरा, जवाहर इंटर कॉलेज से होता हुआ रोहली टोला ट्रांसफार्मर से जगतपुर हाफिज मियां के मजार से मुड़कर वापस काकर टोला पुलिस चौकी के सामने से होता हुआ काकर टोला बजरिया, शाहदना चौराहा, आजाद इंटर कॉलेज, सैलानी से 6 मीनार मस्जिद निकट मुन्ना खां नीम जुलूस कमेटी के स्टेज पर आकर समाप्त होगा।

जुलूस में अच्छा प्रदर्शन करने वाली, शांति व्यवस्था कायम करने एवं जुलूस कमेटी के निर्गत नियमों का पालन करने वाली अंजुनों को पुरस्कृत किया जाएगा। जुलूस में किसी भी अंजुमन को डीजे लाने की अनुमति नहीं है अंजुमन केवल दो स्पीकर दो लाउडस्पीकर के साथ जुलूस मोहम्मदी में शामिल हो होंगी जुलूस में 200 वॉलिंटियर की टीम पूरे जुलूस में निगरानी रखेगी अंजुमनों से अपील की गई।

### बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

## बीएलओ घर–घर जाकर भली प्रकार सत्यापन के उपरांत ही किसी का नाम जोड़े या काटें : जिलाधिकारी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन-2026 हेतु निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगे बीएलओ एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ गांव-गांव जाकर डोर टू डोर सर्वे उचित प्रकार से करें, जिससे वोटर लिस्ट सही बने तथा तरह-तरह की भ्रांतियां न फैलें। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में जितने लोग हैं उनका शतप्रतिशत सत्यापन किया जाए, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव ना किया जाए। बीएलओ घर-घर जाकर भली प्रकार सत्यापन के उपरांत ही किसी का नाम जोड़े या काटें। निर्वाचन प्रक्रिया में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे पूरी ईमानदारी व गंभीरता के साथ निभाएं।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ऐसे बीएलओ जो पुनरीक्षण कार्य हेतु सर्वाधिक ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करेंगे उन बीएलओ को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी तथा मोबाइल ऐप से मतदाताओं की एंट्री करने वाले बीएलओ को सामान्य मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जायेगा। जनपद में ऐसे सर्वोच्च 8 बीएलओ को अधिकतम मतदाता इन्ट्री हेतु ई-बीएलओ मोबाइल ऐप का प्रयोग करने पर निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी यथा- प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 8000, तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 6000 एवं सांत्वना प्रोत्साहन धनराशि (5 बीएलओ को) रुपए 3000/- प्रदान की जाएगी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि समस्त बीएलओ निष्ठा पूर्वक कार्य करें और आगामी 29 सितम्बर तक घर-घर जाकर फार्म 11 पर सूचनाएं एकत्रित कर सम्बन्धित तहसील कार्यालय में एक प्रति अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ के मोबाइल पर ई-बीएलओ मोबाइल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, घर-घर जाकर गणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, बीएलओ उपस्थित रहे।

## बारिश के चलते दशकों पुराना मकान भरभराकर ढहा

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** थाना किला क्षेत्र के मलूकपुर में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। लगातार हो रही बारिश के चलते दशकों पुराना एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसा सुबह करीब चार बजे का है, जब अधिकांश लोग गहरी नींद में सो रहे थे। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन घर का सारा सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मलूकपुर निवासी अशरफ खां का मकान लगभग दोसो साल पुराना था। सोमवार की रात उनकी पत्नी नाहिद प्रवीन उर्फ हुस्ना अपने दो छोटे बच्चों के साथ मकान में सो रही थीं। इसी दौरान अशरफ की भाभी अंजुम भी घर में मौजूद थीं। अचानक सुबह करीब चार बजे मकान की दीवारों में दरार आई और पूरा ढांचा भरभराकर गिर पड़ा। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर खां घरों से बाहर निकल आए और तुरंत बचाव कार्य में जुट गए।

स्थानीय लोगों ने तत्काल घर में सो रही महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि घर के मलबे में दबे सामान को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अशरफ खान ने बताया कि मकान पुराना होने के कारण उसकी मरम्मत लंबे समय से नहीं हो पाई थी। लगातार बारिश से दीवारें कमजोर हो गई थीं और अचानक पूरी छत व दीवार गिर पड़ी। मकान गिरने से घर में रखा सारा घरेलू सामान, बर्तन, कपड़े और कीमती सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार ने लगभग ढाई से तीन लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। निगम कर्मचारियों ने मलबा हटाने का काम शुरू कराया ताकि आसपास के लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मलूकपुर और आसपास के क्षेत्रों में कई मकान ऐसे हैं जो काफी पुराने हो चुके हैं और लगातार बारिश के कारण इनके गिरने का खतरा बना हुआ है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसे जर्जर मकानों की तुरंत जांच करवाई जाए और जरूरत पड़ने पर उन्हें गिरवाया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी जान-माल की हानि से बचा जा सके। अचानक हुए इस हादसे से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है।

## एसीएमओ ने किया मलेरिया प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

» सीएचसी पर प्रशिक्षित पियर एजुकेटर को प्रमाण पत्र वितरित किए

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी विश्राम सिंह के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. अमित कुमार ने मंगलवार को जिला मलेरिया अधिकारी के साथ मीरगंज क्षेत्र के मलेरिया प्रभावित ग्राम सिंधौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे मलेरिया धनात्मक मरीज के घर पहुंचे और मरीज का हालचाल जाना। मरीज को दी गई दवाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने दवाओं के सेवन की विधि भी समझाई। इसके बाद ग्राम का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली।

उन्होंने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए साफ-सफाई और मलेरिया से बचाव के उपायों को अपनाने की सलाह दी। इसके बाद एसीएमओ डॉ. अमित कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा बीपीएचयू लैब की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं का आकलन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएचसी पर सोमवार से चल रहे पियर एजुकेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के बैच पूर्ण होने पर एसीएमओ ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि पियर एजुकेटर गांव-गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनमानस को मलेरिया सहित अन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे।निरीक्षण के अंत में एसीएमओ ने टीम को निर्देशित किया कि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई और फॉगिंग कराई जाए ताकि संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

एसीएमओ डॉ. अमित कुमार ने सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर, एसएमआई सूरज यादव मौजूद रहे।

### विसर्जन | गणेश विसर्जन : भव्य शोभायात्रा

## गणपति बप्पा मोरया₹ के जयकारों से गूंजा शहर

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** सात दिनों से चल रहा गणेशोत्सव मंगलवार को गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न हो गया। शहर के विभिन्न पंडालों से गणेश प्रतिमाओं को धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकालकर रामगंगा घाट पर विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे शहर में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे।

**पूजा और महाआरती के बाद हुई शोभायात्रा-** श्री गणेश महोत्सव समिति एवं मराठा एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष अनिल पाटिल ने बताया कि एक सप्ताह से चल रहा यह पर्व मंगलवार को विशेष पूजा और अथर्वशीर्ष पाठ के समापन के साथ समाप्त हुआ। सुबह बाबूराम धर्मशाला, शिवाजी मार्ग पर भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद हवन और महाआरती के साथ विसर्जन की तैयारियां शुरू हुईं।

**नासिक ढोल की थाप पर झूमे श्रद्धालु -** दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा की शुरुआत महापौर उमेश गौतम ने गणेश आरती उतारकर और हरी झंडी दिखाकर की। शोभायात्रा में महाराष्ट्र के सांगली जिले से आए 100 कलाकारों का दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उनकी ढोल-ताशा और नासिक ढोल की थाप ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शहर की सड़कों पर भक्तगण ताल से ताल मिलाकर नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे।

**जगह-जगह हुआ स्वागत -** शोभायात्रा में शहर के प्रमुख मंदिरों और पंडालों की प्रतिमाएं शामिल हुईं। इनमें खंडसारी नाथ मंदिर, मटकी चौकी, बांस मंडी, गंगापुर, कटरा चांद का, ब्रह्मपुरा, भूड़ मटिया और बोला नाथ मंदिर आदि प्रमुख रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया।

**दही हांडी ने बढ़ाई रौनक -** यात्रा के दौरान दही हांडी उत्सव भी आयोजित किया गया। गोविंदाओं की टीम ने पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर टंगी मटकी फोड़ी। इस दौरान गुलाल और रंग उड़ाकर माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस नजारे को देखने उमड़ पड़े।

**गंगा-जमुनी तहजीब की झलक-** गणेश विसर्जन शोभायात्रा में भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल भी देखने को मिली। गली मनिहारान चौराहा पर अमन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कादिर अहमद ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके अलावा करण शर्मा, नवनीत सिंह, श्याम बाबा राजेश, राजकुमार राजपूत, मनीष अग्रवाल समेत कई लोगों ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का अभिनंदन किया।

**किला फाटक पर समापन, रामगंगा में विसर्जन-** शोभायात्रा किला फाटक पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके बाद प्रतिमाओं को भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ रामगंगा तट पर विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने विदा लेते समय अगले बरस तू जल्दी आ का आह्वान किया और गणपति बप्पा को भावभीनी विदाई दी।

## भ्रामक जांच रिपोर्ट देकर जिलाधिकारी को किया गुमराह, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलेभर में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। विश्ववार्ता समाचार पत्र खबरों का प्रकाशन करके सोए हुए अधिकारियों को नींद से जगाने का प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी द्वारा खबरों का संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है, लेकिन जांच के नाम पर भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को संरक्षण देते हुए जांच के नाम पर खेला कर रहे है।

ब्लॉक अमरिया क्षेत्र के गांव मुड़लिया गौसू में मनरेगा कार्य के दौरान मस्टरोल में दर्ज श्रमिकों की उपस्थिति और मस्टरोल के सापेक्ष एनएमएमएस पोर्टल पर अपलोड फोटो में फर्जीवाड़ा कर भ्रष्टाचार किया जा रहा था, जिसकी खबर को विश्ववार्ता समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिलाधिकारी ने प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया और 12 अगस्त 2025 को अपने कार्यालय के पत्रांक संख्या 7891/जन0 शि 0/2025 के माध्यम से मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने के लिए सीडीओ को निर्देशित किया। उपरोक्त पत्र के क्रम में खंड विकास अधिकारी अमरिया के



बीडीओ और एपीओ की सरपरस्ती में रोजगार सेवक मालामाल, मनरेगा योजना हो रही कंगाल

निर्देश पर नरेंद्र कुमार जैसल, अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,प्रखंड पीलीभीत ने जांच की। खंड विकास अधिकारी ने 25 अगस्त 2025 को अपने कार्यालय के पत्रांक संख्या 1812/मनरेगा/2025-26 जांच आख्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। प्रस्तुत जांच आख्या में प्रश्नगत मस्टरोल के सापेक्ष एनएमएमएस पोर्टल पर अपलोड फोटो के संबंध में कोई जांच नहीं की गई और न ही प्रत्येक मस्टरोल के सापेक्ष अपलोड फोटो में प्रदर्शित हो रहे श्रमिकों के समान होने विषयक कोई जांच की गई, जबकि खबर में उल्लेखित मस्टरोल का अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टया सभी मस्टरोल में समान श्रमिक होना प्रतीत हो रहे हैं।

## एक नजर

### गुटखा के लिए रूपए न देने पर किशोर को पीटा

**बांदा।** गुटखा के लिए रूपए न देने से नाराज दो लोगो ने किशोर को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरवां थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव निवासी आशीष (15) पुत्र राजकुमार मंगलवार की सुबह घर से कुछ दूर स्थित मंदिर में बैठा था। इसी बीच किशोर उम्र के दो साथी उसके पास पहुंच गए। आशीष से गुटखा खाने के लिए रुपया मांगने लगे। आशीष ने रुपया देने से मना कर दिया। इसी को लेकर आशीष से विवाद हो गया। दोनों लेगों ने आशीष को डंडो से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए और हमलावरों को ललकारा। दोनो हमलावर फरार हो गए। लहूलुहान हालत में आशीष घर पहुंचा और पिता को बताया परिजन उसे लेकर थाने गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने उसका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### कार की टक्कर से पूर्व मंडल अधिवक्ता संघ अध्यक्ष की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर के समीप सर्विस लेन पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मंडलीय अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष को टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। कमिश्नरी बार के पूर्व अध्यक्ष व शहर के बंगाली पुरवा निवासी सुन्दर सिंह (65) पुत्र रामपाल सिंह मंगलवार की सुबह बाइक से महोखर के पास स्थित बुदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन से गांव जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उठाकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को मौके पर खड़ा करने के बाद फरार हो गया। मृतक के रिश्तेदार महेश सिंह तोमर ने बताया कि वह कमिश्नरी में अधिवक्ता थे। इसके पहले वह कमिश्नरी के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रह चुके थे। मौत की खबर मिलते ही साथी अधिवक्ताओ में शोक की लहर छा गई। तमाम अधिवक्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

### गणेश भवन में आज मुंबई के कलाकार देंगे नाट्य कला की प्रस्तुति

**बांदा।** जिले भर में गणेश उत्सव की धूम पूरे चरम पर है। हर तरफ गणपति बप्पा मोरया की जयघोष गूंज रहे हैं। पंडालों में विराजे गजानन महाराज की दिव्य झांकियों के दर्शन के लिए श्रद्धालु की प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। घरों से लेकर पंडालों तक गणपति बप्पा की धूम श्रद्धा और भक्ति के बीच जारी है। इसी क्रम में नूतन बाल समाज के तत्वाधान में गणेश भवन में उत्सव के तहत मुंबई के कलाकार बुधवार को साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद्र की कहानियों पर आधारित नाट्य कला की प्रस्तुतियां देंगे। गणेश भवन में आयोजित गणेश महोत्सव पर बुधवार को शाम 7 बजे मुंबई के कलाकार कहानीकार व साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद्र की कहानियों पर आधारित जीवंत मंचन करेंगे। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू व मंत्री निखिल सक्सेना ने बताया कि मुंबई के भुजी खान एंड पार्टी के सुप्रसिद्ध कलाकार मुंशी प्रेमचंद्र की कहानियों कफन, बड़े घर की बेटी, पूस की एक रात, रसिक संपादक, सवा सेर गेहूं व बड़े भाई साहब का ऐतिहासिक जीवंत नाट्य प्रस्तुत करेंगे। बताया कि नाट्य प्रस्तुतियां लगभग 3 घंटे 15 मिनट तक आयोजित होगी।

# मासूम से दुराचार व हत्या के आरोपी के घर पर गरजा बुलडोजर

» प्रशासन की टीम ने मकान को किया जमींदोज
» आरोपी को पहले ही पुलिस भेज चुकी है जेल





विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** लगभग चार माह पहले मासूम के साथ दुराचार के बाद हत्या करने के आरोपी के घर को बुलडोजर की मदद से पुलिस और राजस्व अधिकारियों की टीम ने जमीदोज कर दिया। घर के अंदर रखा गृहस्थी का सामान तहस-नहस किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर मौजूद रही।

थाना क्षेत्र के एक गांव में चार माह पहले तीन जून को पड़ोसी सुनील निषाद पुत्र लोटन प्रसाद ने तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार के बाद हत्या करते हुए उसका शव जंगल में फेंक कर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही मुठभेड़ में पुलिस ने पैर में गोली मारने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

घटना के बाद पीड़ित परिवार को शासन ने 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी। मंगलवार को धारा 67 की बेदखली की कार्रवाई के बाद पैलानी तहसील न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मौके पर एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश, सीओ सदर, चिल्ला थाना प्रभारी संदीप तिवारी की मौजदूगी में लेखपाल हरिओम ने आरोपी के घर का ताला तोड़कर कुर्की की कार्रवाई शुरू की। बुलडोजर की मदद से आरोपी के घर को पुलिस और राजस्व अधिकारियों की टीम ने जमींदोज करा दिया। घर के अंदर रखा गृहस्थी का सामान तहस-नहस किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के देखने के लिए आसपास के तमाम गांवों के लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकिशुन निषाद समेत लौमर लेखपाल समेत अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

### रेप पीड़िता के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद

**नरैनी।** दुष्कर्म पीड़ित मासूम के परिजनों को सरकार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। विधायक और जिला प्रशासन ने पीड़िता के घर पहुंच कर निर्भया फंडा का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छह साल की मासूम को गांव के एक युवक ने 25 जुलाई को अपनी हवस का शिकार बना डाला था। हालांकि घटना के चंद घंटे बाद ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित की गई एसओजी और कालिंजर थाना पुलिस ने आरोपी दरिंदे को मुड़भेड़ कर दोनो पैरों में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को विधायक ओममणि वर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी मीनू सिंह, उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला पीड़िता के घर पहुंचे और उसकी मां को 10 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। केंद्र सरकार निर्भया फंड के तहत नाबालिक बलात्कार पीड़ितों को विशेष सहायता प्रदान करती हैं। जिसमे चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता के साथ साथ देखभाल व पुनर्वास की सुविधाएं शामिल हैं। इसके अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद का प्राविधान है।

### मन में नियंत्रण रखने से होती है संयम धर्म की उत्पत्ति

**बांदा।** दशलक्षण पर्व के छठे दिन संयम धर्म मनाई गई। मंदिर में चल रहे पर्युषण पर्व के दशलक्षण धर्म के अवसर पर ब्रह्मचारिणी ने प्रवचन में संयम धर्म का महत्व बताया। कहा कि मन पर संयम रखना ही उत्तम संयम धर्म है। बताया कि सत्य को पाना ही पर्याप्त नहीं है, उसकी सुरक्षा भी आवश्यक है। सत्य की सुरक्षा संयम के बिना नहीं हो सकती। उन्होंने समझाया कि अधिक पाने की इच्छा के कारण भाव संयमित नहीं हो पाते और व्यक्ति इंद्रियों का गुलाम बन जाता है। छोटी बाजार स्थित जैन चौत्यालय में जैन धर्मावलंबियों ने 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व के छठवें दिन मंगलवार को संयम धर्म मनाया। इस मौके पर जैन समाज के लोगों ने मंदिर में पूरी आस्था के साथ विशेष पूजा-अर्चना करते हुए भगवान महावीर और सुब्रतनाथ का अभिषेक करते हुए जिनवाणी की आरती उतार कर स्तुति की। ब्रह्मचारिणी संध्या (छिंदवाड़ा) ने प्रवचन में कहा कि इंद्रियां अपने विषयों में प्रति आकर्षण उत्पन्न कर आत्मा से विमुख होकर व्यक्ति को पथ भ्रष्ट कर देती हैं। तप के माध्यम से इंद्रियों को वश में करके मुनिराज उत्तम संयम धर्म का पालन करते हैं। कहा कि मन पर संयम रखना ही उत्तम संयम धर्म है। उन्होंने बताया कि सत्य को पाना ही पर्याप्त नहीं है, उसकी सुरक्षा भी आवश्यक है। सत्य की सुरक्षा संयम के बिना नहीं हो सकती। उन्होंने समझाया कि अधिक पाने की इच्छा के कारण भाव संयमित नहीं हो पाते और व्यक्ति इंद्रियों का गुलाम बन जाता है। इंद्रियों को नियंत्रित कर मनुष्य गलत कार्यों से दूर रह सकता है। उन्होंने सभी को उत्तम संयम धर्म का पालन कर सम्मानपूर्वक जीवन जीने की सलाह दी। जैन धर्मावलंबियों ने प्रवचन के बाद जिनवाणी की पूजा अर्चना करते हुए स्तुति की।

## छह सितंबर को होगा एक दिवसीय शतरंज सेमिनार का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता



उप्र शतरंज संघ के संयुक्त सचिव।

**बांदा।** प्रदेश में शतरंज के प्रचार-प्रसार और युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए उप्र शतरंज खेल संघ विविध योजनाएं संचालित कर रहा है और खिलाड़ियों को शतरंज के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में शहर के भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में एक दिवसीय शतरंज सेमिनार और कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव अजय मिश्रा ने बताया कि 6 सितंबर को आयोजित होने वाले सेमिनार के मुख्य संयोजक अंकित कुशवाहा की देखरेख में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव अजय मिश्रा ने शतरंज की खूबियां गिनाते हुए कहा कि शतरंज महज एक खेल विधा ही नहीं बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता, धैर्य, अनुशासन और रणनीतिक सोच को विकसित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। शतरंज छात्रों के मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, समस्या-समाधान की क्षमता और एकाग्रता की शक्ति को भी बढ़ाता है। विश्व के अनेक विकसित देशों में शतरंज को स्कूल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है और अब भारत में भी इसके महत्व को समझते हुए इसे विद्यालय स्तर पर लागू किया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रख्यात शतरंज प्रशिक्षक व अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर आनंद सिंह समेत शतरंज जगत के जाने माने लोग शामिल होंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विद्यालयों में शतरंज को एक सह पाठ्यक्रम गतिविधि के रूप में स्थापित करना है। कार्यशाला में विद्यालयों के खेल प्रशिक्षकों को शतरंज की बारीकियां से रूबरू कराया जाएगा। मुख्य संयोजक श्री कुशवाहा ने बताया कि सेमिनार व कार्यशाल में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक व शतरंज अकादमी के प्रशिक्षक प्रतिभाग करेंगे।

### 23 को होगी परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**बांदा।** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की मंडलीय बैठक 23 सितंबर को अपरान्ह 4 बजे मंडलीय सभागार में आहूत की गई है। प्राधिकरण के सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया है कि बैठक में 11 मार्च की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा, अराष्ट्रीयकृत मार्गों पर अनुज्ञा पत्रों की मार्ग प्रवर्धन, परमिट हस्तान्तरण तथा पृष्ठांकन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों, मोटरवाहन अधिनियम की धारा 86 के प्रकरणों और अन्य तत्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जाएगा। कहा है कि इच्छुक वाहन स्वामी 15 सितंबर तक सभी औपचारिकताएं पूरी करके ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करके प्राधिकरण की बैठक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिला मजिस्ट्रेट ने 1 गुण्डे को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है, जिनकी हिस्ट्रीशीट भी है, ऐसे 1 व्यक्ति थाना अन्तू ग्राम बैजलपुर के अनिल सिंह पुत्र राम लौट सिंह को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

## सरकारी आवासों में अनाधिकृत रूप से रहने वालों को नोटिस जारी के निर्देश

» बड़ोखर खुर्द ब्लाक के निरीक्षण में सीडीओ को सब कुछ मिला ठीकठाक

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** मुख्य विकास अधिकारी ने बड़ोखर खुर्द ब्लाक का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन किया। हालांकि निरीक्षण के दौरान सीडीओ को सब कुछ ठीकठाक मिला। उन्होंने बीडीओ को ब्लाक परिसर में बने सरकारी आवासों में अनाधिकृत लोगों नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने बड़ोखर खुर्द का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ सुभाषचंद्र व ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू सहित सभी सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखाकार



व स्थापना लिपिक व अन्य विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित मिले। तकनीकी सहायकों का अवकाश संबंधी रजिस्टर नहीं बना होने पर नाराजगी जताई। ब्लाक परिसर में बने आवासों का आवंटन कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को न होने पर जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि सरकारी आवासों में अन्य लोग रह रहे हैं। इस पर सीडीओ ने बीडीओ को नोटिस जारी करते हुए आवास खाली कराते हुए कर्मचारियों व अधिकारियों को आवंटन कराने के निर्देश दिए।

### यूरिया का बेहतर विकल्प अमोनियम सल्फेट : जिला कृषि अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने किसान भाइयों से अपील करते हुये कहा है कि अमोनियम सल्फेट (एनपीके 20.5:0:0:23) यूरिया का एक बेहतर विकल्प है। यह उर्वरक नाइट्रोजन के साथ-साथ सल्फर की जरूरत को भी पूरा करता है। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाइयों को सलाह दी कि वे यूरिया के स्थान पर अमोनियम सल्फेट का आधिकाधिक प्रयोग करें। इसमें पाया जाने वाला नाइट्रोजन ज्यादा स्थायी होता है, जिस कारण इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है, जो फसल उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता, समग्र कृषि लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह उर्वरक न केवल फसल के लिए असरदार है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखता है, जिससे फसलों में कवक द्वारा होने वाले रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है। विशेषकर तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा का प्रतिशत बढ़ाता है व उत्पादन में वृद्धि होती है।

## कालपी स्टैंड उरई में हुई हिंसा का मास्टर माइंड मुख्य आरोपी माजिद को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** उरई में हुई मारपीट और आगजनी की घटना का मुख्य आरोपी माजिद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने उसे उरई से ही गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से माजिद फरार चल रहा था और लगातार लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था पुलिस हिरासत में होने के बाद भी माजिद की हेकड़ी कम नहीं हुई। वह अपने बालों को लहराते हुए और उन पर हाथ फेरते हुए जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष से बाहर निकला।

**माजिद की अवैध संपत्ति को ध्वस्त**

गौरतलब है कि कालपी बस स्टैंड पर शताब्दी ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक से माजिद और उसके साथियों ने मारपीट की थी। इसके बाद मौके पर खड़ी दो बाइकों में आगजनी कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। माजिद के फरार होने पर पुलिस और प्रशासन ने उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसके फार्महाउस समेत कई ठिकानों पर



बुलडोजर चलाया और अवैध संपत्ति को ध्वस्त कर दिया। पुलिस की इस दबंग कार्रवाई के बाद से माजिद पर कानून का शिकंजा कसना तय माना जा रहा था। अंततः पुलिस ने उसे खोज निकाला गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट पेश किया।

**माजिद को संरक्षण देने वालों पर होगी कार्रवाई**

दिलचस्प बात यह रही कि पुलिस कस्टडी में होने के बावजूद माजिद का तेवर ढीला नहीं पड़ा। मेडिकल कराने के दौरान वह बालों को लहराते हुए और उन पर हाथ फेरते हुए बाहर निकला। उसका यह अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चाहे आरोपी कितना भी प्रभावशाली या दबंग क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस अब माजिद को संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। अधिकारियों का कहना है कि हिंसा फैलाने वालों को पनाह देने वाले भी कानून के शिकंजे से नहीं बच पाएंगे। माजिद की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना जा रहा है। इससे न केवल पीड़ित पक्ष को राहत मिली है बल्कि आम जनता के बीच भी प्रशासन का सराहनीय संदेश गया है कि उपद्रवियों के खिलाफ प्रशासन पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। अब देखना यह होगा कि कोर्ट से आरोपी के खिलाफ क्या आदेश निकलता है और पुलिस उसकी पूरी नेटवर्क पर कब तक शिकंजा कस पाती है।

## सहकारिता से मिलने वाले लाभ को किसानों तक पहुंचाया जाये : जिलाधिकारी



विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में कम्पोजिट डीसीडीसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन को निर्देशित किया कि सहकारिता विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का आम जनमानस के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये तथा सहकारिता से मिलने वाले लाभ को किसानों तक पहुंचाया जाये।

बैठक में सहकारिता, मत्स्य और डेयरी विभाग की नई समितियों के गठन, एआईएफ, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, एनसीडी पोर्टल पर सूचनायें अपडेट करने, समितियों के नाम भू-राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने, अन्न भण्डारण योजनान्तर्गत समितियों, स्थाओं के चयन एवं मण्डी हब की दुकानों व चबूतरों के नीलामी आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अगले 15 दिवस के अन्दर समीक्षा के प्रत्येक बिन्दु में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें तथा प्रगति रिपोर्ट से अवगत करायें। समीक्षा बैठक का संयोजन एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, एलडीएम गोपाल शेखर झा सहित डीडीएम नाबार्ड, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा सहकारिता विभाग के सभी एडीओ एवं एडीसीओ उपस्थित रहे।

## एसडीएम व पुलिस विभाग की टीम ने 11 ओवर लोड वाहनों को पकड़कर 5.50 लाख का जुर्माना वसूला

सुरेंद राजावत

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कालपी क्षेत्र में प्रशासन और खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओवरलोड एवं एनआर वाहनों पर शिकंजा कसा। एसडीएम कालपी, कोतवाल और खान निरीक्षक की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर 11 ओवरलोड गाड़ियों को पकड़ा। इन वाहनों से कुल 5 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि ओवरलोड परिवहन और अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिम्मेदारी तय कर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें।





> जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर एस डी एम मनोज कुमार सिंह ने ओवर लोड खनन कर परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की, कालपी कोतवाली क्षेत्र में 11 ओवरलोड वाहन पकड़े, 5.50 लाख का जुर्माना वसूला

एसडीएम कालपी ने बताया कि पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं, खान निरीक्षक ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी ने यह भी चेतावनी दी कि इस अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अपर पुलिस अधीक्षक को भी निर्देशित किया कि वे आकस्मिक रूप से अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन ओवरलोड अथवा एनआर वाहन जनपद की सीमा से बाहर न जाने पाए।

## एक नजर

### चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** शहर के इंद्रानगर निवासी रंजना (40) पत्नी अलोक किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं चिल्ला थाना क्षेत्र के बिछवाही गांव निवासी अंतिमा (27) पत्नी पिंटू ने घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ गटक लिया। ऐसे ही शहर के खाईपार मोहल्ला निवासी जीशान (18) पुत्र नईम खान ने घरवालों की डाट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। एक अन्य घटना में देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव निवासी मंजू (30) पत्नी रामऔतार ने पति की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आकाशीय बिजली से किसान झुलसा

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव निवासी बृजलाल (70) पुत्र मन्ना किसानी करता है। वह सोमवार की रात खेत से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में तेज बारिश होने लगी। तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से वह झुलस गया। बारिश बंद होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### महिला ने दबंगों की विरुद्ध दी तहरीर

**नरैनी।** तहसील क्षेत्र के लहुरेटा गांव की रहने वाली अनुसूचित जाति की सफाई कर्मी गुलाब रानी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में सफाई के दौरान दबंगों ने उसके साथ की अभद्रता की। पुत्र ने विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट की। इंचार्ज कोतवाली निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात पुलिस ने चलाया नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान

**बांदा।** जनपद में यातायात पुलिस द्वारा शुरू किए गए नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के दूसरे दिन यातायात पुलिस ने शहर के पेट्रोल पंपों पर जागरूकता अभियान चलाया, हालांकि प्रमुख कार्यक्रम कालूकुआं चौराहे पर रिलायंस पेट्रोल पंप पर चला। पेट्रोल भराने आए वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने के साथ ही यातायात नियमों के पालन की नसीहत दी।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में मंगलवार को को नो हेलमेटदृनो फ्यूल अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जनपद के कालूकुआं चौराहा रिलायंस पेट्रोल पंप पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध न कराते हुए हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई।

# 99.54 फीसदी परिषदीय विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से हुए लैस

## ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सुविधाओं में हुई बढ़ोत्तरी, जिले भर में संचालित हैं 1725 परिषदीय विद्यालय

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** आपरेशन कायाकल्प के तहत 99.54 फीसदी परिषदीय विद्यालयों में 19 मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले पांच सालों में पांच लाख रुपये की ज्यादा खर्च करते हुए जिले में संचालित 1725 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं में लैस किया है।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्तराम तिवारी ने बताया कि जिले में 1725 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। 490 विद्यालयों में छात्राओं के लिए इंसीनेटर, 197 विद्यालयों के लिए अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, 127 विद्यालयों का पुनर्निर्माण, 90 विद्यालयों में बालक-बालिका शौचालय तथा 383 विद्यालयों में किचेन फेन्सिंग तथा 124 विद्यालया में चहारदीवारी निर्माण, 27 विद्यालयो मे मल्टीपल हैण्डवॉशिंग यूनिट, 15 विद्यालयों में





वृहद मरम्मत कार्य व, 71 विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालय व सभी परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष कंपोजिट स्कूल ग्रांट से विद्यालय सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया। विद्यालयों के भौतिक परिवेश, शैक्षणिक व्यवस्था एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सुधार आया है। पीएमश्री योजना से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सिद्धान्तों के अनुरूप गुणात्मक एवं समावेशी विकास विज्ञान एवं गणित प्रयोगशाला का विकास, लाइब्रेरी विद रीडिंग कॉर्नर, आर्ट एवं काफ्ट रूम, दिव्यांग सुलभ शौचालय, कंपोस्ट पिट, बैडमिंटन, वॉलीवाल कोर्ट एवं आधुनिक स्मार्ट क्लास सैटप आदि अन्य अवस्थापना सुविधाओं से युक्त तथा जनपद में विभिन्न विकास खण्डो में बेसिक शिक्षा के कुल 16 पीएमश्री परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों में उच्च स्तरीय शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देते हुए जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड बड़ोखर खुर्द के उच्च प्राथमिक विद्यालय बसहरी कम्पोजिट 1-8 को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य गतिमान है। डिजिटल क्षेत्र में जनपद के बीआरसी में आईसीटी लैब स्थापित किये जा चुके है।जनपद के 281 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के तहत एक स्मार्ट टीवी, एक यूपीएस, वेब कैम, एक स्मार्ट पेन डिजिटल माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के लिए कक्षाओं को आच्छादित किया गया।

### मां समूह ने बाल वाटिका का किया निरीक्षण

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा के निर्देश पर मां समूह की महिलाओं ने अतर्रा के आऊ गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय भाग-2 में संचालित बालवाटिका का निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमा देवी व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका आरती देवी समेत प्रधान प्रतिनिधि रोहित यादव उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने मां समूह की महिलाओं को बालवाटिका केंद्र पर प्रतिदिन अपने बच्चों को साथ लाने को कहा। मां समूह सदस्यों ने कहा यह विभाग की योजना निश्चित रूप से छात्रों के उज्जवल भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।

## संपादकीय

# बड़ी कूटनीतिक जीत

चीन के तियानजिन में संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन यानी एससीओ के घोषणापत्र में जिस तरह साफ शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात शामिल की गई, वह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत को दर्शाता है। दरअसल, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत लगातार कुछ ताकतवर देशों से अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग करता रहा है। मगर कुछ देशों की ओर से प्रत्यक्ष तौर पर आतंकवाद की आलोचना, तो प्रच्छन्न रूप से इसे शह देने वालों के प्रति नरमी इस मुद्दे की जटिलता को बढ़ाता ही है। इसीलिए भारत ने हर मौके पर आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाने और एकजुटता की अपील की। तियानजिन में हुए एससीओ सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है... हमें साफ तौर पर और सर्वसम्मति से यह कहना होगा कि आतंकवाद पर कोई भी दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला न सिर्फ भारत पर था, बल्कि यह मानवता में विश्वास रखने वाले देशों और लोगों के लिए एक खुली चुनौती थी। जाहिर है, अब एससीओ के घोषणापत्र में जिस तरह सभी सदस्य देशों की ओर से पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा की गई, वह भारत की चिंता को रेखांकित करती है। घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि ऐसे आतंकी हमलों के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। एक जरूरी पहलू के रूप में इसमें आतंकवादियों की घुसपैठ को खत्म करने का आह्वान किया गया। गौरतलब है कि पिछले एससीओ सम्मेलन में इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल करने पर सहमति नहीं बनी थी। मगर अब एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद की समस्या पर भारत के पक्ष में अपनी संवेदनशीलता दिखाई और इसके खिलाफ अभियान चलाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। मगर सवाल है कि भारत में आतंकवाद की समस्या के स्रोत के रूप में अगर पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आता है और दूसरी ओर चीन इसकी अनदेखी करता है तो इसे कैसे देखा जाएगा। यह छिपा तथ्य नहीं है कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकवादी संगठनों को पालने-पोसने वाला कौन है। इसके बावजूद चीन कई स्तर पर पाकिस्तान की मदद करता रहा है और इसी वजह से कई बार भारत के लिए बेहद असुविधाजनक स्थिति पैदा हो जाती है। अब खुद चीन की धरती पर ही अगर एससीओ सम्मेलन के घोषणापत्र में पहलगाम हमले और आतंकवाद की निंदा की गई है, तो यह प्रकारांतर से पाकिस्तान और उसका बचाव करने वाले देशों को दिया गया एक साफ संदेश भी है। तियानजिन में हुए एससीओ सम्मेलन को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर और घरेलू कूटनीतिक बैठकों में सबसे अहम आयोजनों में से एक माना जा रहा है। यों भी, एससीओ की शुरूआत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक सहयोग को मजबूती देने के मकसद से ही हुई थी। इस लिहाज से देखें तो निश्चित रूप से सम्मेलन में शामिल देशों के दस वर्ष के विकास की रणनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, आपसी संबंधों और सांस्कृतिक सहयोग के मुद्दे पर भी बहुस्तरीय सहमति बनी। मगर इसके घोषणापत्र में आतंकवाद के मुद्दे को जिस रूप में शामिल किया गया, उसे पाकिस्तान के लिए एक झटका, तो भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। इसे सामान्य नहीं समझा जाना चाहिए। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जिनके चलते एससीओ सम्मेलन में भारत को इतनी तरजीह मिली और चीन जैसे देश को अपने परम मित्र पाकिस्तान की आतंकी हरकतों की आलोचना करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत में विपक्षी राजनीतिक दल नरेन्द्र मोदी को कोसते हैं लेकिन शायद मोदी की वैश्विक छवि का उन्हें अंदाजा नहीं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भले ही भारत को अब तक महाशक्ति घोषित नहीं किया है लेकिन वैश्विक नेता भारत को महाशक्ति के रूप में ही देख रहे हैं।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# भारत-रूस और चीन का मेल, अमेरिका का 'ट्रंप कार्ड' फेल


प्रदीप कुमार वर्मा

**पीएम मोदी, व्लादिमीर पुतिन और जिनपिंग ने शिखर सम्मेलन से पहले एक साथ मुलाकात की जिसके फोटो और वीडियो विश्व भर में तुरंत ही फैल गए। रूस के विदेश मंत्रालय ने इस मुलाकात का वीडियो शेयर किया और इसे 'वीडियो ऑफ द डे' बताया। इतना ही नहीं, मोदी और पुतिन एससीओ शिखर सम्मेलन के समापन के बाद द्विपक्षीय बैठक के लिए एक ही कार में सवार होकर मीटिंग में पहुंचे।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए पचास फ़ीसदी टैरिफ के बाद अब भारत ने अपने नए भागीदारों की तलाश शुरू कर दी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में जापान होते हुए चीन की यात्रा को इसी तलाश का एक अहम पड़ाव मान जा रहा है। रूस से परंपरागत एवं स्वाभाविक दोस्ती के बाद अब भारत ने चीन के साथ भी दोस्ती का हाथ बढ़ाया है जिसके चलते विश्व पटल पर भारत रूस और चीन का मजबूत ₹त्रिकोण₹ बनने के आसार बन रहे हैं। भारत, रूस और चीन के त्रिकोण के बाद टेरिफ के रूप में दुनिया को अमेरिका की चुनौती से राहत मिलेगी। वहीं,विश्व के अन्य देशों द्वारा इस त्रिकोण को अमेरिका के लिए एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। फिलहाल हालात ऐसे बने हैं कि रूस और चीन के साथ अमेरिका की कथित दुश्मनी के बाद अब भारत को भी इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। रूस और चीन के साथ भारत के मिलने के बाद अब विश्व पटल पर एक नए ₹वर्ल्ड ऑर्डर₹ की तस्वीर भी साफ होने लगी है।

ऐसा लगता है कि इस कवायद में भारत, रूस और चीन के मेल के बाद अमेरिकी ट्रंप कार्ड फेल हो गया है। अब यह भी तय हो गया है कि इस नए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत की भूमिका भी महत्वपूर्ण होने वाली है। करीब एक पखवाड़े पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने "लिबरेशन डे" पर विदेशी वस्तुओं पर मनमाना टैरिफ लगा दिया था। इसकी बेस लाइन 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक रही। इस टेरिफ के पीछे अमेरिका ने "ड्रग्स", "प्रवासी" और "ट्रेड डेफिसिट" तीनों को राष्ट्रीय आपातकाल का बहाना बना डाला। इसी कवायद में ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टेरिफ का ऐलान किया। इसके बाद में भारतीय उत्पादों के लिए अमेरिकी बाजारों में बिक्री और व्यापार के हालात प्रभावित हुए हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अब भारत ने अमेरिका से इतर दुनिया के अन्य देशों में अपने उत्पादों के लिए नए बाजार की तलाश शुरू कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की जापानी यात्रा इसी तलाश का एक उदाहरण है।

जापान के साथ अच्छी बातचीत करते हुए भारत में अपने हितों को साधते हुए कई अहम समझौते किए हैं। इनमें सबसे आम समझौता जापान के भारत में निवेश से संबंधित है। पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की जीडीपी ग्रोथ दिखाकर दुनिया को चौंकाया। अब चीन के तीसरे सबसे बड़े शहर तियानजिन में हुई शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत रूस और चीन की बेहतर दोस्ती ने एक नया त्रिकोण बना दिया है। जानकारों का मानना है कि जिस प्रकार से रूस के राष्ट्रपति पुतिन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केमिस्ट्री इस समिट में दिखाई पड़ी है, इसके बाद यह दोस्ती एक प्रकार से अमेरिका के लिए खतरे की घंटी है। उधर, समूचे विश्व पर टेरिफ थोपने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने ही घर में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अदालत ने दो टूक कह दिया कि "राष्ट्रपति टैरिफ नहीं ठोक सकता, यह कांग्रेस का अधिकार है।" यही नहीं, इस टेरिफ को 14 अक्टूबर तक हटाने का आदेश भी आ चुका है।

अगर सुप्रीम कोर्ट ने भी यही फैसला दोहरा दिया तो अमेरिका को लगभग 14 लाख करोड़ रुपये रिफंड करना पड़ सकता है। यही है ट्रंप का अपना खोदा गड्ढा जिसमें आज वह खुद गिर चुके हैं। टेरिफ के संबंध में ट्रंप की दलील है कि अगर टेरिफ हटा दिए गए तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।" यूरोप से लेकर एशिया तक हालात बदल रहे हैं। भारत निवेश खींच रहा है, ब्रिक्स और RIC की "पहाड़ जैसी मुसीबत" अमेरिका के सामने खड़ी हो रही है और ऊपर से ट्रम्प की तुगलकी नीतियों ने अमेरिकी थिंक टैंकों की नींद उड़ा दी है। शंघाई सहयोग संगठन की समिट में पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है, जिससे उसकी कूटनीतिक छवि प्रभावित हुई है। भारत की सक्रिय एवं दमदार सहभागिता के बाद इस बार के शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक सम्मेलन में पाकिस्तान की भूमिका अपेक्षा से कमजोर रही। भारत ने इस मंच पर अपनी उपस्थिति को प्रभावशाली ढंग से दर्ज कराया और क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और राजनीतिक स्थिरता के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई।

यह भारत की कूटनीतिक जीत ही है कि इस समिट के साझा घोषणापत्र में एक ओर जहां पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई है जिसमें सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर भारत के इस रुख से भी सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ''दोहरे मानदंड'' अस्वीकार्य हैं। घोषणापत्र में कहा गया- सदस्य देश आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करते हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंड अस्वीकार्य हैं और वे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादियों की सीमा पार गतिविधियों सहित आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान करते हैं।₹ एससीओ समिट के दौरान पीएम मोदी ने पुतिन और जिनपिंग से द्विपक्षीय मुलाकात भी की। जहां वैश्विक व्यापार भी चर्चा हुई। समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पुतिन और जिनपिंग की तिकड़ी ने ऐसा प्रभाव छोड़ा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इसे अमेरिकी वर्चस्व के खिलाफ एकजुटता के रूप में देखा गया।

पीएम मोदी, व्लादिमीर पुतिन और जिनपिंग ने शिखर सम्मेलन से पहले एक साथ मुलाकात की जिसके फोटो और वीडियो विश्व भर में तुरंत ही फैल गए। रूस के विदेश मंत्रालय ने इस मुलाकात का वीडियो शेयर किया और इसे 'वीडियो ऑफ द डे' बताया। इतना ही नहीं, मोदी और पुतिन एससीओ शिखर सम्मेलन के समापन के बाद द्विपक्षीय बैठक के लिए एक ही कार में सवार होकर मीटिंग में पहुंचे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह दिखाने की कोशिश की कि अगर अमेरिका का ट्रंप प्रशासन टेरिफ के जरिए नई दिल्ली को अलग-थलग करना जारी रखता है तो भारत के अन्य महत्वपूर्ण मित्र भी हैं जिनमें चीन भी शामिल है, भले ही सीमा विवाद अभी तक सुलझा न हो। विदेश नीति के जानकार मानते हैं कि शंघाई सहयोग संगठन की समिट के बाद अब ब्रिक्स की मीटिंग भी होनी है। ब्राज़ील पर टेरिफ लगाने के बाद ब्राजील अमेरिका से पहले ही नाराज है। इसके बाद भारत की नाराजगी के चलते ब्रिक्स समिट वैसे भी अमेरिका के लिए कुछ ऐसे कड़े संदेश आने की उम्मीद है। इस पूरी कवायद से यह भी साबित हो जाता है कि भारत अपने हितों के सामने अमेरिका के सामने झुकेगा नहीं, बल्कि अपने लिए नए बाजार की तलाश करके अपने स्वाभिमान को सबसे ऊपर रखेगा।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# सरकारी नौकरीः वैवाहिक रिश्ते दांव पर


अमरपाल सिंह वर्मा

हमारा समाज रिश्तों और विश्वास की नींव पर खड़ा है। हम विवाह को एक संस्था और वैवाहिक बंधन को सात जन्मों का बंधन मानते हैं लेकिन अब विवाह का यह बंधन लालच की सीढ़ी बन रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए लोग कागजों पर शादी और कागजों पर तलाक का खेल खेल रहे हैं। कभी सामाजिक असुरक्षा और दर्द के प्रतीक माने जाने वाले तलाक को अब नौकरी पाने का साधन बना दिया गया है। यह प्रवृत्ति सिर्क कानून का उल्लंघन नहीं बल्कि समाज के चरमराते ढांचे का भी संकेत है।

पहले नौकरी के लिए फर्जी खेल और दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने के मामले सामने आते थे मगर हैरानी की बात है कि राजस्थान में नौकरी पाने के लिए तलाक तक ले लिया जाता है। जिस रिश्ते को हम सात जन्मों का बंधन मानते आए हैं, उसे लोग आज दो फीसदी आरक्षण पाने की सीढ़ी बना रहे हैं।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के पास इस आशय की दो दर्जन से ज्यादा शिकायतें पहुंच चुकी हैं। दरअसल, तलाकशुदा महिला कोटे में उम्मीदवारों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं होती जिससे प्रतिस्पर्धा कम रहती है और कटऑफ भी अन्य श्रेणियों की तुलना में काफी नीचे आ जाती है। इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए कुछ महिलाओं ने केवल कागजों पर शादी और तलाक का खेल रच लिया है। कुछ मामलों में दलालों की मदद से भर्ती निकलने से दो-तीन साल पहले जल्दबाजी में शादी कर ली गई, फिर कागजों पर तलाक लिया गया और नौकरी के लिए आवेदन कर दिया गया। दूसरी तरफ कई विवाहित महिलाओं ने सरकारी नौकरी की लालसा में कोर्ट से तलाक की डिक्री हासिल कर ली लेकिन जैसे ही नौकरी लगी, वे फिर अपने पति के साथ रहने लगीं। इन दोनों ही स्थितियों में कागजों पर वे तलाकशुदा हैं लेकिन हकीकत में उनकी जिंदगी वैवाहिक ही रही है। यह सब कुछ कागजों में तो कानूनी है, मगर असलियत में धोखा है।



शिकायतें मिलने के बाद कर्मचारी चयन बोर्ड ने पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को जांच के लिए कहा है। जांच के बाद संभव है कि नौकरियां छिन जाए, मुकदमे भी हों लेकिन बड़ा सवाल यह है कि हमारी सोच कब बदलेगी? इस मामले में वास्तविक चिंता सामाजिक मूल्यों में गिरावट की है। क्या नौकरी का लालच इतना बड़ा हो गया है कि लोग रिश्तों को ही खिलौना बनाकर खेलने लगे हैं? विवाह समाज की मजबूत व्यवस्था है। यह परिवार की बुनियाद और विश्वास का प्रतीक है लेकिन जब लोग इसे नौकरी पाने का शॉर्टकट बनाने लगें तो हमारी सामाजिक सोच पर प्रश्न उठाने स्वाभाविक हैं।

इस तरह से नौकरी हासिल कर फर्जीवाड़ा तो किया ही गया है, साथ ही पात्र महिलाओं का हक भी छीन लिया गया है। तलाकशुदा महिलाओं के लिए 2 फीसदी आरक्षण इसलिए रखा गया है ताकि जो पति से तलाक होने के बाद बेसहारा हो गई हैं, उन्हें नौकरी के जरिये जीवन-यापन में थोड़ी आसानी हो सके। ऐसे मामलों के कारण सबसे ज्यादा नुकसान उन असली तलाकशुदा महिलाओं का हुआ है, जिनके लिए यह तलाकशुदा कोटा बनाया गया था। जो महिलाएं सचमुच संघर्ष कर रही हैं, उन्हें मौका ही नहीं मिल पा रहा क्योंकि कतार में आगे तो वे लोग आ गए हैं जिन्होंने रिश्तों को कागजों पर बेच डाला है।

यह मामला बेहद गंभीर है। भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए एहतियात उपाय करने बहुत जरूरी हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दस्तावेजों से आगे जाकर जांच की व्यवस्था हो। केवल तलाक की डिक्री को पर्याप्त न माना जाए बल्कि आवेदक महिलाओं का सामाजिक स्तर पर सत्यापन, निवास संबंधी प्रमाण और बैंक लेन-देन जैसे साक्ष्यों के आधार पर यह देखा जाना चाहिए कि वह महिला वास्तव में अकेली रह रही है या नहीं। दोषी पाए जाने पर नौकरी छीनने के साथ-साथ आर्थिक दंड और कड़ी सजा का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर समाज को भी आत्म मंथन करना चाहिए। बड़ा सवाल है कि आखिर हम किस दिशा में जा रहे हैं, जहां सरकारी नौकरी की लालसा रिश्तों और संस्कारों से भी बड़ी हो गई है? फर्जी सर्टिफिकेट और फर्जी तलाक के मामले हमें चेता रहे हैं। अगर हम अब भी नहीं चेते और समय रहते अंकुश नहीं लगाया तो आने वाली पीढ़ियां रिश्तों और मूल्यों पर भरोसा करना छोड़ देंगी। यह सही है कि सरकारी नौकरी जीवन की स्थिरता देती है लेकिन समाज का विश्वास और रिश्तों की गरिमा इससे भी जरूरी है।

## कविता


अंजना टण्डन

### विश्वास की गर्दन

विश्वास की गर्दन प्राय:
लटकती है संदेह की कीलों पर,
"कहीं कुछ तो है" का भाव दरअसल
दिमाग की दबी आवाज है
जो अक्सर छोड़ देती है
प्रशंसा में भी कितनी खाली ध्वनियाँ ,
संदेह के कान
आत्ममुग्धता की रूई से बंद है
आँखें ऊगी हैं पूरी देह पर और
खून में है दुनियावी अट्टहास ,
कंठ भर तंज
दिल के मर्म को कभी जान नहीं पाएगा,
मृत्यु बाद ही धुले थे
बुल्लेशाह ,मीरा ,और अमृता के दाग,
वैसे तो हर सभ्यता प्रेम से जन्मती है
विश्वास पर पनपती है
और संदेह की हवा में सांस तोड़ती है,
पर भुक्तभोगी जानते है कि इतिहास
जुठला कर
इन दिनों उसके रक्तरंजित पदचिन्ह,
उल्टे पाँव लौटने के सिम्त दर्ज हो रहे है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव : सरकार और विपक्ष के लिए अग्नि परीक्षा


राजेंद्र बहादुर सिंह

अगले सप्ताह होने जा रहा उपराष्ट्रपति का उपचुनाव तय करेगा कि 2 माह बाद बिहार विधानसभा के चुनाव और 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा एवं 2029 के लोक सभा चुनाव में विभिन्न दलों अथवा गठबंधनों की क्या स्थिति रहेगी। न सिर्फ राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि देश के कुछ बड़े नेता जैसे ममता बनर्जी, लालू यादव, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के राजनीतिक भविष्य के संकेत इस राष्ट्रपति के चुनाव से स्पष्ट दिखना शुरू हो जाएंगे।

उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में भारत का विपक्ष एकजुट नजर आ रहा है, लेकिन उसकी यह एकता लंबी दूरी तय कर पाएगी या फिर बड़े नेता अलग राह चुनेंगे, यह सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है। यह चुनाव विपक्षी राजनीति की 'अग्निपरीक्षा' बन गया है, और इसका असर आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों की दिशा तय करेगा।

उपराष्ट्रपति चुनाव ने विपक्षी दलों, खासतौर पर इंडिया ब्लॉक को एक मंच पर ला दिया है। सुदर्शन रेड्डी को विपक्ष का साझा उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टी भी शामिल हुई, जिसने 2022 में चुनाव का बहिष्कार किया था लेकिन इस एकता के भीतर दरारें और वैचारिक मतभेद भी तेज हो रहे हैं। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जैसी पार्टियाँ मुद्दों पर समर्थन देती जरूर दिख रही हैं, पर तकनीकी तौर पर गठबंधन से स्वयं को अलग रखती रही हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच दूरी कभी घटती है, कभी बढ़ती है। इसके अलावा सीट शेयरिंग और रणनीतिक मसलों पर भी मतभेद हैं।



बड़े विपक्षी नेता जैसे ममता बनर्जी, लालू यादव, केजरीवाल या अखिलेश यादव अपना अगला कदम स्पष्ट करने से बच रहे हैं, जिससे आगामी रणनीति और नेतृत्व को लेकर असमंजस की स्थिति है। ममता बनर्जी कभी गठबंधन में नेतृत्व का दावा करती हैं, तो कभी बाहर से समर्थन देने की बात करती हैं। लालू यादव ने ममता को गठबंधन प्रमुख बनाए जाने की वकालत की, जिससे कांग्रेस दरकिनार होती दिखी।

मीडिया के ताजा सर्वे बताते हैं कि बीजेपी अपनी सीटें जरूर खो रही है, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अब भी सबसे बड़ी शक्ति है और बहुमत के आसपास बनी हुई है। दो बड़े राष्ट्रीय सर्वे में अगस्त 2025 तक भारतीय जनता पार्टी की सीटें गिरकर 260 के करीब आ गई हैं, तो कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन कुछ मजबूती हासिल कर रहा है, पर बहुमत के लिए संघर्ष जारी है। मोदी अब भी प्रधानमंत्री के तौर पर जनता की पहली पसंद हैं, जबकि राहुल गांधी को दूसरा स्थान मिला है। मोदी के अलावा अन्य विकल्प की लगातार तलाश हो रही है। अमित शाह व योगी आदित्यनाथ के नाम आगे आते हैं, लेकिन वह प्रभाव या स्वीकार्यता नहीं बन पा रही है।

अभी विपक्षी दलों की एकता भले चुनावी रणनीति और उम्मीदवार चयन में सफल रही हो, असली परीक्षा आगे लोकसभा व विधानसभा चुनाव में होगी। यदि विपक्ष मौजूदा समन्वय और एकजुटता को बनाए रखने में कामयाब होता है, तो चुनावी नतीजों में बदलाव संभव है लेकिन व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, क्षेत्रीय स्वार्थ, और नेतृत्व विवाद यदि हावी रहे, तो विपक्ष को बिखरना तय है।

उपराष्ट्रपति चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष की असली ताकत और उसकी परिपक्वता का परीक्षण है। इसकी सफलता या विफलता भारत की लोकतांत्रिक राजनीति को अगले कुछ वर्षों तक दिशा देने वाली है।

# तीन देशों की दोस्ती से अमेरिका को झटका


संजय सिन्हा

भारत और रूस के रिश्तों को लेकर अगर किसी देश को सबसे ज्यादा समस्या है तो वो अमेरिका है। इसी बीच परिस्थितियां कुछ इस तरह से बनी हुई हैं कि चीन-भारत और रूस मिलकर पूरी दुनिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं। चीन में एससीओ की मीटिंग के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बहुमुखी सहयोग रहा है। वे इस सहयोग को आगे और भी बढ़ाना चाहते हैं। उधर एससीओ में भारत-रूस और चीन की रिश्तों के रंग दिखे। जहां रूस और भारत की दोस्ती पहले से ही मजबूत है, वहीं भारत और चीन के बीच विश्वास बहाली और रिश्ते ठीक करने की कोशिश जारी है। भारत-रूस-चीन का साथ आना दुनिया में क्या असर डालेगा। अमेरिका और पश्चिमी जगत इसे कैसे देख सकता है और ये किस दिशा में जा रहा है। उधर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत पर अमेरिकी दबाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन रूस से दोस्ती को लेकर भारत पर भड़का हुआ है। उसका आरोप है कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसकी वित्तीय मदद कर रहा है। इस कारण अमेरिका की यूक्रेन में युद्धविराम की कोशिशें नाकाम हो रही हैं।

वहीं, भारत का कहना है कि वह वैश्विक तेल की कीमतों को स्थिर रखने और अपनी बड़ी आबादी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में रूसी तेल खरीद पर भारत और अमेरिका के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत अमेरिका के कहने पर रूस का साथ छोड़ सकता है। पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत का कहना है कि अभी कोई वर्ल्ड ऑर्डर है ही नहीं, अभी तो दुनिया में जंगलराज जैसी स्थिति है, जिसका जो मन आता है करता है। इसलिए भारत, रूस और चीन की कोशिश ये होगी कि किसी तरह से एक मल्टीलेटरल सिस्टम, मल्टीपोलर वर्ल्ड बने जिसमें बने कायदे कानूनों को सब मानें। अभी हालात ये हैं कि जिन देशों ने पुराना सिस्टम बनाया था उन्होंने ही वह तोड़ा है। अमेरिका और पश्चिमी जगत की एकतरफा सोच (यूनिलेटरलिजम) की वजह से सारे मल्टीलेटरल इंस्टिट्यूट्शन की अहमियत कम हुई है।

ग्लोबल साउथ के देशों का ये मानना है कि मल्टीलेटरल और मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर होना चाहिए। अगर भारत, रूस और चीन एक दूसरे साथ ईमानदार रहेंगे तो इस दिशा में अहम योगदान दे सकते हैं। अमेरिका में भारत की पूर्व राजदूत मीरा शंकर भी कहती हैं कि ये अमेरिका के खिलाफ नहीं है पर एकतरफा सोच के खिलाफ है। ये रूल बेस्ड ऑर्डर के पक्ष में है यानी अंतराष्ट्रीय स्तर पर कुछ नियम कायदे लागू रहें और सभी इन्हें मानें।मीरा शंकर कहती हैं कि यूएस का बाजार दुनिया में अब भी सबसे बड़ा है और सबके लिए महत्वपूर्ण है, भारत के लिए भी अहम है। हमारे यहां बनने वाले सबसे ज्यादा सामान वहां बिकते हैं। ये करीब 41 बिलियन डॉलर का सरप्लस है यानी भारत के हित में व्यापार है। ये न तो हमारा चीन के साथ होता है न रूस के साथ होता है। चीन हमें काफी सामान बेचता है और वहां भारत को 100 बिलियन डॉलर का घाटा है क्योंकि चीन भारत से लेता बहुत कम है। हम रूस से तेल खरीद रहे हैं, इस वजह से व्यापार बढ़ा है नहीं तो दोनो देशों के बीच व्यापार काफी कम था।रूस भी भारत से बहुत कम खरीदता है। वह कहती हैं कि यूएस का बाजार जो भारत के लिए एक रोल प्ले करता है उसकी अहमियत न तो चीन न रूस पूरी कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि एक तरीके से हमें चतुराई से चलना पड़ेगा जिससे हम चीन के साथ रिश्ते को सुधार सकते हैं, रूस के साथ रिश्ते और मजबूत कर सकते हैं पर हमें यूएस से भी बातचीत जारी रखनी पड़ेगी। मीरा शंकर कहती हैं कि अमेरिका और पश्चिमी जगत को अपना व्यवहार भी देखना पड़ेगा कि क्यों ये देश (भारत-रूस-चीन) साथ आए हैं। यूएस सबसे बड़ी अर्थव्वस्था है तो वे सोचते हैं कि जो भी चाहें कर लें। बाकी देशों को ये देखना होगा कि वे किस तरह एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाए और रूल बेस्ड ऑर्डर को मजबूत करें। अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि पश्चिमी जगत माइंडसेट ही अलाइंस माइंडसेट है इसलिए वे इसे एंटी वेस्ट के तरह से ही देखेंगे पर यह अप्रोच भारत का नहीं है, न रूस का है न अभी तक चीन का है। मीरा शंकर ने कहा कि चीन और भारत के बीच जो विश्वास टूट गया था, उसे एक एक कदम उठाकर बढ़ाना पड़ेगा, एकाएक नहीं। साथ ही हर कदम के बाद वेरिफाई करना पड़ेगा ताकि भरोसा बढ़े।

भारत और रूस की दोस्ती कितनी मजबूत है, इसका तो सबसे बड़ा सबूत यही है कि भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेतुके टैरिफ बम के सामने झुकने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीदकर यूक्रेनी जंग को फंड करने का आरोप लगाया है और भारत पर कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। ट्रंप को लगा कि भारत पीछे हट जाएगा लेकिन उनका दांव उल्टा पड़ गया. भारत ने न सिर्फ अमेरिका और यूरोप को उसके खुद के रूसी व्यापार का आईना दिखाया बल्कि तेल खरीदना जारी रखते हुए चीन में पुतिन के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की। दोस्ती पहले से कहीं मजबूत है, यह दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# हर पात्र तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने विकास खंड राम नगर में ग्राम पंचायत सचिवों व सहायकों संग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विकासखंड रामनगर सभागार में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी आलापुर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, उपनिदेशक कृषि, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, आदि की उपस्थिति में सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों तथा पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति एवं जन सामान्य तक योजनाओं के पहुंच की स्थिति की गहन समीक्षा की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन सामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुने और उसकी गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त योजनाओं की पहुंच प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी जनकल्याणकारी और रोजगार परक योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति व परिवार वंचित न रहे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर माननीय मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को पंचायत सहायकों से समन्वय कर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी पंचायतो को ग्रामीण क्षेत्र/ बाजार/गांव में जल जमाव वाले क्षेत्र/ स्थान चिन्हित कराने तथा रोस्टर बनाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग लगाकर जल भराव की प्रत्येक समस्या निदान कराने तथा बेहतर साफ सफाई व्यवस्था प्रत्येक गांव में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एमओआईसी को पंचायत सहायकों से समन्वय कर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले प्रत्येक पात्र नागरिक का गोल्डन कार्ड बनवाने तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पेंशन योजनाओ से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में प्राप्त धनराशि को समय से ग्राम के विकास कार्यों में व्यय करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिवों को दिए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ने फैमिली आईडी के प्रगति तथा इसे बनाए जाने की प्रक्रिया एवं योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार का फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी पंचायत सहायकों को फैमिली आईडी रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायतो में कैंप लगाकर फॉर्मर रजिस्ट्री, वृद्धा पेंशन, महिला निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं आवास के पात्र लोगों का आवेदन एवं सत्यापन करके अधिक से अधिक लोगों को योजना से अच्छादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचिवो, पंचायत सहायकों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित हर घर जल योजना के तहत घर घर तक जलापूर्ति की जानकारी ली। पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को गांव में पानी की शुद्धता/ गुणवत्ता और जल आपूर्ति की स्थिति की जांच करने, तथा गुणवत्ता सही न होने या जलापूर्ति रोस्टर के अनुरूप न होने पर उच्च अधिकारियों समन्वय कर समस्या का निदान कराना सुनिश्चित निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन हेल्पलाइन नंबर 18001212164 (टोल फ्री) का प्रचार प्रसार करने हेतु जल निगम को निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों से ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सहायक एवं सामुदायिक शौचालयों के केयरटेकरों के मानदेय के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा बकाया मानदेय शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों, शौचालयों के केयर टेकारों का मानदेय भुगतान समय से न कराए जाने एवं ग्राम पंचायत झखरवारा में प्रधान पद रिक्त होने के उपरांत भी प्रशासनिक समिति का गठन न किए जाने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत का स्पष्टीकरण जारी करने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए गए स्वरोजगार की जानकारी देते हुए ब्लॉक मिशन मैनेजर ने अवगत कराया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विकासखंड में कुल 9 टेंट हाउस, 12 स्टेशनरी की दुकानों का संचालन किया जा रहा है इस दौरान जिलाधिकारी में समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जोड़ते हुए उन्हें सोलर वेंडर भी बनाए जाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आवास के ऐसे लाभार्थियों जिनके द्वारा आवास का कार्य नहीं कराया जा रहा है उनसे धन रिकवरी की कार्यवाही करवाए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने आवासों के निर्माण में मनरेगा के बकाया भुगतान को भी शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों को व्यक्तिगत शौचायलयों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आवास योजना से समस्त पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एपीओ मनरेगा को मनरेगा मजदूरों एवं आवास के 90 दिनों के मनरेगा के समस्त बकाया भुगतान को 15 दिवस के अंदर भुगतान करके इसका प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एपीओ द्वारा वृक्षारोपण और मास्टर रोल आदि से संबंधित सही जानकारी न दें पाने पर जिलाधिकारी ने एपीओ को स्पष्टीकरण जारी करने एवं अग्रिम आदेश तक मानदेय अवरुद्ध करने के निर्देश दिए।

# उजारनाथ मंदिर के पर्यटन विकास पर होगा एक करोड़ का व्यय

» विधायक के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग ने शासन को भेजी है कार्ययोजना

» बहुउद्देशीय कक्ष, पेयजल व बैठने की सुविधा से श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** विकास खंड के उजारनाथ गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन के मानचित्र पर विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं अवस्थापना विकास के लिए शासन से एक करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाई है। इस कार्य के लिए क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मांगी गई थी।

कार्यदाई संस्था सीएंडडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) के स्थानिक अभियंता (रेजीडेंट इंजीनियर) गोरखपुर-बस्ती मंडल संदीप चौरसिया ने बताया कि कार्ययोजना के लिए सितंबर माह में धन अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। प्रस्तावित विकास कार्यों में बहुउद्देशीय कक्ष का निर्माण, लगभग चार सौ वर्ग मीटर क्षेत्र में इंटरलाकिंग टाइल्स का कार्य, सोलर लाईट , श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था तथा बैठने के लिए स्टोन बेंच की स्थापना प्रमुख हैं। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि उजारनाथ मंदिर अत्यंत प्राचीन है और यहां विशेषकर महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। सुविधाओं के अभाव के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाई उठानी पड़ती थी। क्षेत्रीय जनता की मांग पर उन्होंने पर्यटन मंत्री से मिलकर यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में क्षेत्र के अन्य प्रमुख मंदिरों का भी पर्यटन विकास कराया जाएगा, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

मंदिर के विकास की इस पहल से भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। उनका मानना है कि पर्यटन सुविधाओं में वृद्धि से मंदिर की आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान को भी नया आयाम मिलेगा।

## एक नजर

### अश्लील गानों पर थिरके कदम, महिलाओं ने झुका ली नज़रें – प्रशासन खामोश!

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** नगर पंचायत फाजिलनगर में महावीरी अखाड़े का



जुलूस इस बार रंगीन और विवादित दोनों नजर आया। जुलूस में जहां युवाओं ने "ज्यादा कमर हिलाबू त टूट जाई हो..." जैसे अश्लील गानों की धुन पर जमकर तालियां और वाहवाही बटोरी, वहीं कस्बे में मौजूद महिलाओं और बच्चों के सामने माहौल शर्मसार कर देने वाला रहा।गांव पिपरा रजब से शुरू होकर पूरे कस्बे का भ्रमण करने वाला यह अखाड़ा प्रशासन की मौजूदगी में निकला, मगर हैरानी की बात रही कि अश्लील गानों और नर्तकियों के डांस पर किसी भी जिम्मेदार ने रोक–टोक नहीं की।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल अखाड़ा निकलता है लेकिन इस बार अश्लील गानों और डांस ने धार्मिक आयोजन की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। कई लोग इसे परंपरा के नाम पर फूहड़ता का प्रदर्शन बता रहे हैं।अब सवाल उठता है कि जब शासन–प्रशासन मौके पर मौजूद था, तो अश्लीलता पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या प्रशासन इस पर आंखें मूंदे रहेगा या अगली बार कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेगा?

### अतुल चौधरी पदोन्नत होकर महाविद्यालय के नए कार्यालय अधीक्षक बने

**अंबेडकर नगर।** 'बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज, परुईया आश्रम, अंबेडकर



नगर' ने आज घोषणा की अतुल चौधरी वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे, उन्हें पदोन्नत कर महाविद्यालय का नया कार्यालय अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज अपना नया कार्यभार संभाल लिया है। श्री चौधरी, जिनका संस्थान के साथ लंबा अनुभव है, अपनी कार्यनिष्ठा, समर्पण और प्रशासनिक कौशल के लिए जाने जाते हैं। उनकी पदोन्नति को महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और निरंतरता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा, मैं इस नई जिम्मेदारी को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। मेरा लक्ष्य होगा कि मैं अपने अनुभवों का उपयोग कर महाविद्यालय के प्रशासनिक तंत्र को और सुदृढ़ बनाऊँ, जिससे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बेहतर सेवाएँ मिल सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर परेश कुमार पांडे ने श्री चौधरी को बधाई देते हुए कहा, रहमें श्री चौधरी की पदोन्नति पर बेहद खुशी है। उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता हमारे लिए एक बड़ी संपत्ति है। हमें पूरा विश्वास है कि वे इस नए पद पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और महाविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगे। यह पदोन्नति श्री चौधरी के प्रति संस्थान के विश्वास और उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रोफेसर पवन कुमार गुप्त, डॉक्टर कुलदीप सिंह, डॉक्टर पवन कुमार दुबे, डॉ राजेश उपाध्याय, आशीष शर्मा, आलोक जायसवाल, वीरेंद्र मौर्य, अनिल केसरी आदि लोगों ने बधाई दी।

# चोरी के 15 लाख के सामान के साथ तीन चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर ।** इस जिले के अहिरौली बाजार एवं हाटा कोतवाली थानों , स्वाट तथा सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है । इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज गया है । इनके कब्जे से चोरी के जेवरात, 25 हजार रुपये की नगदी तथा एक - एक चार पहिया व दोपहिया वाहनों की बरामदगी हुई है । इनके पास से 325 बोर का एक तमंचा व दो कारतूस भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया है । बरामद हुए समान की कीमत करीब 15 लाख रुपये बतायी गयी है ।

पुलिस की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज उक्त पुलिस टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, जिनमें से दो आभूषण व्यवसायी है और चोरी के जेवरात खरीदते थे।

पुलिसिया पूछताछ में इन चोरों ने बताया है कि इनका एक पेशेवर संगठित गिरोह है , जिसका सरगना जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली है।जमालुद्दीन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से जनपद व आस-पास के जनपदों में दिन के समय सर्राफा एवं कपड़ा की दुकानों तथा सुनसान मकानों की रेकी करते हैं । रात में सेंधमारी या खिड़कियां उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। चोरी का सामान सर्राफा कारोबारियों को बेच देते है। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ है कि जमालुद्दीन अवैध धन का उपयोग नेपाल में कसीनो में जुआ खेलने के लिये करता है। अभियुक्त जमालुद्दीन का अंतर्जनपदीय चोरी का लंबा आपराधिक इतिहास है। इसके विरुद्ध कुशीनगर व गोरखपुर जिलों के विभिन्न थानों में एक दर्जन चोरी के मुकदमे पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तो में शामिल गिरोह का सरगना जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली कुशीनगर जिले के ही अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदुआर माफी टोला का निवासी है । दूसरा घनश्याम वर्मा पुत्र स्व0 मोतीलाल वर्मा तथा भोला वर्मा पुत्र जितेंद्र वर्मा हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली कस्बे की वृंदावन कालोनी का रहने वाले हैं । ये दोनों सर्राफा व्यवसायी हैं।

# भागवत श्रवण से खुलती हैं वासनाओं की ग्रंथियां होता है जीव का कल्याण : आचार्य विनय

» कथा सुन श्रोताओं के हृदय में उठीं भक्ति और वैराग्य की लहरें

» वैष्णव परंपरा में भक्तों के प्रति भगवान का है अनन्य प्रेम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** तमकुही विकास खंड के बरवाराजापाकड़ गांव स्थित सपही बरवा टोला में चल रहे सात दिवसीय राधा अष्टमी समारोह के दूसरे दिन कथा वाचक आचार्य विनय राघवदास ने भक्तिभाव से ओतप्रोत प्रसंगों का वर्णन किया।



कथावाचक ने शुकदेव के जन्म और परीक्षित के जन्म जैसे महत्त्वपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए। उन्होंने समझाया कि कैसे शुकदेव ने वैराग्य को जीवन का मूल आधार बनाया और राजा परीक्षित ने अंतिम क्षणों में भागवत श्रवण कर मोक्ष की प्राप्ति की।

आगे कहा कि वासनाएं ही प्रेत बनकर जीव में सप्त ग्रंथियों का रूप ले लेती हैं। जब कोई भागवत कथा का श्रवण करता है तो ये ग्रंथियां एक-एक कर खुलती चली जाती हैं और जीव वास्तविक आत्मबोध की ओर अग्रसर होता है। भागवत का उद्देश्य जीव, जगत और माया का वास्तविक ज्ञान कराना है। इसका बोध हो जाने पर जीव के जीवन में कल्याण की राह प्रशस्त होती है और उसका चित्त भगवान के चरणों में स्थिर हो जाता है। उन्होने बताया कि यदि कहीं किसी भक्त की कथा हो रही हो तो स्वयं नारायण वहां आकर कथा का श्रवण करते हैं। इसे वैष्णव परंपरा में भक्तों के प्रति भगवान का अनन्य प्रेम बताया गया है। इस संदर्भ में भक्त माल ग्रंथ में अनेक संत भक्तों की कथाएं वर्णित हैं। प्रसंगों को सुनकर श्रोताओं के हृदय में भक्ति और वैराग्य की गहरी लहरें उठती रहीं। आचार्य संजय चतुर्वेदी व पं. दीपक मिश्र ने परायण पाठ किया। संगीतमई आयोजन में आर्गन पर दयानंद सैनी, तबला पर संतोष श्रीवास्तव, मुरली पर राजन सिंह व झाल पर हरेंद्र ने संगत की। यज्ञ समिति राजापाकड़ के अध्यक्ष राजू यादव, सामाजिक कार्यकर्ता डा. आनंद यादव, मृत्युंजय सिंह मोनू आदि ने व्यासपीठ का पूजन कर कथा का शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर सिंहासन गुप्ता, हरिप्रसाद सेठ, वेदप्रकाश गुप्ता, अच्युतानंद पांडेय, धनंजय ओझा, सन्नी मिश्र, प्रेम कुमार पांडेय, रामसकल यादव, कीर्तन, मुन्ना लाल, राघव, रामजीत यादव, कृष्णा यादव, श्वेता, उमा, रिंकी, रिंकू, सीमा, शांति, मूर्ति, कमला, विमला, सुनरपति, रामआशीष, विद्या, रमेश श्रीवास्तव, ध्रुव गुप्ता आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एक से 30 सितम्बर तक चलेगा 'नो हेल्मेट, नो फ्यूल' अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के पत्र 25 अगस्त के निर्देश के अनुपालन में 'No Helmet, No Fuel' विषयक प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान दिनांक 01 से 30 सितम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। यह अभियान जन-सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।




मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन हेतु हेलमेट अनिवार्य है तथा धारा 194 D इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति (SCCORS) द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने हेतु राज्यों को निर्देशित किया गया है। अतः 'No Helmet, No Fuel' पहल विधि-सम्मत, जनहितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गम्भीर चोटों को घटाने के उद्देश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। जिसके क्रम में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-446 वै०स०/प०आ०/2025 दिनांक 26 अगस्त, 2025 द्वारा सड़क सुरक्षा को सुदृद्ध बनाने हेतु पत्र निर्गत कर निर्देशित किया गया है।

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के तहत चालक तथा सवारी द्वारा किसी दो पहिया वाहन पर यात्रा करते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस तरह हेलमेट न लगाना आईपीसी की धारा 188 के अन्तर्गत भी एक अपराध है, जिसमें छः माह तक के कैद की सजा हो सकती है। इस सम्बन्ध में अम्बेडकर नगर जनपद में स्थित सभी पेट्रोल पम्पों को अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। हेलमेट के अनिवार्यता की दृष्टि से जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालको को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि वह अपने पेट्रोल पम्प से दो पहिया वाहनों में ईंधन आपूर्ति करते समय मात्र ऐसे वाहनों में ही ईंधन की आपूर्ति करें जिनके चालक तथा पीछे बैठी सवारी हेलमेट धारण किये हों। बिना हेलमेट धारण किये चालको के दो पहिया वाहनों में ईंधन की आपूर्ति कदापि न किया जाये।

उपरोक्त के क्रम में 02 सितम्बर 2025 को नगर क्षेत्र के अयोध्या रोड, टाण्डा रोड व शहरी क्षेत्र के पेट्रोल पम्पों पर जिला पूर्ति अधिकारी, यातायात निरीक्षक व यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पम्पों पर जो भी मोटर साइकिल चालक बिना हेलमेट के वाहन संचालित करते हुए पाये गये ऐसे चालकों का यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा 04 तथा यातायात निरीक्षक द्वारा 06 तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा 11 वाहनों का चालान किया गया। इस प्रकार उक्त टीम द्वारा कुल 20 वाहनों का चालान किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा पेट्रोल पम्प संचालको को अवगत कराया गया कि पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा लगाया गया बैनर छोटा है उक्त के क्रम में सम्बन्धित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि अपने पेट्रोल पम्प पर बढ़ा बैनर / होर्डिंग उपयुक्त स्थान पर लगायें, जिससे चालकों को आसानी से उक्त होर्डिंग दिखायी दे सके।

जिला पूर्ति अधिकारी, अम्बेडकर नगर द्वारा सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रदेश व्यापी अभियान के विषय में लोगों को विनम्रता पूर्वक बताएं कि यह आपके एवं आपके परिवार के लिए तथा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत आपके जीवन के लिए अनमोल है किसी से भी विवाद न करें। इसी प्रकार पेट्रोल पम्प पर निरीक्षण की प्रक्रिया अभियान समाप्त होने तक अनवरत जारी रहेगी। 03 सितम्बर 2025 को जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर निरीक्षण की कार्यवाही की जायेगी।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम ने की बैठक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग में आ रही समस्याओं के निराकरण एवं उपभोक्ता संतुष्टि के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिलिंग एजेंसी से जुड़े मीटर रीडर प्रतिमाह उपभोक्ताओं के घर जाकर गुणवत्तापूर्ण बिलिंग सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात अवर अभियंता उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनें, उनके फोन समय से रिसीव करें और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने विशेष रूप से बुनकर एवं औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने पर बल दिया। स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को मीटर की उपयोगिता एवं लाभ के बारे में जागरूक किया जाए। सभी खंडों के अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे 03.09.2025 से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर कैंप आयोजित करें, जहाँ उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा विद्युत बकाये की धनराशि भी जमा कराई जा सके।

उन्होंने निर्देश दिया कि कैंपों का रोस्टर जारी कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इन शिविरों में आकर लाभान्वित हो सकें। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिशासी अभियंता अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले कार्मिकों का पहचान पत्र (आई-कार्ड) जारी करें। साथ ही, उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत सभी विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं से शिष्ट व्यवहार करें और जनसामान्य की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अधीक्षण अभियंता विद्युत, समस्त अधिशाषी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

**बैठक** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने की कृषको एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, विभिन्न बिन्दुओं पर बनी सहमति

# जिला प्रशासन ने तेज किया वर्षों से बंद पड़ी पड़रौना चीनी मिल को फिर चालू करने का प्रयास

» चीनी मिल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का दिया निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर ।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां के जिला प्रशासन ने वर्षों से बंद पड़ी पड़रौना चीनी मिल को चालू करने का प्रयास तेज कर दिया है । इस क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित रही बैठक में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कृषक प्रतिनिधियों एवं पडरौना चीनी मिल के कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया और आश्वस्त किया कि एक आवश्यक बैठक संपन्न की हुई। प्रयास का परिणाम बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि किसानों के बकाया गन्ना मूल्य एवं मिल कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान कराने तथा मिल को फिर चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है , ताकि क्षेत्र के किसानों में खुशहाली आये और रोजगार के अवसर भी मिलें । उन्होंने कहा कि मिल चालू कराने हेतु धन की आवश्यकता होगी। उसकी व्यवस्था कहां से की जाएगी। क्या जो व्यक्ति मिल चलाएगा , वह बकाया भुगतान करेगा और मिल चालू कराने में कुल कितना व्यय होगा आदि के संबंध में उन्होंने कहा कि सभी आंकड़े संकलित कर आगामी बैठकों में इसकी जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने मिल कर्मचारियों एवं किसानों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि किसानों एवं मिल कर्मचारियों की बकाए रकम का भुगतान हो जाये , तो इस बात पर सभी की सहमति है कि जो भी कोर्ट वगैरह में अपील दाखिल की गई है , उसे



वापस ले लियाय जाएगा । इस पर कृषक प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छा है कि कृषक हित में पडरौना चीनी मिल को चालू कराया जाय। कृषक प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन का हर तरह से सहयोग करने एवं जो भी मामले अदालत में हैं , उन्हें वापस लेने पर सहमति व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि एक तरफ समझौता होगा , दूसरी तरफ बकाए की धनराशि अंतरित कर दी जाएगी।

व्यवहारिक दृष्टिकोण से जो भी देय धनराशि है। उसका संकलन कर आगामी 10 से 12 दिनों में दूसरी बैठक में पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने मिल कि जमीन पर हुए अतिक्रमण को खाली कराए जाने के क्रम में सभी कृषक बंधुओं को प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपेक्षा की गई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी पडरौना को निर्देशित किया कि गलत तरीके से जो भी कब्जा किए है। उसे चिन्हित कर खाली कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। चीनी मिल के कुल भूमि की जानकारी लेने के क्रम में बताया गया कि 54 एकड़ के लगभग भूमि है। इसी क्रम में मिल कर्मचारियों द्वारा मिल से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रपत्र उपलब्ध कराए गए।कृषक प्रतिनिधि द्वारा इस अवसर पर आश्वस्त किया गया कि इस कार्य हेतु हर मजदूर, किसान जिला प्रशासन के साथ खड़ा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक साल के अंदर चीनी मिल को चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। कृषक पक्षकार बुंदल पांडेय ने कहा कि किसी भी किसान द्वारा किसी भी कोर्ट में कोई अपील, केस नहीं किया गया है। चीनी मिल क्षेत्र का हर किसान चाहता है कि चीनी मिल किसी तरह चालू हो जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि ढाडा चीनी मिल द्वारा प्लांट लगाए जाने हेतु 20 परिवारों द्वारा भूमि सर्किल रेट के चार गुना मुआवजा दिए जाने के बाद भी सहमति नहीं बनने के क्रम में कृषक प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए इस कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई। जिस पर एक से डेढ़ माह के अंदर वार्ता कर मामले का निस्तारण करा लिए जाने का आश्वासन कृषक प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी पडरौना ऋषभ पुंडीर, कृषक प्रतिनिधि छोटेलाल सिंह, संजय मल्ल, राकेश दत्त शुक्ला, मिल कर्मचारी मनोज श्रीवास्तव, टी0 एन सिंह, महेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, कामेश्वर तिवारी के साथ लेखपाल योगेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### जलालपुर में बंजर भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई, नोटिस जारी

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** जलालपुर तहसील के महमदपुर ग्राम सभा में गाटा संख्या 33 पर दर्ज बंजर भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नायब तहसीलदार हरीराम के नेतृत्व में गठित टीम ने स्थल का निरीक्षण और पैमाइश कर अतिक्रमण की पुष्टि की।

टीम में लेखपाल जयकरन पाल, गुलनाज बानो, सुमित यादव, धर्मेंद्र सिंह और महेंद्र चौधरी शामिल थे। जांच के दौरान बंजर भूमि पर अवैध निर्माण पाए गए। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नायब तहसीलदार हरीराम ने कहा कि बंजर भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कदम से क्षेत्र में अवैध कब्जों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

## एक नजर

### नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपए ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव निवासी दिनेश कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम नौ लाख रुपए ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया कि दस मई वर्ष 2022 को रतेह चौराहा पर दोस्तों के साथ नौकरी को लेकर बात कर रहा था। वहां मौजूद अश्वनी कुमार निवासी महेवा, हरिहरपुर बेदौली थाना पड़री हम लोगों की बातें सुन रहा था। अश्वनी कुमार ने मुझे नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और झांसा देकर कई बार में नगद और आनलाइन कुल नौ लाख रुपए मुझसे लिया। लेकिन नौकरी नहीं दिला सका। नौकरी के नाम पर लिए गए नौ लाख रूपए मांगने पर टालमटोल करने लगा और इधर उधर की बातें कर गुमराह करने लगा और रूपए देने से इंकार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस नौकरी के नाम पर नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर युवक से नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले सदर तहसील निवासी आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### रपटा पर जा रहा बालक नदी में गिरा, मौत

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बहेरा गांव में रपटा पर जा रहा बालक फिसल कर जरगो नदी में गिरा करीब दो घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद हुआ। चंदौली के चकिया थाना क्षेत्र के ताराडीह सिकंदरपुर निवासी दस वर्षीय रितेश कुमार पुत्र रामप्रसाद बहेरा गांव स्थित अपने नाना राम चरित्र कि तेरहवीं में आया था। मृतक के बड़े मामा सतीश कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े दस बजे के करीब वह मेरे छोटे भाई के साथ करहिया स्थित दुकान पर समान लेने जा रहा था की जैसे वह बन इमिलिया बहेरा गांव के बीच स्थित जरगो नदी पर बने रपटा पर पहुंचा कि फिसल कर वह नदी में गिर कर बह गया। बालक को नदी में बहने कि सूचना परिजनो ने थाने पर पुलिस को दिया गया। मौके पर एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने दलबल के साथ पहुंच कर स्थानीय गोताखोर लगाकर डूबे बालक का तलाश शुरू करवाया। करीब ढाई घंटे बाद बालक का शव बरामद हुआ। पुलिस विधिक कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृत बालक दो भाई में छोटा था। पिता मजदूरी करते है। नदी में बालक के बह जाने कि सूचना पर घर में कोहराम मच गया। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि जरगो नदी एक बालक कि डूबने से मौत हुई है।

### गणेश विर्सजन में करंट से आधा दर्जन झुलसे

**फतेहपुर।** गणपति बप्पा के विसर्जन के दिन एक भयानक हादसे ने धार्मिक महोत्सव की खुशी को शोक में बदल दिया। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम मिराई में विसर्जन यात्रा के दौरान पिकअप पर लगे डीजे की लोहे की रॉड अचानक हाई टेंशन लाइन से टकराई, जिससे वाहन में करंट दौड़ गया। इस हादसे में पिकअप पर सवार सात श्रद्धालु बुरी तरह झुलस गए और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जैसे ही डीजे की रॉड हाई टेंशन वायर से टकराई, सवार श्रद्धालु उछलकर नीचे गिर पड़े। घायलों में पुच्ची (17), आयुष सिंह (25), अभय सिंह (17), रवि सिंह (26), सारा पहलवान (खदरा), एक सफाईकर्मी का पुत्र और वाछा शामिल हैं। सभी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल से काशीराम कानपुर रेफर किया गया है।

### डीएम ने सुनीं पीड़ितों की समस्याएं



**फतेहपुर।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनसुनवाई में आए पीड़ितों की समस्याएं सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय में बड़ी संख्या में फरियादी एकत्रित हुए। डीएम ने कुछ पीड़ितों की समस्याएं कार्यालय में बैठकर सुनीं। जिसमें विभिन्न शिकायतें रही। इसके बाद जब डीएम विभागीय कार्यों के लिए बाहर निकले तो गैलरी में ही कुछ पीड़ति नजर आए। डीएम ने सभी से एक-एक करके शिकायती प्रार्थना पत्र लिए और उनकी समस्याओं को सुनने का काम किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य करें और पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता के आधार पर किया जाए। जनसुनवाई के दौरान 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

### बुढ़वा मंगल पर जगह-जगह भण्डारा




**अमौली, फतेहपुर।** बुढ़वा मंगल भाद्रपद माह के अंतिम मंगलवार को मनाया जाता है। इस दिन भगवान हनुमान के बूढ़े स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन भक्त हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते हैं। और मंदिरों में भंडारे आयोजित करते हैं। कस्बा में बाला जी सेवा समिति द्वारा सेंट्रल बैंक के पास मिश्रा मार्केट में सुंदर कांड का पाठ कर पूजा अर्चना की गई तदोपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिस पर मनोज बाजपेयी, अवध नारायण त्रिवेदी, लक्ष्मी शंकर मिश्रा, पुत्तन सैनी, विवेक उमराव, गुड्डी सविता, जय, गब्बर सिंह, अरविंद उमराव, अखिलेश सचान, श्रीकांत उत्तम सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं सुंदर कांड सेवा समिति द्वारा पुलिस चौकी के पीछे बैजनाथ धाम मन्दिर में भी पूजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के अनिल ओमर, किशन दुबे, महेंद्र पाण्डेय, ब्रजेन्द्र तिवारी, मंझिल शुक्ला, बाबा, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### क्राप सर्वे के कार्य से मुक्त रखने की मांग



**फतेहपुर।** ग्राम रोजगार सेवकों को क्राप सर्वे के कार्य में लगाए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने श्रम एवं रोजगार आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर ग्राम रोजगार सेवकों को क्राप सर्वे कार्य से मुक्त रखने की मांग की है। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान के नेतृत्व में रोजगार सेवक श्रम एवं रोजगार आयुक्त कार्यालय पहुंचे। जहां ज्ञापन सौंपकर बताया कि संज्ञान में आया है कि जनपद के ग्राम रोजगार सेवकों को शासनादेश के विरूद्ध कृषि/राजस्व विभाग के क्राप सर्वे कार्य में लगाया जा रहा है जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि ग्राम रोजगार सेवकों से जाब चार्ट के अतिरिक्त अन्य कार्य नहीं लिए जाने हैं। मांग किया कि शासनादेश के अनुसार जनपद के साथियों को क्राप सर्वे कार्य से मुक्त किया जाए। अन्यथा की दशा में जनपद का समस्त ग्राम रोजगार सेवक आंदोलन के लिए विवश हो जाएगा। इस मौके पर लालू प्रसाद, राजा मान सिंह, महेन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह सहित अन्य रोजगार सेवक भी मौजूद रहे।

# बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रसित व्यक्तियों से बैठक दी विभिन्न जानकारियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**हरदोई।** मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह तथा मानसिक रोग व बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कानूनी अधिकार व नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व उसके बचाव के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला सचिव/अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति सदर सचिव/तहसीलदार सचिंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशन राष्ट्रीय पोषण सप्ताह तथा मानसिक रोग व बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कानूनी अधिकार व नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व उसके बचाव के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन महिला जिला चिकित्सालय हरदोई में किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षका सुबोध सिंह द्वारा की गई।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हर साल एक सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जाता है।यह सप्ताह लोगों को संतुलित आहार, अच्छी पोषण संबंधी आदतों के महत्व और कुपोषण की जटिल समस्याओं से निपटने के लिए शिक्षित करने के लिए समर्पित है। शिविर में फैमिली वेलफेयर काउंसलर डॉक्टर गरिमा शुक्ला द्वारा बताया गया कि भारत के चार राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम हैं। जिनमें पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन), प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण,मध्याह्न भोजन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना कार्यक्रम किशोरियों, गर्भवती महिलाओं,स्तनपान कराने वाली माताओं और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बीच स्टंटिंग, कुपोषण और एनीमिया को रोकने और कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। शिविर मे लीगल एड क्लीनिक श्यामू सिंह के द्वारा जानकारी दी गई कि मानसिक रोग व बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों में गरिमा के साथ जीने,समुदाय में रहने, बिना किसी भेदभाव के समान अवसर, मुफ़्त कानूनी सहायता और उचित स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का अधिकार शामिल है। ये अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,21, और 39 ए के साथ-साथ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में निहित हैं। मानसिक रोग या बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्ति केवल विशिष्ट अक्षमताओं के कारण गैर-व्यक्ति नहीं बन जाते। वह भी समाज के पूर्ण सदस्य हैं और उन्हें वे सभी मानवीय अधिकार प्राप्त हैं जो किसी अन्य व्यक्ति को प्राप्त होते हैं। शिविर में पी एल वी कीर्ति कश्यप द्वारा बताया गया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग, मनोरंजक दवाओं, शराब और तंबाकू जैसे पदार्थों का अनुचित या अत्यधिक उपयोग है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकते हैं।

इसका आकलन अक्सर विभिन्न तरीकों से किया जाता है, जैसे नैदानिक नमूने, मृत्यु-परीक्षा विष विज्ञान, अवैध पदार्थों की ज़ब्ती के आँकड़े है। बताया कि आगामी 13 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की गई।शिविर में महिला जिला चिकित्सालय का स्टाफ व मौजूद रहा।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल असेम्बली ऑपरेटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन

**फतेहपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से उन्नयन हेतु चयनित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिन्दकी में आधुनिक तकनीक से युक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल असेम्बली ऑपरेटर कोर्स में प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त कोर्स को पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों का उत्कृष्ट अधिष्ठानों में सेवायोजन हेतु प्रयास किया जायेगा।

इलेक्ट्रिक व्हीकल असेम्बली ऑपरेटर प्रशिक्षण के लिए योग्यता 5 वीं पास एवं 4 वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव या 8 वीं पास एवं निरन्तर स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हुए या 9 वीं पास या ऑटोमोटिव असेम्बली असिस्टेंट लेवल-2 प्रमाण पत्र एवं 01 वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव होना चाहिए।

# विद्युत करंट से सास की मौत, बहू की हालत गंभीर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बिंदकी, फतेहपुर।** पावर मशीन में चारे की कतराई करते समय सास करंट के चपेट में आ गई। आवाज सुनकर बहू बचाने पहुंची। बहू ने सास को करंट से दूर करने की कोशिश की तो स्वयं करंट में चिपक गई। करंट में चिपकने से सास की मौत हो गई। बहू को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नया पुरवा मजरे नरैचा गांव में मंगलवार को दिन में करीब एक बजे चारा काटने की पावर मशीन में महिला सिया देवी 42 वर्ष पत्नी राजू निषाद चारा कतर रही थी। तभी वह करंट के चपेट में आ गई। उन्होंने शोर मचाया तो उनकी बहू नीता देवी 23 वर्ष पत्नी पिंटू दौड़कर आई और सास को करंट से दूर करने लगी। जिसके चलते वह भी करंट के चपेट में आ गई। सास बहू की आवाज सुनकर गांव के अन्य लोगों ने किसी तरह प्रयास करके सास-बहू को करंट से दूर किया। जिसमें सांस सिया देवी की मौत हो गई हालांकि जीवित रहने की आशा पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बहू नीता देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

खागा कोतवाली पुलिस ने शातिर अभियुक्त रामजीत सिंह पुत्र धर्म सिहं निवासी भानपुर को एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं 356/2025 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जगजीवनराम, उप निरीक्षक राजेश सिंह यादव, कांस्टेबल बृजेश कुमार, अमन सिंह आदि शामिल रहे।

# शत्रु संपत्ति को लेकर बैठक ग्रामीणों को दी जानकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** तहसील परिसर में मंगलवार को राजस्व विभाग की ओर से शत्रु संपत्ति को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार शैल कुमारी एवं राजस्व अधिकारी कोमल यादव ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान क्षेत्र के कई ग्रामों के ग्रामीणों के साथ-साथ विभागीय कर्मचारियों एवं अधीनस्थों ने भी हिस्सा लिया।

बैठक में शत्रु संपत्ति से संबंधित शासनादेशों और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शत्रु संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा अवैध माना जाएगा। इस संबंध में शासन की ओर से समय-समय पर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा गया कि यदि किसी गांव में शत्रु संपत्ति चिन्हित है तो उसकी सूचना तत्काल राजस्व विभाग को दें, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। राजस्व अधिकारी कोमल यादव ने बताया कि सरकार का उद्देश्य ऐसी संपत्तियों की सुरक्षा करना और उन्हें सरकारी उपयोग में लाना है।

तहसीलदार शैल कुमारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शत्रु संपत्तियों का सत्यापन कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जा पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने अधिकारियों से संबंधित सवाल भी किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा।

# स्वर्ण पदक हासिल करने वाली टीम के हिस्सा रहे अंशुमान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर।** प्रथम अंतर्राष्ट्रीय बार एंड बेंच बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय विधिक सेवा के 26 अधिवक्ताओं से सुसज्जित टीम इंडिया ने थाईलैंड के फुकेट में आयोजित हुई। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रतिभागी खिलाड़ी अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।

टीम में जनपद के हथगांव कस्बा के रहने वाले व्यवसायी यतींद्र कुमार द्विवेदी के पुत्र अंशुमान द्विवेदी भी शामिल रहे। अंशुमान सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता एवं विशेष लोक अभियोजक (अपराध) उत्तर प्रदेश सरकार हैं। टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व 26 चैंपियनों ने किया। फुकेट में शामिल खिलाड़ी 26 एवं 27 जुलाई को दिल्ली में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय बार एंड बेंच बैडमिंटन चैंपियनशिप में सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता रहे। अंशुमन की पत्नी तृषि द्विवेदी मनोचिकित्सक हैं जबकि बहन डॉ. शिखा त्रिपाठी गोल्ड मेडलिस्ट हैं जो मेलबॉर्न ऑस्ट्रेलिया में मनोचिकित्सक हैं।

## आयुष्मान केंद्र औरा बरुआ में केंद्र का ताला तोड़कर की चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गाँव स्थित आयुष्मान केंद्र का ताला तोड़कर आराजक तत्वों ने बीते 30 अगस्त को ताला तोड़कर चोरी कर सामान उठा ले गए जानकारी होने पर ग्राम प्रधान कमलेश कोल व सीएचओ सीमा द्वारा पुलिस को मंगलवार को थाने में तहरीर देकर आराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग है। पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की आयुष्मान केंद्र पर आये दिन वंहा पर कुछ आराजक तत्वों द्वारा देर रात तक बैठकर शराब पीना और बैठना घूमना लगा रहता है जिसमें आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र पर क्षति पहुंचाते है। 30 अगस्त की सुबह स्वास्थ्य केंद्र पर गया तो वहां पर ताला टुटा पाया गया और हीटर, बीपी मशीन, संबंधित रजिस्टर और बिजली वायरिंग कोई क्षति ग्रस्त कर दिया गया है जिस पर पुलिस ने तहरीर मिलने पर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# सरकंडी ग्राम के विकास कार्यों में करोंडो के घोटाला का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** असोथर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सरकंड़ी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र के साथ एक शिकायती पत्र देते हुए लाखों रुपये भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायती पत्र में नाली, खडंजा निर्माण के साथ हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत के साथ ही मनरेगा योजना के अन्तर्गत 363 फर्जी जॉबकार्ड के सहारे वर्ष 2021 से अब तक करोंडो की धनराशि निकाल कर आपसी बंदरबाट करने की बात कही गई है।

ग्रामीणों अशोक कुमार, रोशन सिंह, इन्द्रेश तिवारी सहित अन्य ने जिलाधिकारी को बताया कि सरकण्ड़ी की ग्राम प्रधान पुष्पा देवी पत्नी संतोष द्विवेदी ने मनरेगा योजना के अन्तर्गत 363 फर्जी जॉबकार्ड के

» जिलाधिकारी ने मामले में जांच करा कर सही कठोर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है।

सहारे फर्जी बैंक खाता खोल कर अभिलेखीय कदाचार करते हुए वर्ष जुलाई 2021 से अब तक करोडों रुपये का घोटाला किया है, जबकि उक्त कार्डधारक ग्राम पंचायत के निवासी ही नहीं है।

उन्होने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में पुलिया शिवालय व कूप मरम्मत, नाली-खड़ंजा जीर्णोद्धार एवं मरम्मतीकरण के नाम पर सरकारी धनराशि का घोटाला किया है।

इसके अलावा शौचालय जैसी महत्वपूर्ण योजना के तहत धनराशि आहरित की गई, लेकिन कोई भी शौचालय मौके पर मौजूद नहीं है। राज्य वित्त एवं 15 वां वित की जुलाई 2021 से अब तक प्राप्त धनराशि में अभिलेखीय कदाचार कर प्रधान, सचिव तथा बीडीओ की मिलीभगत से धन व पद का दुरूपयोग कर गबन किया गया है। हैण्डपम्प मरम्मतीकरण का कार्य बिना प्रॉकलन व स्टीमेट तथा बिना एमबी के भुगतान निकाल कर वित्तीय अनियमितता बड़े पैमाने पर की गई है।

इतना ही नहीं खुली बाजार की कीमत के अनुसार 35 हजार रुपये में स्थापित होने वाले हैण्डपम्प का भुगतान 5व से 55 हजार आहरित किया गया है। इसी प्रकार अन्य बिंदुओं पर भी भ्रष्टाचार कर धनगबन का आरोप लगाया है।

# व्यावसायिक शिक्षा से प्रदेश में तैयार हो रही है सशक्त तकनीकी मैनपॉवर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है जिसकी जनसंख्या लगभग 25 करोड़ है जिसमें 15 से 59 आयु वर्ग को उत्पादक आयु वर्ग माना जाता है जो कुल जनसंख्या का लगभग 62प्रतिशत है। इन आयु वर्ग के लोगों को कौशल ज्ञान होना जरूरी है। तकनीकी और कारीगरी ज्ञान से कुशलता प्राप्त कर युवा स्वयं एवं प्रदेश देश की प्रगति में विशेष योगदान दे रहे है।

प्रदेश सरकार व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक 01 व 02 वर्षीय व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त अप्रेन्टिसशिप योजना के माध्यम से युवाओं को उद्योगों व सूक्ष्म, लघु व

» राजकीय आई.टी.आई. के सभी प्रशिक्षार्थियों को उद्योगों व एम0एस0एम0ई0 में 07 से 15 दिवस की ऑन-जॉब ट्रेनिंग कराई जा रही है।

मध्यम उद्योगों (एम०एस०एम०ई०) में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कराया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा घोषित 35 नये आई.टी.आई. में से 23 के निर्माण कार्य पूर्ण कर क्रियाशील कर दिए गए हैं। इन 35 में से 19 संस्थानों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) मॉडल पर तथा 04 संस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं।

वर्तमान में प्रदेश में 324 आई.टी.आई. हैं जिनके द्वारा 1.84 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष विभिन्न ट्रेड्स में ट्रेनिंग दी जा रही है। इनमें से 38 आई.टी.आई. पी.पी.पी. मॉडल पर संचालित हैं।

प्रदेश में अप्रेन्टिसशिप योजना के अन्तर्गत अब तक 2,81,291 से अधिक युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिलाया गया है। वर्ष 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डालर के स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (यूपीजीआईएस) 2023 में निवेश हेतु प्राप्त 71 प्रस्ताव में रू0 7031 करोड़ की धनराशि का निवेश आगामी वर्षों में होने की सम्भावना है। इसमें नये संस्थानों की स्थापना व अपग्रेडेशन शामिल है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु आई.टी.आई. में 151 आईटी लैब तथा 144 स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये गये हैं।

## उपनिदेशक कृषि ने खाद की दुकान और साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** उपनिदेशक कृषि विकेश पटेल ने सोमवार को ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवरी दक्षिण गांव स्थित खाद की दुकान का निरीक्षण किया। दुकान में उर्वरक नही मिला लेकिन दुकान में 48 बोतल नैनो यूरिया पाया। जिसपर उपकृषि निदेशक ने दुकानदार को फटकार लगाते हुए कहा कि उर्वरक के साथ नैनो यूरिया आदि की टैगिंग पाए जाने पर उर्वरक बिक्री प्राधिकार पत्र निरस्त कर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उपकृषि निदेशक ने सेमरा कलां गांव स्थित बबुरा कलां साधन सहकारी समिति का निरीक्षण किया। उपकृषि निदेशक ने किसानों से खाद वितरण के संबंध में जानकारी ली। उपकृषि निदेशक ने समिति के खाद वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया जिसमें किसानों को दस बोरी खाद दी गई थी।इस संबंध में सचिव नारायण दत्त दुबे से पूछा तो उन्होंने बताया कि दस बोरी खाद समिति के सदस्यों को दी गई है।

# प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के सिलमी गांव में सोमवार की देर शाम प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दे दी। देर रात दोनों का शव गांव से कुछ दूरी पर ही जंगल में पड़े मिले। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रेमी युगल की मौत के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा रहा।

जानकारी के अनुसार सिलमी गांव निवासी शिवबाबू की 17 वर्षीय पुत्री अंकिता देवी हथगाम थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी शैलेश पासवान (25) से प्रेम करती थी। दोनों प्रेमी व प्रेमिका रिश्ते में चाचा-भतीजी हैं। शैलेश पासवान अक्सर प्रेमिका के यहां आया जाया करता था। इस दौरान उसको अपनी भतीजी अंकिता से प्रेम हो गया। दोनों के बीच पिछले कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अंकिता देवी बारहवीं की छात्रा थी। दोनों के बीच चल रहा प्रेम प्रसंग शादी तक पहुंच गया था। दोनों एक साथ रहना चाहते थे लेकिन समाज की कुरीतियां दोनों के बीच रोड़ा बन रही थी। जिसके चलते दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों पूर्व शैलेश सिलमी गांव आया था। गांव आने के बाद वह रिश्ते की भतीजी प्रेमिका को लेकर खेतों की घूमने गया हुआ था। जहां दोनों को परिजनों ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद प्रेमिका के परिजनों ने उसके बाहर निकलने पर रोक लगा दी थी। रोक के बाद दोनों एक दूसरे से मिल नहीं पा रहे थे। सोमवार की सुबह अंकिता घर में बिना बताए गायब हो गई थी।

परिजन अंकिता की तलाश में भटक रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव किनारे जंगल में एक युवक को अचेतावस्था में पड़ा देखा। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घटना** अजरौली गांव में परिजनों से वार्ता करते कांग्रेसी

# अजरौली गांव पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर।** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने अजरौली गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उनके दुख में सम्मिलित होते हुए उन्हें सांत्वना दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि इस अप्रत्याशिक घटना का कारण केवल चुनावी रंजिश है जिसमें आरोपी सत्ता पक्ष के नेताओं का संरक्षण प्राप्त बताया जा रहा है।

घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में हो रही हत्याएं एवं अन्य अपराध चिंता का विषय है। अपराध रोकने में अक्षम सरकार अपनी तारीफ के थोथे ढिंढोरे पीट रही है जिसका आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता करारा जवाब देने को उत्सुक है। प्रतिनिधि मंडल में मौजूद शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि दुख का विषय यह है कि भाजपाई स्वयं निडरता के साथ कानून अपने हांथ में लेकर अपराध कर रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है परंतु अब इसका अंत आ चुका है। जनता सब कुछ जान कर बस चुनाव का इंतजार कर रही है।

अजरौली पहुंचे कांग्रेसियों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, इंजी. देवी प्रकाश दुबे, माधुरी रावत, ओम प्रकाश गिहार, रामनरेश महराज, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा, असगर अली, सलीम शेख, धाता नगर अध्यक्ष राकेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शानू खान, वकार मौजूद रहे।

# शहर व गांव की सड़क मार्ग की बदहाली के विरोध में सपा का प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** शहर की संपर्क मार्ग, ईटवाँ चौराहा से टांडाफाल, बथुआँ गाँधी से नई बस्ती नकहरा रोड, चपउर कला ब्राहमण, रमईपट्टी से कनौरा घाट, बरबटा मंदिर से सदलूपुर, बघेड़ा कर्णावती बहरा तक, भारतगंज विजयपुर मार्ग से हरिजन बस्ती कुसहाँ तक, हलिया से मतवार, ड्रमण्डगंज से गलरा, गड़बड़ा धाम रोड, खजुरौल से जमुड़ी मार्ग हरदी नदी रीवा माईनर, बड़भुईली से सकरौड़ी नुरपुर भाईपुर होते हुये हसौली चट्टी तक।

राजगढ़ करबला से लेकर कुड़ी सम्पर्क मार्ग, गढ़वाँ सम्पर्क मार्ग, राहकला सम्पर्क मार्ग से असाढ़ी तक, चितांग चौराहे से रेही मझियार बार्डर तक, मझिगवां, लखनपुर, चील्ह से लेकर मदनपट्टी तक, सबरी नटवा रोड की मरम्मत को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टेट में विरोध प्रदर्शन किया।

सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। इस अवसर पर 18 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को सम्बोधित अतिरिक्त मजिस्टेट को दिया गया।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बरसात के कारण सड़क से लेकर गांव तक की सड़के खराब हो गई है। सड़क की मरम्मत न होने से रोज ही दुर्घटना हो रही है। सड़क के जर्जर होने से आवागमन में लोगों को काफी समस्याएं हो रही हैं। मार्ग की बदहाली से लोगो का आना जाना मुश्किल हो गया है।

## एक नजर

### मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था। स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में UAE में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, 'मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का, न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।'

### जिम्बाब्वे की टी-20 टीम में ब्रेंडन टेलर की वापसी

श्रीलंका के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने 16 प्लेयर्स का स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। ICC से 4 साल का बैन झेलने के बाद वनडे और टेस्ट टीम में वापसी करने वाले विकेटकीपर बैटर ब्रेंडन टेलर को टी-20 टीम में भी जगह मिल गई। वहीं 2024 में आखिरी टी-20 खेलने वाले ऑलराउंडर शॉन विलियम्स ने भी टीम में जगह बना ली। विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए आखिरी टी-20 मैच मई 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। उनके नाम 81 टी-20 मैचों में 1691 रन बनाने के साथ 48 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2006 में ही टीम के लिए टी-20 डेब्यू कर लिया था। 39 साल के टेलर भी 4 साल बाद जिम्बाब्वे के लिए टी-20 मैच खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 खेला था। वे टीम के लिए 45 मुकाबलों में 934 रन बना चुके हैं। ICC ने उन्हें 2021 में करप्शन की खबर छिपाने के कारण 4 साल के लिए बैन किया था। जिसके बाद उन्होंने इसी साल जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में भी वापसी की।

### BCCI ने लीड स्पॉन्सर के लिए जारी किया टेंडर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मंगलवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के राइट्स के लिए टेंडर बुलाए हैं। ड्रीम-11 ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया था। BCCI सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार (25 अगस्त) को इसकी जानकारी दी थी। BCCI ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरेंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। BCCI ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। BCCI ने मंगलवार को लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (IEOI) रिलीज किया है। इसे खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। वहीं टेंडर भरने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। ड्रीम-11 ने 2023 में BCCI के साथ 358 करोड़ रुपए में तीन साल का स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। हाल ही में ड्रीम-11 जैसे रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन कर दिया गया था। इस वजह से यह स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया। मार्च 2023 तक BYJU'S टीम इंडिया का लीड स्पॉन्सर था। टीम के खिलाड़ियों के जर्सी पर सामने की ओर BYJU'S लिखा दिखता था।

# कजाकिस्तान को हराकर अब भारत की भिड़ंत कोरियाई टीम से



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी एशिया कप 2025 टूर्नामेंट में भारत ने कजाकिस्तान को हरा कर लगातार अपनी तीसरी जीत हासिल की है। इसके साथ ही भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 में पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर चुकी थी। टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में अपना टॉप स्थान पक्का किया है। बिहार के राजगीर में चल रहे हॉकी एशिया कप 2025 टूर्नामेंट में भारत ने कजाकिस्तान को हरा कर लगातार अपनी तीसरी जीत हासिल की है। इसके साथ ही भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 में पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर चुकी थी। टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में अपना टॉप स्थान पक्का किया है। बुधवार से रोमांच क बार फिर अपने चरम पर होगा जब सुपर-4 राउंड के महादंगल की शुरुआत होगी। पूल ए में भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन से एक बार फिर साबित कर दिया है कि एशिया में हॉकी का सिरमौर वही है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की आक्रामक अगुवाई और टीम की बेहतरीन तालमेल की बदौलत भारत सभी तीन मैच जीतकर 9 अंक जुटाए और ग्रुप में टॉप पर रहा।

भारत के लिए खास बात ये रही कि टीम के युवा खिलाड़ियों ने भी बखूबी जिम्मेदारी निभाई। मध्य पंक्ति में तेज पासिंग, पेनाल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत की धारदार स्ट्रोक और सर्कल में अभिषेक की फुर्ती ने भारत को हर मुकाबले में बढ़त दिलाई। इसके अलावा मैदान में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय फैंस ने अपने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। वहीं अब बुधवार, 3 सितंबर से राउंड-4 की भिड़ंत शुरू होगी। जहां पहला मैच पूल ए की थर्ड और पूल बी की फोर्थ टीम के बीच होगा। ये मैच जापान और चीनी ताइपे के बीच होगा जो दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। इसके बाद असली संग्राम शुरू होगा, जब सुपर-4 राउंड चरण में शाम 5 बजे चीन और मलेशिया आमने-सामने होंगे।

### 17 साल बाद भारत करेगा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी

17 साल बाद भारत बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2009 में ये टूर्नामेंट हैदराबाद में हुआ था। सोमवार को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने मेजबान शहर के रूप में नई दिल्ली के नाम का ऐलान किया है। इससे पहले 2009 में ये टूर्नामेंट हैदराबाद में हुआ था।

# सिनर तीसरी बार US ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर US ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के US ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।

**क्वार्टर फाइनल में मुसेट्टी से भिड़ेंगे सिनर**

क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को AI-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की।



**ओसाका ने गॉफ को हराया**

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापान की नाओमी ओसाका भी इस ग्रैंड स्लैम के विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने चौथे राउंड में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराया। ओसाका 2020 के बाद (जिसमें उन्होंने US Open जीता था) पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

# सोने के दाम में गिरावट, चांदी में रही बढ़त

**मुंबई।** सोने के दाम में आज यानी 2 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार आज सोना 69 रुपए गिरकर 1,04,424 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,04,493 रुपए पर था। वहीं चांदी में आज की कीमत में आज मामूली बढ़त रही। ये 33 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,22,800 रुपए थी।



**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत ₹97,400

मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत ₹97,250

कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत ₹97,250

चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत ₹97,250

भोपालः 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,06,140 और 22 कैरेट सोने की कीमत ₹97,300

सोना इस साल अब तक ₹28,262 महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 28,262 रुपए बढ़कर 1,04,424 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 36,816 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**इस साल ₹1 लाख 8 हजार तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सोने की कीमतों में तेजी के 5 कारण**

वैश्विक अनिश्चितताः ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीद रहे हैं।

# सेंसेक्स 206 अंक गिरकर 80,157 पर बंद :निफ्टी भी 45 अंक लुढ़का

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 2 सितंबर को सेंसेक्स 206 अंक गिरकर 80,157 के स्तर पर बंद हुआ। सुबह इसमें करीब 400 अंकों की तेजी थी। निफ्टी में भी 45 अंक की गिरावट रही, ये 24,579 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 15 में गिरावट और 15 में ही तेजी रही। आज IT, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। वहीं एनर्जी और FMCG शेयर्स में बढ़त रही।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.29% ऊपर 42,310 पर और कोरिया का कोस्पी 0.94% चढ़कर 3,172 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.47% नीचे 25,496 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45% गिरकर 3,858 पर बंद हुआ।



29 अगस्त को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.20% गिरकर 45,545 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 1.15% और S&P 500 में 0.64% की गिरावट रही।

1 सितंबर को घरेलू निवेशकों ने ₹4,345 करोड़ के शेयर्स खरीदे

1 सितंबर को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने कैश सेगमेंट में 1,429.71 करोड़ के शेयर्स बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 4,344.93 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।

# बोट के IPO को SEBI की मंजूरी मिली

## ₹2,000 करोड़ का इश्यू ला सकती है कंपनी ; 12 अन्य कंपनियों को भी अनुमति मिली

**मुंबई।** सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने स्पीकर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बनाने वाली कंपनी बोट के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO को मंजूरी दे दी है।

बोट की पेरेंट कंपनी इमेजिन मार्केटिंग लिमिटेड ने अप्रैल 2025 में IPO के लिए गोपनीय तरीके से ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया था। बोट के अलावा सेबी ने अर्बन कंपनी, जुनिपर ग्रीन एनर्जी सहित कुल 13 कंपनियों के IPO को मंजूरी दी है।

**2000 करोड़ रुपए का हो सकता है इश्यू-** IPO का टोटल साइज 2,000 करोड़ रुपए हो सकता है। कंपनी की वैल्यूएशन 13,000 करोड़ रुपए के आसपास हो सकती है। इस बार के IPO में नई शेयर इश्यू और ऑफर फॉर सेल का ब्योरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी के शेयर BSE और




NSE पर लिस्ट होंगे। IPO की लॉन्च डेट, प्राइस बैंड जैसी डिटेल्स बाद में सामने आएगी।

**2022 में भी कंपनी ने IPO के लिए अप्लाई किया था**

ये बोट का शेयर बाजार में उतरने का दूसरा प्रयास है। इससे पहले जनवरी 2022 में कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपए का IPO लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर्स दाखिल किए थे। इसमें 900 करोड़ रुपए के नए शेयर और 1,100 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल (OFS) शामिल था। लेकिन उस समय मार्केट की स्थिति ठीक न होने की वजह से कंपनी ने अपने प्लान को टाल दिया था। इस बार कंपनी ने गोपनीय प्री-फाइलिंग रूट का सहारा लिया है, जो कंपनियों को अपने IPO की योजना को सार्वजनिक करने से पहले ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी देता है।

**अमन गुप्ता और समीर मेहता ने लॉन्च किया था बोट-**2013 में अमन गुप्ता और समीर मेहता ने मिलकर इमेजिन मार्केटिंग की स्थापना की थी और 2014 में बोट ब्रांड लॉन्च किया गया। आज बोट भारत में हेडफोन्स, स्मार्टवॉच और ऑडियो प्रोडक्ट्स का जाना-माना नाम है। कंपनी के प्रोडक्ट्स में ऑडियो गियर, स्मार्ट वियरेबल्स, पर्सनल ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स और मोबाइल एक्सेसरीज शामिल हैं।

# शाहरुख की बेटी ने किसानों को अलॉट सरकारी जमीन खरीदी

## सुहाना पर बिना परमीशन जमीन खरीदने का आरोप, मुंबई पुलिस ने तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान जमीन के सौदे के कारण मुश्किल में फंस गई हैं। अलीबाग के थल गांव में महाराष्ट्र सरकार ने खेती के लिए किसानों को जमीन दी थी। सुहाना ने यह जमीन खरीदी है। ऐसी जमीन खरीदने के लिए कलेक्टर की मंजूरी जरूरी होती है, लेकिन सुहाना पर आरोप है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए अनुमति नहीं ली और न ही कागजी प्रक्रिया पूरी की। सुहाना ने यह जमीन मुंबई के कफ परेड में रहने वाले खोटे परिवार से करीब 12.91 करोड़ रुपए में खरीदी दी। उन्होंने 77.46 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी भी दी। ट्रांसफर 30 मई 2023 को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के जरिए हुआ। मुंबई पुलिस के रेजिडेंट डिप्टी कमिश्नर ने इस डील की जांच के लिए अलीबाग तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है।

**किसानों की जमीन खरीदने के लिए कलेक्टर की परमिशन जरूरी**

महाराष्ट्र कृषि भूमि अधिनियम, 1961 के मुताबिक जो व्यक्ति खुद किसान है (या जिसके परिवार के पास पहले से कृषि भूमि है), वही खेती की जमीन खरीद सकता है। गैर-किसान सीधे ऐसी जमीन नहीं खरीद सकते हैं।

अगर जमीन सरकार ने केवल खेती के लिए किसी किसान परिवार को दी है, तो वह जमीन सीधे नहीं बेची जा सकती। इसके लिए कलेक्टर की मंजूरी लेना जरूरी है। खरीदार और विक्रेता दोनों को तहसीलदार कलेक्टर से NOC लेना होता है।



# मृणाल का अनुष्का पर तंज!

## कहा- वो अब काम नहीं कर रही, मैं कर रही हूं, ये अपने आप में जीत है, सुल्तान से रिप्लेस हुई थीं

बिपाशा बासु पर दिए गए विवादित बयान के बाद अब मृणाल ठाकुर का एक और पॉडकास्ट सामने आया है, जिसमें वो एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा पर अजीबो-गरीब बयान देती नजर आई हैं। उन्होंने बिना नाम लिए न सिर्फ अपनी तुलना अनुष्का से की बल्कि खुद को उनसे बेहतर कहा। एक पॉडकास्ट में मृणाल से पूछा गया था कि क्या उन्होंने कोई ऐसी फिल्म छोड़ी है, जो बाद में सुपरहिट हो गई हो। इस पर मृणाल ने कहा, 'ऐसी बहुत सी हैं, दरअसल, मैंने न कर दिया, क्योंकि मैं तैयार नहीं थी। जरूर कंट्रोवर्सी हो जाएंगी। फिल्म सुपरहिट रही, लेकिन फीमेल एक्ट्रेस को आगे बढ़ने में फायदा नहीं मिला। लेकिन फिर मैंने एहसास किया कि अगर मैंने उस समय वो फिल्म कर ली होती, तो मैं खुद को खो देती। वो इस वक्त काम नहीं कर रही हैं, लेकिन मैं कर रही हूं, ये अपने आप में एक जीत है।' आगे मृणाल ने कहा, 'मुझे इंस्टेंट आनंद, इंस्टेंट पहचान और इंस्टेंट फेम नहीं चाहिए, क्योंकि जो चीजें जल्दी मिलती हैं वो जल्दी चली भी जाती हैं।' मृणाल का ये वीडियो वायरल होने के बाद अनुष्का शर्मा के फैंस उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, मुझे लगता है ये अनुष्का की बात कर रही है।



### विवेक रंजन अग्निहोत्री की ममता बनर्जी से अपील:द बंगाल फाइल्स बैन न करने की मांग की, कहा- हिंदुओं का दर्द दिखाना गुनाह है, तो मैं गुनहगार हूं

विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स 5 सितंबर को रिलीज होने वाली है, हालांकि संवेदनशील मुद्दा होने पर इस फिल्म को पश्चिम बंगाल में फिल्म का विरोध किया जा रहा है। अब विवेक रंजन अग्निहोत्री ने एक वीडियो जारी कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मैसेज देते हुए फिल्म बैन न किए जाने की मांग की है। विवेक अग्निहोत्री ने सीधे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री जी, यह वीडियो आपके लिए है। मेरी फिल्म दुनिया भर में रिलीज होगी, लेकिन ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि बंगाल में इसे बैन कर दिया जाएगा। थिएटर मालिकों पर इतना राजनीतिक दबाव है कि वे फिल्म दिखाने से डर रहे हैं। इसी डर की वजह से 16 अगस्त को हमारा ट्रेलर भी सिनेमाघरों में नहीं दिखाया गया। जब हमने होटल में इसे लॉन्च करने की कोशिश की, तो पुलिस ने आकर उसे रोक दिया।' विवेक रंजन अग्निहोत्री का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता लगातार इस फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं और कई फर्जी एफआईआर भी उनके खिलाफ दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से अपील की है कि वह व्यक्तिगत और राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस फिल्म को शांतिपूर्वक रिलीज होने दें।




# सलमान खान ने नंगे पांव किए बप्पा के दर्शन

## टाइट सिक्योरिटी के साथ महाराष्ट्र के मिनिस्टर के घर पहुंचे, भीड़ के बीच भागते हुए कार तक पहुंचे



गणेशोत्सव के खास मौके पर सलमान खान ने सोमवार को महाराष्ट्र के मिनिस्टर आशीष शेलार के घर विराजमान गणपति बप्पा दर्शन किए। इस दौरान सलमान खान नंगे पैर नजर आए और हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया, जबकि उनकी सिक्योरिटी टीम ने जूते पहने हुए थे। मिनिस्टर के घर से सलमान खान के कई वीडियोज सामने आ रहे हैं। वीडियो में सलमान खान हाथ जोड़कर आशीर्वाद लेते और टीका लगवाते भी नजर आ रहे हैं सलमान खान बप्पा के दर्शन के लिए कड़ी सिक्योरिटी में पहुंचे थे, इस दौरान बॉडीगार्ड्स ने उन्हें कवर कर रखा था और सलमान खान बिना चप्पलों के भागते हुए नजर आए और कार तक पहुंचे। महाराष्ट्र के मिनिस्टर आशीष शेलार ने भी सलमान खान के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। अपने ऑफिशियल X (पहले ट्विटर) अकाउंट से आशीष शेलार ने एक्टर की तस्वीरों के साथ लिखा है, 'एक्टर सलमान खान हमारे बांद्रा वेस्ट पब्लिक गणेषोत्सव कमेटी के गणपति के दर्शन करने आए हैं।'



## एक नजर

### अयोध्या में भगवान श्री परशुराम चौक बनाने की मांग तेज



**सुलतानपुर।** परशुराम युवा वाहिनी मिशन (परशुराम चौक रजि. संगठन) ने अयोध्या में राम वन पथ मार्ग स्थित रिकाबगंज चौराहे का नाम बदलकर भगवान श्री परशुराम चौक करने की मांग उठाई है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि सुल्तानपुर जिले में डीएम आवास के पास पड़ने वाले चौराहे का नाम पहले ही भगवान परशुराम चौक रखा जा चुका है, जिसे नगर पालिका ने प्रस्ताव पास करके मान्यता भी दे दी है। अब इसी तर्ज पर अयोध्या में भी चौक का नामकरण करने की मांग की जा रही है। संगठन के जिला प्रभारी देवीप्रसाद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष पं. सुशील पांडेय, जिला महासचिव पं. देवेंद्र पांडेय, जिला सचिव पं. अमित तिवारी 'रावण', पूरा ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश उपाध्याय, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष पं. प्रभाकर शुक्ला और प्रभारी पं. धर्मराज मिश्रा ने इस मुद्दे पर लोगों को संगठित किया और नगर महापौर को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा। इस मौके पर धर्मध्वजा के अध्यक्ष पं. संतोष दुबे, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद तिवारी, अतुल तिवारी, राजन पांडेय, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, केपी तिवारी, अरुण मिश्रा, राहुल तिवारी, ऋषिकेश तिवारी, अंकित पांडेय, अमित पांडेय सहित सैकड़ों ब्राह्मण युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अयोध्या के ब्राह्मण समाज में इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगो से जुड़कर सामाजिक कार्यों में योगदान देने की इच्छा जता रहे हैं।

### दोहरे हत्याकांड में चिकित्सक पर वारंट जारी

**सुलतानपुर।** मुसाफिरखाना के भद्दौर में प्रधानी के चुनाव विवाद में ढाई साल पहले संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में मंगलवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि चिकित्सक नीरज वर्मा जिला अस्पताल गौरीगंज में तैनात हैं जो समन तामीला के बावजूद हाजिर नहीं आए तो कोर्ट ने उन पर गैर जमानती वारंट जारी किया है। अगली सुनवाई आठ सितम्बर को होगी।

### सन्तोष हत्याकांड में अन्तिम सुनवाई जारी

**सुलतानपुर।** प्रधानी चुनाव की रंजिश में दुर्घटना कर सन्तोष सिंह की हत्या करने के मामले में न्यायाधीश राकेश पांडेय की कोर्ट में अंतिम सुनवाई जारी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि बुधवार को शेष बहस होगी। आयुष्मान अस्पताल एचएएल के निकले मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिम दुआरा निवासी संतोष सिंह का दीनापुर पुल के पास 17 अक्टूबर 2021 को रोड एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी मधुलिका सिंह ने विजय प्रताप सिंह उर्फ गल्लन, उदय प्रताप सिंह और चालक पर गैरइरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

### उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई

**सुलतानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के परसीपुर निवासी मेहंदी हसन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस का व्यक्ति अनीस उसकी भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दोनों के बीच इस भूमि के संबंध में राजस्व न्यायालय और उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। उच्च न्यायालय ने इस भूमि की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। इसके बावजूद पुलिस विपक्षी की मदद कर दीवार बनवाने की कोशिश कर रही है। अब जिलाधिकारी से उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने और पुलिस को दीवार बनवाने से रोकने की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच लंभुआ तहसील के संबंधित अधिकारियों को दिया है।

### सरकारी पेड़ों को काटकर अवैध कब्जे की शिकायत

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के ग्राम निगोलिया में सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे के खिलाफ गांव के छोटेलाल यादव ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित छोटेलाल का आरोप है कि राम सिंह यादव आदि ने जंगल और बंजर खाते में अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दीवार बनाकर लिया है, जिसमें 50 वर्ष पुराने हरे पेड़ों को भी काट दिया गया। पक्षों के मध्य जिलाधिकारी की अदालत में आवासीय पट्टा निरस्तीकरण का वाद भी लम्बित है जिसकी अगली सुनवाई 12 सितंबर को नियत है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से अवैध निर्माण कार्य रोकने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले के जांच के आदेश दिए हैं और जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### जेल में बन्द आरोपी की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** अमेठी कस्बे से ई-रिक्शा की बैटरी और चार्जर चोरी के मामले में जेल में बन्द आरोपी मुन्ना उर्फ गुलाम रब्बानी को न्यायाधीश निशा सिंह ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविन्द सिंह राजा ने कहा कि बीते 23 जून की कथित घटना के 14 दिन बाद वेद प्रकाश यादव ने अज्ञात में केस दर्ज कराया जिसमें प्रतापगढ़ के सांगीपुर निवासी मुन्ना का नाम गलत ढंग से पुलिस ने शामिल किया। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने याचिका मंजूर की है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**बरेली।** अमन कमेटी की ओर से रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर में अमन और भाईचारे की स्थापना के लिए कार्य करने वाले चार लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में जनार्दन आचार्य, गुरुजी पुलिस कमांडो डॉ. सैयद शहाबुद्दीन, अभिनय रस्तोगी और सिंगर हरनीत सानू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. क़दीर अहमद ने की। संरक्षक ज्ञानी काले सिंह ने जनार्दन आचार्य, डॉ. शहाबुद्दीन, अभिनय रस्तोगी और सुशील कुमार गब्बर को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं डॉ. क़दीर अहमद ने पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सिंगर हरनीत सानू ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समा बांध दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि समाज में अमन, शांति और भाईचारे का माहौल बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सम्मानित किए गए सभी व्यक्तियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया है।

# डीएम के निरीक्षण में स्वास्थ्य महकमे की खुली पोल, अधीक्षक सहित नौ कार्मिक अनुपस्थित

## गंदगी व अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष, सीडीओ अंकुर कौशिक व प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनन्द ने सीएचसी जयसिंहपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। इस दौरान अधीक्षक सहित नौ कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मंगलवार को डीएम के औचक निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर की बदहाली उजागर हो गई। 32 में से केवल 23 स्टाफ मौजूद मिले। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र पटेल सहित नौ कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। एक्स-रे कक्ष में कार्मिक से जानकारी लेने के साथ ही मरीज मीना कुमारी से दवा उपलब्धता की जानकारी ली गई। मरीज ने बाहर से दवा खरीदने की बात कही। ड्रेसिंग रूम व दवा वितरण कक्ष में गंदगी मिलने पर डीएम ने कड़ी फटकार लगाई। स्टॉक पंजिका में भी गड़बड़ी पाई गई। जनरल व डेंगू वार्ड में अव्यवस्था मिली। मरीजों को गलत वार्ड में भर्ती करने और मेन्यू की जानकारी न होने पर चिकित्सकों को फटकार लगाई गई। साथ ही संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। लेबर रूम में अटेंडेंस राम शरण अनुपस्थित मिले व साफ-सफाई खराब पाई गई। डीएम ने निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी हालत में असुविधा न हो और अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।



### निर्माणाधीन उपनिबन्धन भवन व खाद वितरण का लिया जायजा

जयसिंहपुर तहसील के समीप बन रहे उपनिबंधन कार्यालय भवन का डीएम और सीडीओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने जेई से कंटीन के बीम की चौड़ाई के बारे में जानकारी लेते हुए उसकी माप कराई। बीम की मोटाई मानक के अनुरूप छह इंच पाई गई। निरीक्षण के दौरान मेट और ठेकेदार मौजूद नही थे। अधिकारियों ने भवन निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सरिया, ईंट और कंक्रीट के गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्माण में प्रयोग होने ईंट परीक्षण के लिए साथ ले गए। बगल में सहकारी समिति अठैसी पर यूरिया वितरण की भी अधिकारियों ने जांच की। यहां किसानों से वार्ता कर खाद के दाम की जानकारी ली। किसानों ने सरकारी रेट पर खाद दिए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रभात कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार मयंक मिश्र, रजिस्ट्रार आदित्य जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### दबंगो ने पत्रकार को पीटा, पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**कूरेभार-सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ऐनपुर गांव में एक दैनिक अखबार के पत्रकार अपनी जमीन पर निर्माण करवा रहे थे। तभी पड़ोस के किराए पर रहे दबंगो ने लाठी डंडे से उनकी पिटाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया तो जान बची।

घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के ऐनपुर गांव से सम्बंधित है। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे गांव निवासी श्याम सुन्दर विश्वकर्मा अपने घर पर बनी नीव पर दीवाल बना रहे थे। तभी पड़ोस के उदयराज सिंह के किरायेदार जितेंद्र सिंह, रिंकी, आयुषी, आयुष सिंह के साथ मेली मददगार अवधेन्द्र सिंह समेत तीन अज्ञात लोगों ने लाठी, डंडा, लोहे की राड से पिटाई कर दी। पीड़ित अपनी जान बचाकर घर में घुस गया, लेकिन दबंगो ने उसे घर में घुसकर जमकर पीटा। शोर शराबा होने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय दोनों पक्ष का शांतिभंग में चालान कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया।

## डेढ़ माह से लापता किशोर का सुराग नहीं, एसपी से गुहार



**सुलतानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र के भेरौरा गांव का एक किशोर डेढ़ माह से लापता है। मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक पुलिस खाली हाथ है। थक-हारकर पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है।

गांव निवासी बलिराम यादव पुत्र रामजस यादव ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि उनका बेटा आर्यन यादव 11 जुलाई 2025 की सुबह करीब 10 बजे यह कहकर साइकिल से घर से निकला था कि वह किंदीपुर बाजार जा रहा है। लेकिन दोपहर 1 बजे तक उसके घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और खोजबीन शुरू की, मगर कोई पता नहीं चला। थककर परिजनों ने 15 जुलाई को थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। हालांकि डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी आर्यन का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित पिता बलिराम यादव ने एसपी से कार्रवाई कर बेटे को खोजने की मांग की है। वहीं, लापता किशोर की मां रोशनी का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** अभियोजन पक्ष का गवाह नहीं आने से अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। पीड़ित पक्ष से वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मामले को 15 सितम्बर के लिए फिर नियत किया है।

कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर छह अगस्त 2023 को दीवानी कोर्ट के अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका भाई मुनव्वर घायल हुआ था। हत्याकांड का मुख्य आरोपी सिराज अहमद कुर्की के बावजूद हाजिर नही हुआ। आरोपी इकरामुद्दीन, प्रिन्स उर्फ इस्माइल, सोहराब, शहजाद, शमीम, मेराज, सलमान और अख्तुरन निशा चार्जशीटेड हैं।

## सत्ता पक्ष का काम तमाम करेगा राहुल गांधी का बुलेट अवतार : फिरोज खान

### वोटर अधिकार यात्रा से उमड़ा जनसैलाब, बदलाव की बयार का साफ संकेत

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश सचिव फिरोज अहमद खान ने कहा है कि वोटर अधिकार यात्रा के बाद राहुल गांधी का बुलेट अवतार विपक्ष के लिए सिरदर्द बन चुका है। बिहार ही नहीं, अब देश के किसी भी कोने में होने वाले चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की ताक़त भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी।

बिहार दौरे से लौटने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए सुल्तानपुर विस से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रहे फिरोज अहमद खान ने कहा कि हाल ही में वोट चोरी का खुलासा होने के बाद कांग्रेस, रालोद समेत इंडिया गठबंधन के कई सहयोगी दलों ने मिलकर वोटर अधिकार यात्रा निकाली। इस यात्रा में जिस तरह से जनता का सैलाब उमड़ा, वह बदलाव का साफ संकेत है। उन्होंने कहा कि झूठ, फरेब औरव गाली-गलौज की राजनीति से देश की जनता ऊब चुकी है। अब जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। राहुल गांधी का नेतृत्व सिर्फ विपक्ष ही नहीं, बल्कि पूरे देश में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। फिरोज खान ने आगे कहा कि वोटर अधिकार यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि अब देश की राजनीति जनाधिकारों और मुद्दों पर होगी, न कि नफरत और झूठ पर। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह बिहार में इस यात्रा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला, उसी तरह पूरे देश में राहुल गांधी का यह नया रूप भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व का अंत कर देगा।

# दियरा में बंदर ने फैलाई दहशत, आधा दर्जन घायल

» खाकी वर्दी देखते ही हो जा रहा खूंखार, धर पकड़ तेज





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** दियरा बाजार में पिछले एक हफ्ते से एक बंदर का आतंक बना हुआ है। अब तक आधा दर्जन महिला-पुरुष उसके हमले का शिकार होकर घायल हो चुके हैं। वन विभाग ने बाजार में पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने के लिए शिकारियों की टीम तैनात की है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है।

बताया जाता है कि श्रीकृष्ण बरही महोत्सव के दौरान एक लंगूर बंदर बाजार में आकर डेरा जमाए हुए है। इसके बाद से वह लगातार लोगों पर हमला कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खाकी वर्दी देखकर बंदर और भी आक्रामक हो जाता है। एक दिन तो वह पुलिस की गाड़ी पर काफी देर तक बैठा रहा और एक सिपाही को दौड़ा भी लिया।

मंगलवार की सुबह दियरा कोड़रिया गांव की सीमा शुक्ला अपने पति महोबा शुक्ला के साथ बाइक से विद्यालय जा रही थीं। रास्ते में अचानक बंदर ने उन पर हमला कर दिया, जिससे दोनों बाइक से गिर पड़े। सीमा शुक्ला के सिर में गंभीर चोट आई और उन्हें जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। वन वाचर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार से ही बाजार में पिंजरा लगाया गया है। वहीं वन दरोगा चंद्र प्रकाश ने कहा कि पकड़ी गांव के शिकारियों की टीम को लगाया गया है और बंदर को पकड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## सुलतानपुर संकुल का एकदिवसीय संगीत प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**सुलतानपुर।** विद्या भारती काशी प्रांत के अंतर्गत सुल्तानपुर संकुल का एकदिवसीय संगीत प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, सिरवारा मार्ग, सुल्तानपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में काशी प्रांत के संगीत प्रभारी भरत सिंह, प्रांत संयोजक दीनबंधु सिंह तथा संकुल संयोजक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संगीत के विविध आयामों का प्रशिक्षण प्रदान किया। विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 14 संगीत शिक्षकों ने इस वर्ग में सक्रिय भागीदारी की। प्रमुख रूप से श्रीमती रोली श्रीवास्तव, मांडवी द्विवेदी, प्रियंका पांडेय, नीतू श्रीवास्तव, निहारिका श्रीवास्तव, लक्ष्मी शर्मा, दयाशंकर सिंह सहित अन्य संगीत शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी आचार्यों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।



## सांसद के स्थाई कार्यालय और प्रतिनिधि न होने पर जदयू का हल्ला बोल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के सांसद राम भुवाल निषाद के स्थाई कार्यालय और अधिकृत प्रतिनिधि न होने तथा जिले से लगातार लापता रहने को लेकर जदयू ने विरोध जताया है। प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ओम प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में मंगलवार को जदयू पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

» जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि सांसद निर्वाचित होने के बाद से अब तक जिले में न तो उनका स्थाई कार्यालय स्थापित किया गया है और न ही किसी प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। सांसद की अनुपस्थिति से जिले की जनता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रही है और जनसमस्याएं अनसुनी पड़ी हैं।

जदयू नेताओं ने राष्ट्रपति से मांग की है कि स्थिति का संज्ञान लेते हुए सुलतानपुर में सांसद का कार्यालय, स्थाई प्रतिनिधि और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, जिससे जनता को न्याय मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान जदयू के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सलारपुर में मलेरिया का मामला, स्वास्थ्य विभाग ने की जांच

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** सलारपुर गांव में मलेरिया का एक मरीज मिलने से ग्रामीणों में चिंता फैल गई। 28 वर्षीय महबूब उर्फ मोनू मलेरिया से पीड़ित पाए गए हैं, जिनका जिला अस्पताल सुलतानपुर में उपचार चल रहा है। मंगलवार को जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल टीम गांव पहुंची। डॉ दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मी देवी प्रसाद तिवारी और आलोक ने गांव में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराया और लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए। साथ ही संभावित संक्रमण की रोकथाम के लिए 72 ग्रामीणों के रक्त नमूने जांचे गए, जिनमें कोई अन्य व्यक्ति संक्रमित नहीं पाया गया। डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## मणिमहेश से लौटे तीर्थयात्रियों ने की सामूहिक आरती

» बाबा जनवारीनाथ में सोमवार को लगे हर-हर महादेव के जयकारे

» रजत मुकुट से हुआ श्रृंगार, डोले चंवर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लंभुआ-सुलतानपुर।** प्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम में सोमवार को साप्ताहिक संध्याकालीन आरती में मणिमहेश यात्रा से लौटे तीर्थयात्री शामिल हुए। रजत मुकुट से सुसज्जित बाबा जनवारीनाथ को पूरे कार्यक्रम के दौरान शिवभक्त चंवर डुलाते रहे। बाद में प्रसाद वितरण के साथ यह साप्ताहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दो वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सोमवार की शाम को बाबा जनवारीनाथ धाम में मंगल आरती का आयोजन बाबा जनवारीनाथ धाम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। आरती के प्रधान आचार्य रवि शंकर शुक्ल की अगुवाई में सोमवार को साप्ताहिक आरती के लिए पूजन शुरू हुआ। इस बार मुख्य यजमान के रूप में मणिमहेश (हिमांचल प्रदेश) से लौटे तीर्थयात्रियों मनोज अग्रहरि, शिवम बरनवाल, संस्कार अग्रहरि, जितेन्द्र सरोज, कुंभराज जायसवाल, अभिषेक सोनी, सुरेश मौर्य, अनमोल मौर्य, अंकित अग्रहरि ने पूजन के बाद भगवान गणेश, नंदी जी महराज की भी पूजा अर्चना की। इसके बाद रुद्राष्टक का सस्वर पाठ किया गया। रुद्राष्टक से पहले दूध, दही और पंचामृत स्नान के बाद बाबा का सुंदर श्रृंगार किया गया। कई तरह के प्रसाद भी वितरित किए गए। मौके पर आचार्य पं राहुल तिवारी, पं. सौरभ मिश्र, पं आशीष, पं. सुधांशु तिवारी, पं विपिन शुक्ल आदि की टोली ने सस्वर शिव आरती का पाठ किया। इस मौके पर ट्रस्ट के शिवम अग्रहरि, चेतन कसौंधन, आशीष बरनवाल, राम भारत मिश्र, रमा शंकर मिश्र, हिमांशु, रणबीर सिंह, प्रमोद मिश्र, गया प्रसाद मिश्र सहित सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे।

# उपभोक्ता हितों की लड़ाई को मिलेगी नई ताकत

» अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत (आरएसएस) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष-विधि प्रकोष्ठ का दीवानी न्यायालय परिसर में सोमवार को भव्य स्वागत-अगवानी हुई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर संगठन की नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान परिसर में बजरंगबली का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य विनय सिंह टिल्लू ने विधि प्रकोष्ठ प्रमुख धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू को श्रीबालाजी महाराज का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम बृजेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जेपी सिंह और मनीष श्रीवास्तव की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।इस मौके पर एडीजीसी संजय सिंह, अजय सिंह, आरिफ हाशमी, शिवकुमार सिंह समेत अधिवक्ता संदीप गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सहित एबीजीपी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार और आगामी अभियानों पर भी चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने भरोसा जताया कि ग्राहक पंचायत के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई और मजबूत होगी।

**कार्रवाई** बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर कार्रवाई की अफसरों ने दी चेतावनी

# संयुक्त टीम की छापेमारी से पेट्रोल पंप मालिकों में हड़कंप

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा नियमों को कड़ाई से लागू कराने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देशन में जिला पूर्ति विभाग और आरटीओ विभाग की संयुक्त टीम ने शहर और ग्रामीण इलाकों के पेट्रोल पंपों पर अचानक छापेमारी की।

जिला आपूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य और आरटीओ विभाग के पीटीओ शैलेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान पंपों पर पहुंचकर गहन जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब किसी भी बाइक सवार को बिना हेलमेट पेट्रोल मिलने पर पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान चल रहा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त छापेमारी की इस कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया है। कई स्थानों पर अचानक निरीक्षण से पंप कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

प्रशासन का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य न केवल हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित कराना है बल्कि आम जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देना भी है।

## एक नजर

### एक दिन दुनिया कहेगी मेड इन इंडिया, ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भले ही सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भारत की यात्रा देरी से शुरू हुई है, लेकिन अब कोई भी ताकत हमें रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने यहां द्वारका स्थित यशोभूमि में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है।' मोदी ने आगे कहा, 'एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'

### आप विधायक पुलिस हिरासत से फरार

**चंडीगढ़।** पंजाब की सन्नौर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए हैं। मंगलवार सुबह उन्हें हरियाणा के करनाल के डाबरी गांव से हिरासत में लिया था। पुलिस उन्हें पटियाला के रास्ते पंजाब के थाने ले जा रही थी, जहां रास्ते में पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी और गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पठानमाजरा और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में फरार हो गए। इनमें से पुलिस ने फॉर्च्यूनर समेत एक युवक को पकड़ लिया है। फॉर्च्यूनर से 3 पिस्टल मिली हैं। पुलिस टीम स्कॉर्पियो में फरार विधायक का पीछा कर रही है।

### पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 की मौत

**नयी दिल्ली।** पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।

### दिल्ली दंगों में दो की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली दंगे साजिश केस में उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने सात और आरोपियों की जमानत याचिकाएँ खारिज कर दीं। नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में 23 फरवरी 2020 को हिंसा भड़की थी। यह हिंसा नागरिकता संशोधन कानून को लेकर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच टकराव के बाद हुई थी। इस दंगे में 53 लोग मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। आरोपियों ने निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद हाई कोर्ट का रुख किया था। उनका कहना था कि वे चार साल से ज्यादा जेल में हैं और ट्रायल बहुत धीमी गति से चल रहा है, इसलिए उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन अन्य आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, उसी आधार पर उन्हें भी राहत दी जानी चाहिए।

### कर्नाटक धर्मस्थल विवादः ईडी ने जांच शुरू की

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने कर्नाटक के धर्मस्थल विवाद में विदेशी फंडिंग के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि इन फंड्स का इस्तेमाल साम्प्रदायिक साजिशों को बढ़ावा देने के लिए किया गया। सूत्रों के मुताबिक ईडी सभी संबंधित संस्थाओं, पक्षों और कुछ गैर-सरकारी संगठनों से जुड़े दस्तावेज और तथ्य जुटा रही है। जिन पर विवाद भड़काने के लिए विदेशी फंडिंग लेने का आरोप है उन पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत की जा रही है। अगर नियमों के उल्लंघन तथा अवैध उपयोग के सबूत मिलते हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एएआई के सीनियर मैनेजर को किया गिरफ्तार

**देहरादून।** सीबीआई ने 28 अगस्त को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर को गिरफ्तार किया। मैनेजर पर आरोप है कि उसने सरकारी खातों से 232 करोड़ रुपए अपने निजी अकाउंट में डाल लिए। वह देहरादून एयरपोर्ट पर तैनात था। आरोपी मैनेजर ने साल 2019 से 2023 तक आधिकारिक और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और नकली कागज बनवाकर पैसों को अपने निजी अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। 28 अगस्त को सीबीआई ने जयपुर में आरोपी के घर और दफ्तर पर छापेमारी के दौरान केस से जुड़े कई जरूरी दस्तावेज जब्त किए। मामले की शिकायत एयरपोर्ट अथॉरिटी ने की थी। केस में अभी सीबीआई जांच कर रही है।

### दिल्ली में अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की सराय रोहिल्ला थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को एक अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया और हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से छापेमारी के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 6 देसी पिस्टल, 12 बिना स्कू वाली देसी पिस्टल और 250 से ज्यादा पिस्टल का कच्चा माल जब्त किया है।

### ग्राउंड हैंडलिंग ऑपरेशन के लिए पहली बार सुरक्षा मंजूरी

**नयी दिल्ली।** डीजीसीए ने सोमवार को एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग ऑपरेशन के लिए पहली सुरक्षा मंजूरी दी। इस कदम को भारत में विमानन सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एयर इंडिया को यह मंजूरी उसके सिक्योरिटी मैनेजमेंट सिस्टम, रिस्क कंट्रोल, रिपोर्टिंग सिस्टम, ट्रेनिंग और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच के बाद मिली। इसके साथ ही, भारत एशियन-पैसिफिक रीजन में मलेशिया के बाद आईसीएओ के दिशानिर्देशों के अनुरूप इस तरह के व्यापक ढांचे को लागू करने वाला दूसरा देश बन गया है।

# डेडलाइन वाले ट्रेड डील पर हम वार्ता नहीं करते

## अमेरिका को भारत से फिर दो टूक जवाब, खींच दी नयी सीमा रेखा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति न बनने पर खिसियाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सोमवार को एक बार फिर भारत को निशाने पर लिया था। ट्रंप ने कहा कि भारत अब टैरिफ कम करने की पेशकश कर रहा है, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है। इसके एक दिन बाद अब भारत ने एक बार फिर उन्हें दो टूक जवाब दिया है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा है कि भारत डेडलाइन वाले ट्रेड डील पर कभी चर्चा नहीं करता है।

पीयूष गोयल ने अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर भारत के दृष्टिकोण पर बातचीत करते हुए हुए कहा कि भारत जल्दबाजी में समझौते करने के लिए दबाव में काम नहीं करता। उन्होंने कहा, ₹हम कभी भी समय-सीमा वाले व्यापार समझौतों पर बातचीत नहीं करते। हम सिर्फ अच्छे और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौतों पर ही बातचीत करते हैं।₹

पीयूष गोयल ने आगे कहा कि भारत अपने सभी समझौतों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ₹हम एक समान और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए हमेशा तैयार हैं।₹ केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान यह पुष्टि भी की है कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रहा है। गोयल ने कहा, ₹अभी बहुत कुछ हुआ है, अभी बहुत कुछ होना बाकी है। बीटीए के लिए अमेरिका के साथ हमारी बातचीत जारी है।'' गौरतलब है कि भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। हालांकि 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है। इसके बाद अभी





तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है। गोयल ने कार्यक्रम में यह भी कहा है कि भारत ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और अन्य देशों के साथ संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाने के बाद भी भारत बातचीत के लिए तैयार है। भारत अन्य देशों जैसे यूरोपीय संघ, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ओमान के साथ भी व्यापारिक समझौते कर रहा है। इस तरह भारत ने अमेरिका के सामने साफ लकीर खींच दी है। उसने साफ कर दिया है कि वह किसी भी सूरत में दबाव में आकर कोई खराब समझौता नहीं करेगा।

पीयूष गोयल का कहना था कि भारत पर समझौते को जल्दबाजी में पूरा करने का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा एक न्यायसंगत और आपसी लाभ वाले व्यापार सौदे के लिए तैयार हैं।

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। गोयल ने यह भी बताया कि भारत अमेरिका के साथ बीटीए पर बातचीत कर रहा है। इस समझौते पर बातचीत मार्च में शुरू हुई थी। अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन, 27 अगस्त से अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाने के बाद अमेरिका ने 25 अगस्त को होने वाली छठे दौर की यात्रा को स्थगित कर दिया।

पीयूष गोयल के मुताबिक भारत यूरोपीय संघ, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ओमान जैसे देशों के साथ भी नए व्यापारिक समझौते कर रहा है। उसने ईएफटीए ब्लॉक, ब्रिटेन, यूएई के साथ पहले ही समझौते कर लिए हैं। गोयल ने कहा कि बहुत कुछ हुआ है और बहुत कुछ होना बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वैश्विक विकास में 18% का योगदान देता है।

भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की उम्मीद कर रहा है। इसके लिए भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ को हटाना जरूरी है। ब्लूमबर्ग ने भी बताया कि अनौपचारिक बातचीत चल रही है और भारत की तत्काल जवाबी कार्रवाई करने की कोई योजना नहीं है। अमेरिका की ओर से 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बाद भारतीय निर्यातकों को एक बड़ा झटका लगा है। इससे कुल टैरिफ बढ़कर 50% हो गया है। यह कदम भारत की ओर से रूसी तेल के आयात के कारण उठाया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत पर यूक्रेन में रूस के युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक मदद देने का आरोप लगाया है।

# अफगानिस्तान में फिर भूकंप, अब तक 1400 की मौत

## भारत ने 15 टन खाने का सामान और 1000 टेंट भेजे

**एजेंसी**

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा।

2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी।पीएम नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में आए भूकंप पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना



करते हैं। भारत हरसंभव मदद देने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है। एक्सपर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब

्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) की इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं, चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

# सीमा जागरण मंच महानगर कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

## सत्यनारायण गायत्री को महानगर प्रमुख की जिम्मेदारी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**देहरादून।** सोमवार को सीमा जागरण मंच महानगर की बैठक संघ कार्यालय धर्मपुर में आयोजित कार्यकर्ता परिचर्चा संवाद कार्यक्रम में विभाग प्रचारक धनंजय ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा भारत की भौगोलिक भारतीयता पर विचार विमर्श करते हुए कहा अनुभव जागरुकता से सीमा जागरण के उद्देश्य कार्य सीमा दर्शन सीमांत क्षेत्रों में युवाओं की राष्ट्र जागरण भागीदारी सुनिश्चित होगी और सीमांत के क्षेत्र लोग आत्मनिर्भर व सशक्त होंगे

मंच के संगठनकर्ता आशीष वाजपेयी ने महानगर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीमा जागरण मंच के उद्देश्य एवं कार्य से अवगत कराते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य है सीमा जागरण मंच राष्ट जागरण में युवाओं की भागीदारी अधिक हो इसी कड़ी में महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा युवा प्रमुख सत्यनारायण गायत्री के



नेतृत्व में युवाओं को राष्ट्र भक्ति से जोड़ने के लिए स्कूल कॉलेज महाविद्यालयों में अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ा जाएगा साथ में देहरादून में महानगर मंत्री मोहन दीक्षित को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई

मंच का संचालन मितेश सेमवाल ने किया इस दौरान प्रांत संपर्क प्रमुख संजीव कुमार गुप्ता प्रांत कार्यकर्ता मितेश सेमवाल अतुल डिमरी नगर प्रचारक योगेंद्र आशीष राय अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# चीन में पाक नेताओं का जमावड़ा

## पीएम शहबाज संग आर्मी चीफ मुनीर भी, लगायी जा रहीं अटकले



**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन में पाकिस्तानी नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो एससीओ समिट में हिस्सा लेने पहुंचे ही थे। पाकिस्तान आर्मी के चीफ असीम मुनीर भी वहां पहुंच चुके हैं। जब मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले तो वहां पर असीम मुनीर भी मौजूद थे। इतना ही नहीं, इस दौरान पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार भी वहां मौजूद थे। यह मुलाकात एससीओ सम्मेलन खत्म होने ठीक अगले दिन हुई है। गौरतलब है कि इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चीन गए थे। एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले और आतंकवाद को लेकर एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी हुआ था। यह भारतीय लिहाज से काफी अहम था, क्योंकि इसमें पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र हुआ।

असीम मुनीर पाकिस्तान के सबसे ताकतवर लोगों में शुमार हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर का प्रमोशन कर दिया गया था। उन्हें फील्ड मार्शल का पद दिया गया है। मुनीर का दावा था कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने पूरा जवाब दिया था। वह उस पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे, जिसने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। अब वह बुधवार को द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चीनी सेना की एक भव्य परेड में शामिल होंगे।

# हर परिवार की एक महिला को मिलेंगे 10 हजार

## ग्रामीण विकास विभाग को मिले 20 हजार करोड़, नीतीश कैबिनेट में 48 प्रस्ताव मंजूर

**संजय सिंह**

**पटना।** राज्य मंत्रिमंडल ने "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के तहत प्रदेश के सभी परिवारों की एक-एक महिला को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए दस-दस हजार रूपये की राशि उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराने के मद्देनजर ग्रामीण विकास विभाग की मांग पर 20 हजार करोड़ रूपये उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही, राज्य में सात नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कुल 3233 नए पदों के सृजन को भी मंत्रिमंडल की हरी झंडी मिल गई है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 48 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विगत स्वंत्रता दिवस के मौके की गई घोषणा के अनुसार राज्य में सात नए मडिकल कॉलेजों की स्थापना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की बात कही थी। ये सात नए मेडिकल कॉलेज बिहार के किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में स्थापित किये जाएंगे। इतना ही नहीं, राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न खेलों से जुड़े श्रेष्ठ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्यस्तर पर उनके प्रदर्शन और उपलब्धियों के आधार पर वेतनमान और पदों पर नियुक्ति के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है। इसके अलावा सरकार ने युवाओं, महिलाओं, वृद्धों के साथ-साथ राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हित में कई अन्य फैसले लिए हैं।

मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के सम्बंध में जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य में बड़े पैमाने पर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग को कुल 20 हजार करोड़ रूपये की राशि आकस्मिक निधि से उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी स्वीकृति से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता के रूप में राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए शुरुआत में दस हजार रूपये की राशि दी जा रही है। इसके बाद इन महिलाओं के रोजगार का आकलन करने के बाद उन्हें दो लाख रूपये तक की राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

श्री चौधरी ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में कुल 3233 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत नवस्वीकृत 40 आवासीय विद्यालयों में जमा-दो तक के नए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कुल 1800 पदों के सृजन को अपनी मंजूरी दी गई है।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जमा-दो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक पदों यथा प्रधानाध्यापक के 40, विद्यालय अध्यापक (कक्षा 11-12) के 760, कक्षा 6 से 10 तक के अध्यापक के 360, कक्षा 1-5 के लिए कुल 280 और गैर शैक्षणिक कुल 360 पदों अर्थात कुल 1800 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है।

### अब गृह रक्षकों को 1,121 रूपये दैनिक भत्ता



बिहार गृह रक्षा वाहिनी के गृह रक्षकों के दैनिक भत्ता में वृद्धि के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अपनी हरी झंडी दिखा दी है। अबतक गृह रक्षकों को कर्तव्य भत्ता व प्रशिक्षण भत्ता के रूप में प्रतिदिन 774 रूपये दिए जाते थे। जिसे बढ़ाकर अब 1,121 रूपये कर दिया गया है।

### सिंगापुर के पीएम लॉरेंस तीन दिन भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की आज से शुरू हो रही भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा को राजनयिक नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है। श्री वोंग अपनी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शाम को यहां पहुंचेंगे।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह बुधवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच कौशल विकास , डिजिटल सहयोग , विमानन , अंतरिक्ष और जहाजरानी क्षेत्र में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। श्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच भविष्य की भागीदारी को लेकर संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया जा सकता है। श्री

# हिमाचल में रेड अलर्ट, पांच एनएच और 1334 सड़कें बंद, रेल सेवा सस्पेंड

## कुल्लू-मंडी में 2 बिल्डिंग गिरीं, दो की मौत, पहाड़ी से गिरते पत्थरों के नीचे से गुजरी कारें, दो हजार वाहन फंसे

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को भी भारी बारिश जारी रही। सूबे में भारी बारिश से हालात बेहद खराब हो गए हैं। भारी बारिश के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गई है। 5 राष्ट्रीय राजमार्ग और 1,334 सड़कें बंद हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुल्लू और मंडी में लगभग 2 हजार वाहन जहां तहां फंस गए हैं। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ इलाकों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

मंडी जिला के सुंदरनगर के जंगम बाग बीबीएमबी कॉलोनी में आज शाम के वक्त लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में 2 घर आ गए। इससे तीन लोगों के मलबे में दबने की सूचना है। एक बच्ची और उसकी मां को सुरक्षित मलबे से निकाल दिया गया है। वीडियो में लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। कुल्लू के आनी बस स्टैंड में सुबह पौने 10 बजे 2 मंजिला मकान भरभराकर 2 सेकेंड में नीचे गिर गया। कुल्लू में भुंतर-मणिकरण रोड पर दोपहर में नीचे से गुजरती गाड़ियों के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे। हालांकि गनीमत रही कि किसी गाड़ी पर पत्थर नहीं गिरा।

कुल्लू के ढालपुर में आज सुबह 11.30 बजे एक मकान लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 2 लोग दब गए। इसमें से एक महिला की मौत हो गई। सोलन के बरोटीवाला में बीती रात में मकान की दीवार गिरने से घर पर सो रही



महिला की मौत हो गई। सोलन के ही अर्की में भी भारी बारिश से एक मकान जमींदोज हो गया।

मंडी के करसोग में दोपहर 1 बजे 12 कमरों का मकान चंद सेकेंड में जमींदोज हो गया। बिलासपुर में भी आज 7 मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आई। इसके बाद इन्हें खाली कराया गया। उधर, मंडी में गुरुद्वारा के पास सोमवार देर रात पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने से 4 मकान को नुकसान पहुंचा। पत्थर गिरने की आवाजें सुनकर कॉलोनी के 200 से ज्यादा लोग अपने घरों को छोड़कर भागे। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची रही। इन लोगों ने रिश्तेदारों के घर और मंदिर में रात बिताई। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर दवाड़ा में फिर से ब्यास का पानी सड़क पर बहने लगा। किन्नौर के नाथपा में रात डेढ़ बजे पहाड़ी से बड़े बड़े पत्थर गिरने से पांच गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। उधर किन्नौर और लाहौल स्पीति की अधिक ऊंची चोटियों पर आज फिर से बर्फबारी रिकॉर्ड हुई। भारी बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए आज प्रदेशभर में शिक्षण संस्थान बंद रहे। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 14 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और वज्रपात के साथ भारी से ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के कुछ हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उना, बिलासपुर और हमीरपुर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश में 5 राष्ट्रीय राजमार्ग और 1,334 सड़कें बंद हैं। हिमाचल के मंडी में सबसे ज्यादा 281 सड़कें बंद हैं। मंडी में 281, शिमला में 255, चंबा में 239, सिरमौर में 139 और सोलन में 46 सड़कें बंद हैं। कुल्लू में एनएच-3 और एनएच-305, किन्नौर में एनएच-5, मंडी में एनएच-3 और सिरमौर में एनएच-707 यातायात के लिए ठप पड़े हैं।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट से 2 .56 करोड़ का सोना जब्त

**अहमदाबाद।** एयरपोर्ट के कस्टम विभाग ने सोमवार की शाम तीन पैसेंजर्स से 2.56 करोड़ रुपए की कीमत का 2.65 किग्रा सोना जब्त किया है। इस मामले में दुबई से अहमदाबाद आए तीन पैसेंजर्स को 1962 एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकारियों ने शक होने पर इंडिगो की फ्लाइटड से अहमदाबाद पहुंचे एक पुरुष और दो महिला यात्रियों को रोका। जांच में पता चला कि तीनों ने अपने मोजों में सिल्वर कलर के पाउड में कुछ छिपा रखा है। जब मोजे उतरवाकर जांच की गई तो पता चला कि 6 पैकेट्स में सोने का पेस्ट बनाकर रखा गया था। कुल सोने का वजन 2.650 किग्रा निकला। इसकी मार्केट वैल्यू 2.56 करोड़ रुपए के करीब आंकी गई है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com